4 रायपुर संभाग
किसान जागरूक होकर दलहन, तिलहन, फसलों की ओर कर....

6 अभिमत
कनाडा चुनाव में आप्रवास मुद्दा

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
तनाव और खराब जीवनशैली बनी रीढ़ की समस्याओं का...

10 संस्कारधानी
गाड़ी फंसी तो करनी पड़ी कार्रवाई : खनिज इंस्पेक्टर-तहसीलदार...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-58 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सेवानिवृत्त आईएएस को राज्य सरकार ने दिया कैबिनेट मंत्री का दर्जा



**रायपुर।** सेवानिवृत्त आईएएस अफसर को राज्य सरकार ने कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से आदेश जारी कर दिया गया है। जीएडी से जारी आदेश के अनुसार सेवानिवृत्त आईएएस आरएस विश्वकर्मा को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। विश्वकर्मा को राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अध्यक्ष के नाते यह दर्जा दिया है।

### भगवान वाल्मीकि ने शिक्षा को समाज की तरक्की का मार्ग बताया : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने शिक्षा को समाज की तरक्की का मार्ग बताया और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम दिल्ली के हर बच्चे को सबसे शानदार शिक्षा दे रहे है। आतिशी ने यहाँ पंचकुइयाँ रोड स्थित वाल्मीकि मंदिर में जाकर उनके दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि वो भगवान है, जिनके हाथ में कलम है। भगवान वाल्मीकि के हाथ में जो कलम है, वह इस बात का प्रतीक है कि, समाज में चाहे कोई कितना भी पीछे खड़ा हो, लेकिन शिक्षा के माध्यम से आगे जरूर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने शिक्षा को समाज की तरक्की का मार्ग बताया और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम दिल्ली के हर बच्चे को सबसे शानदार शिक्षा दे रहे है क्योंकि शिक्षा समाज की तरक्की का सबसे बड़ा साधन है।

### लगातार तीसरे दिन लुढ़का शेयर बाजार



**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 494.75 अंक की गिरावट लेकर 81,006.61 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 221.45 अंक कमजोर होकर 24,749.85 अंक रह गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.65 प्रतिशत टूटकर 47,844.59 अंक और स्मॉलकैप 1.42 प्रतिशत लुढ़ककर 56,589.05 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2690 में बिकवाली जबकि 1272 में लिवाली हुई वहीं 102 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य नौ में तेजी रही।

# सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार रखी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6-ए की संवैधानिक वैधता बरकरार रखते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिका गुरुवार को बहुमत के फैसले से खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से कानूनी प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पार्दीवाला ने बहुमत के विचार से असहमति जताई। मुख्य न्यायाधीश ने फैसले का अंश पढ़ते हुए कहा कि प्रावधान के उद्देश्य को बंगलादेश युद्ध के बाद की पृष्ठभूमि में समझा जाना चाहिए। संविधान पीठ की ओर से उन्होंने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान था और धारा 6ए विधायी समाधान है। उन्होंने कहा कि धारा 6-ए मानवीय चिंताओं और स्थानीय आबादी की सुरक्षा की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाने के लिए लागू की गई थी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून घरेलू कानूनों को मात नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि धारा 6ए संवैधानिक रूप से वैध है। यह एक वैध कानून है। पीठ ने कहा, धारा 6ए उन लोगों से संबंधित है जो संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं, यानी वे लोग जो 26 जुलाई, 1949 के बाद पलायन कर गए। गौरतलब है कि धारा 6-ए 15 अगस्त, 1985 को असम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद शामिल किया गया था। धारा 6ए के तहत जो लोग एक जनवरी 1966 और 25 मार्च, 1971 के बीच भारत में प्रवेश कर चुके हैं और असम में रह रहे हैं, उन्हें भारत के नागरिक के रूप में खुद को पंजीकृत करने की अनुमति होगी। शीर्ष अदालत ने 12 दिसंबर 2023 को सुनवाई पूरी होने के बाद इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## कानून व्यवस्था को सख्त करने और अपराधों पर नकेल कसने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बुलाई आपात बैठक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बड़ी घटनाओं ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार को परसा कोल ब्लॉक क्षेत्र में ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुए हिंसक संघर्ष के बाद सरकार सतर्क हो गई है। इससे पहले बलौदाबाजार, कवर्धा के लोहारीडीह, और सूरजपुर में भी गंभीर घटनाएं सामने आईं। सूरजपुर में एक पुलिसकर्मी की पत्नी और बेटी की निर्मम हत्या ने राज्य में कानून व्यवस्था पर चिंता बढ़ा दी है। इसके पहले भी बलरामपुर में दिनदहाड़े 6 करोड़ की लूट हुई थी। इन घटनाओं के मद्देनजर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को गृह विभाग की आपात बैठक बुलाई है। यह बैठक सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास में होगी, जिसमें उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), और राज्य के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में राज्य में कानून व्यवस्था, नक्सल विरोधी अभियानों, और हालिया घटनाओं की समीक्षा की जाएगी। विशेषकर सूरजपुर की घटना के बाद यह बैठक अत्यधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## तेरह मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री सैनी ने ली शपथ

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 13 मंत्रियों के साथ शपथ ली। पंचकुला के दशहरा मैदान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में हुए समारोह में राज्यपाल बंडारु दत्तात्रय ने मुख्यमंत्री सैनी सहित उनके 13 मंत्रियों को शपथ दिलाई। सैनी के साथ मंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में अनिल विज, कृष्णलाल पँवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढाँडा, विपुल गोयल, अरविन्द कुमार शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, आरती सिंह, राजेश नागर और गौरव गौतम शामिल रहे।

## भारतीय अपराधियों को शरण देता है कनाडा, ट्रूडो की कथनी करनी में अंतर

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने कनाडा द्वारा भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाये रखने का आज आरोप लगाया और कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की कथनी और करनी में अंतर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कहा, भारत की ओर से प्रत्यर्पण के 26 अनुरोध कनाडा पक्ष के पास लंबित हैं, ये पिछले दशक या उससे अधिक समय से लंबित हैं। इसके साथ ही कई वांछित अपराधियों गिरफ्तारी के अनुरोध भी हैं जो कनाडा सरकार के पास लंबित हैं।

## छोटे किसानों के लिए कृषि को लाभकारी बनाने पर जोर

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि छोटे किसानों के लिए कृषि को लाभकारी बनाने पर जोर दिया जाएगा। सिंह ने यहां किसान और किसान संगठनों से मुलाकात के अपनी साप्ताहिक कार्यक्रम के बाद कहा कि किसानों से खेती से संबंधित कई विषयों पर गंभीरता से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों ने एक-दो या ढाई एकड़ ज़मीन वाले किसानों को लाभकारी खेती के लिए मॉडल कृषि फार्मिंग के प्रशिक्षण पर ज़ोर दिया है। चौहान ने कहा कि किसानों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उनके समाधान का प्रयास किया जायेगा। इनमें से राज्यों को संबंधित विषय भेजेंगे और केंद्र सरकार के विषयों पर विभाग कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों से संवाद बहुत उपयोगी? है और? इससे मूल समस्याओं की जानकारी मिल रही है । साथ ही सरकारी योजनाएं भी किसानों तक पहुंच रही हैं। संवाद में शामिल किसान अलग-अलग संगठनों और राज्यों से थे। चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किये गये सभी प्रयासों सहित पिछले कल रबी की एमएसपी बढ़ाने की जानकारी किसानों को दी गयी। संवाद के दौरान किसानों ने एक एकड़ वाले खेत में ही लाभकारी खेती कर रहे किसानों के उदाहरण भी दिये।

## मुर्मु ने मॉरिटिना के राष्ट्रपति के साथ शिष्टमंडल वार्ता की

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में उत्तर अफ्रीकी देश मॉरिटानिया पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद ग़ज़ौनी के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता में दोनों देशों के संबंधों के बारे में व्यापक बातचीत की है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की अपनी राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में राष्ट्रपति मॉरिटानिया में थीं। मुर्मु का एक सामुदायिक कार्यक्रम में स्वागत किया गया जिसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति के महल का दौरा किया जहां उन्होंने मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद ग़ज़ौनी के साथ व्यापक बातचीत की। दोनों नेताओं ने परस्पर संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसके बाद उनकी मौजूदगी में राजनयिकों के प्रशिक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, वीजा छूट और विदेश कार्यालय परामर्श के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया।मॉरिटानिया के विदेश मंत्री मोहम्मद सलेम औल्द मेरज़ोग ने एक अलग कार्यक्रम में राष्ट्रपति से मुलाकात की। इससे पहले मॉरिटानिया पहुंचने पर नौआकचॉट-ओउमटौंसी हवाई अड्डे पर वहां के राष्ट्रपति ने मुर्मु का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की मॉरिटानिया की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति के साथ राज्य मंत्री सुकनता मजूमदार , संसद सदस्य मुकेश कुमार दलाल और अतुल गर्ग भी थे। राष्ट्रपति ने मॉरिटानिया में भारत के राजदूत द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया। भारतीय समुदाय की छोटी लेकिन जोश से भरी सभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने मॉरिटानिया के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए भारतीय समुदाय की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति के लिए उनका कौशल, विशेषज्ञता और अनुभव भी महत्वपूर्ण है।

## पहली बार बीजापुर में रुके डीजी जवानों का जाना हाल-चाल

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर जिले में पहली बार सीआरपीएफ के डीजी ने रात बिताई। सीआरपीएफ के डीजी ने जवानों के साथ ही आला अधिकारियों के साथ काफी देर तक चर्चा की। जवानों से उनकी समस्याओं के बारे में भी बात की। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ डीजी अपने एक दिवसीय बीजापुर दौरे में आये हुए हैं। अनीश दयाल सीआरपीएफ के डायरेक्टर जनरल हैं। बताया जा रहा है कि पहली बार किसी डीजी का बीजापुर जैसे जिले में रात्रि विश्राम हुआ है। सीआरपीएफ आला अधिकारियों के साथ डीजी का रात आठ बजे तक बैठक का दौर चलता रहा। धुर नक्सल प्रभावित पामेड़ के सीआरपीएफ कैंप जाने का अनुमान भी लगाया जा रहा है। डीजी अनीश दयाल जवानों से मुलाकात करने के लिए भी जा सकते हैं। इस दौरान डीजी सीआरपीएफ जवानों का हौसला अफजाई के साथ उनकी दिक्कतों को जानने की कोशिश भी करेंगे। उनके साथ ही छत्तीसगढ़ डीजीपी अशोक जुनेजा और बीजापुर के एसपी, एएसपी सहित काफी पुलिस के अफसर-कर्मी मौजूद रहे।

## शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण : पी. दयानंद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



जनसंपर्क विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा है कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। पिछले 10 माह में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेक फ्लैगशिप योजनाएं शुरू की हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। वे आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। सचिव पी दयानंद ने कहा कि लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर सूचना क्रांति का है ऐसे में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ते जा रहा है। जनसंपर्क अधिकरियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को त्वरित रूप से समाचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सचिव पी दयानंद ने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक और पठनीय होनी चाहिए। सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन आए बदलाव के बारे में तथ्यपरक जानकारी और सुसंगत फोटोग्राफ का उपयोग किया जाए। राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं और नवाचारी कार्यों के संबंध में समय-समय पर विशेष लेख नियमित रूप से जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स नगरीय क्षेत्रों में लगाए जाएं और इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं की होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों और जनपद पंचायतों के परिसर में लगाए जाएं। उन्होंने बैठक में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, नेशनल मीडया और क्षेत्रीय स्तर पर प्रिंट मीडिया में प्रचार-प्रसार कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में जिला जनसंपर्क कार्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए

# दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में मिलेगा समाधान : मोदी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा, मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए...युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए...क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात, शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। उन्होंने कहा, नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम्, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम् ।। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से ग्रसित लोगों ने ऐसा किया। आजादी के बाद एक ऐसे समूह ने देश पर कब्जा कर लिया, जो इसे अपनी विरासत की विपरीत दिशा में ले गया। उन्होंने कहा कि पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है। भाषा सभ्यता और संस्कृति की आत्मा है। पाली भाषा को जिंदा रखना, भगवान बुद्ध के शब्दों को जिंदा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि भगवान बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था। उन्हीं प्रेरणाओं को जीते-जीते मुझे बुद्ध के धम्म और शिक्षाओं के प्रसार के इतने सारे अनुभव मिल रहे हैं। मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत के ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ-स्थानों से लेकर दुनिया के अलग-अलग देशों तक नेपाल में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली के दर्शन, मंगोलिया में उनकी प्रतिमा के अनावरण से लेकर श्रीलंका में वैशाख समारोह तक....मुझे कितने ही पवित्र आयोजनों में शामिल होने का अवसर मिला है। मैं मानता हूँ, संघ और साधकों का ये संग, ये भगवान बुद्ध की कृपा का ही परिणाम है। मैं आज अभिधम्म दिवस के इस अवसर पर भी आप सभी को और भगवान बुद्ध के सभी अनुयायियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएँ देता हूँ। आज शरद पूर्णिमा का पवित्र पर्व भी है। आज ही, भारतीय चेतना के महान ऋषि वाल्मीकि जी की जन्म जयंती भी है। मैं समस्त देशवासियों को शरद पूर्णिमा और वाल्मीकि जयंती की भी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभिधम्म दिवस के आयोजन के एक साथ, एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी जुड़ी है। भगवान बुद्ध के अभिधम्म, उनकी वाणी, उनकी शिक्षाएँ, जिस पाली भाषा में ये विरासत विश्व को मिली हैं, इसी महीने भारत सरकार ने उसे क्लासिकल लैंग्वेज (शास्त्रीय भाषा) का दर्जा दिया है। इसलिए, आज ये अवसर और भी खास हो जाता है।

## अवैध शराब रोकने में विफल रही नीतीश सरकार : खरगे-राहुल

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सीवान में जहरीली शराब से कई लोगों के मारे जाने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार अवैध शराब का कारोबार रोकने में विफल साबित हुई है इसलिए राज्य में जहरीली शराब की घटनाएं हो रही हैं। खरगे ने कहा, बिहार के सीवान और सारण के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक 36 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जो बेहद पीड़ादायक और दुःखद है। पीड़ितों के शोकाकुल परिवारजनों को हमारी गहरी संवेदनाएं। सरकार से अनुरोध कि दोषियों को न्यायसंगत कड़ी से कड़ी सज़ा दिलवाई जाए। उन्होंने बिहार सरकार पर अवैध शराब पर रोक लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा, इससे पहले और भी ज़िलों में लगातार अवैध शराब से कई लोगों ने जान गंवाई है, जो बताता है कि बिहार सरकार अवैध शराब के क़ारोबार को रोकने में कितनी विफ़ल है। बिहार में अवैध शराब के कारण लोगों के मारे जाने की घटनाओं का विवरण देते हुए उन्होंने कहा इससे पहले अप्रैल 2023 में मोतिहारी में ज़हरीली शराब के सेवन से 26 लोगों की मृत्यु हुई थी। दिसंबर 2022 में छपरा में 71 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोगों की आंख की रोशनी चली गई थी जबकि मार्च 2022 बांका में 12 लोगों की मृत्यु हुई।

### बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव का क्षेत्र चेन्नई तट को पार किया

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव का क्षेत्र गुरुवार सुबह चेन्नई के उत्तर के तट को पार कर गया। मौसम विभाग के सूत्रों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम में बना दबाव पिछले छह घंटों के दौरान 14 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और आज तड़के लगभग 04.30 बजे चेन्नई के उत्तर में पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच उत्तरी तमिलनाडु-दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों को पार कर गया। इसके बाद, यह कमजोर होकर एक कम दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया। इसके बाद आज तड़के 05.30 बजे दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और आसपास के इलाकों में केंद्रित हो गया। यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और अगले 12 घंटों के दौरान कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है।

# कलेक्टर का ताबड़तोड़ दौरा, धान खरीदी की तैयारियों का लिया जायजा और उद्यानिकी कॉलेज का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुंडरदेही ब्लॉक विभिन्न गावो का दौरा कर संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन, निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन, सहित धान खरीदी केंद्र पहुच खरीदी की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने ग्राम कलंगपुर में सेवा सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर जायजा लिया और जनऔषधि केंद्र का निरीक्षण किया। गुंडरदेही में निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण संयंत्र का भी जायजा लिया तो वही ग्राम भालूकोन्हा में निर्माणाधीन उद्यानिकी महाविद्यालय का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कलंगपुर में धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित उप पंजीयक सहकारी संस्थाए राजेन्द्र राठिया ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र कलंगपुर में आसपास के चार ग्रामों के किसान धान विक्रय हेतु आते है। जिसमें ग्राम कलंगपुर, चारभाठा, खल्लारी और मुंडेरा के 1 हजार 391 किसान शामिल है। जिनके द्वारा 1519.9 हेक्टेयर में धान की खेती की गई है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। धान खरीदी हेतु बारदाने, किसानों के लिए बैठक, शौचालय, पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने समिति प्रबंधक से कहा कि केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें जिससे धान विक्रय हेतु आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश साहू मौजूद थे।

### जनऔषधि केन्द्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कराने के दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जनऔषधि केन्द्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ उपलब्ध दवाइयों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र में उच्च गुणवत्तायुक्त दवाइयां और सर्जिकल उपकरण उपलब्ध है। जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा दिलाएं। उन्होंने वहाँ सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध कराने हेतु काउंटर स्थापित करने तथा जनऔषधि केन्द्र के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बता दे कि ग्राम कलंगपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र का संचालन होने से क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जनऔषधि केन्द्र में आम जनों को 50 से 90 प्रतिशत की छूट पर दवाइयां और सर्जिकल उपकरण मिल रही है। जनऔषधि केन्द्र का संचालन सेवा सहकारी समिति कलंगपुर द्वारा किया जा रहा

**जल शुद्धिकरण संयंत्र का लिया जायजा-** कलेक्टर ने नगर पंचायत गुंडरदेही में निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण संयंत्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ निर्माणाधीन कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत चर्चा अधिकारियों से की। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कार्य निरंतर जारी है। पाईपलाईन बिछाने, संपवेल निर्माण सहित जल शुद्धिकरण संयंत्र का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य त्वरित गति से प्रगति लाए और बेहतर ढंग से कार्य करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें।

**उद्यानिकी कालेज में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश-** उन्होंने ने ग्राम भालूकोन्हा में निर्माणाधीन उद्यानिकी महाविद्यालय का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ लगभग पूर्ण हो चूके उद्यानिकी महाविद्यालय के भवन तथा हॉस्टल भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने वहाँ विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पहुँचमार्ग, बाउंड्रीवॉल आदि व्यवस्थाएं भी पूर्ण रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के प्रतिमा का टंकराम वर्मा ने किया अनावरण



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का प्रदेश के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री ने धमतरी जिले के मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करेली (छोटी) स्थित शीतला मंदिर चौक में अनावरण किया। इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने स्वर्गीय बाजपेयी द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए किए गए योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने हमें छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर दिया। उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भी कहा जाता है। वर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को छत्तीसगढ़िया संस्कृति से बेहद लगाव था और उनका सपना था कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मंत्री वर्मा ने करेली (छोटी) में गुड़गुड़ी चौक स्थित सांस्कृतिक कला मंच और सांसद निधि पर निर्मित गायत्री मंदिर शेड का लोकार्पण भी किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्रावण मरकाम, जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# उड़ीसा की धान डंपिग की खबर प्रकाशन के बाद स्थानीय प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com


19 हजार हेक्टेयर असिंचित खेती में 21 क्विंटल उत्पादन नहीं
उड़ीसा से धान लाकर समर्थन मूल्य में खपाने की तैयारी



उड़ीसा से धान लाकर समर्थन मूल्य में बेचने की पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद स्थानीय प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू हो गई हैं। बकायदा एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम नायब तहसीलदार विजय सिंह सहित पुरे दलबल के साथ देवभोग ब्लॉक के ग्राम कदलीमुडा मे रखें उड़ीसा के धान को जब्त कर सरपंच को सुपुर्द कर दिया जानकारी अनुसार एसडीएम मरकाम करीब 11 बजे कदलीमुड़ा पहुंचकर परखित बीसी के घर पर 158 बोरे और लालधर निधि के यहां 60 बोरा धान जब्त किया गया यह धान को उड़ीसा के होने का आधार बोरी को माना जा रहा है उल्लेखनीय हो की बीते दिन बुधवार को पायनियर पर असिंचित इलाका होने के बावजूद सरकार निर्धारित क्विंटल पर उड़ीसा से धान लाकर बेचने की खबर को प्रमुखता प्रकाशन किया रहा जिसके बाद जिला सहित स्थानीय प्रशासन एक्टिव मोड पर आते उड़ीसा के धान की डंपिग के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दिया है हालांकि उड़ीसा के धान सप्लायर में से यह छोटी कड़ी बताया जाता हैं क्योंकि अभी भी बड़े बड़े उड़ीसा का धान खरीदा कर किसानो के बीच खपाने मे कामयाब है और ऐसे कारोबारियों पर लगाम लगाने की सख्त दरकार बताई जाती हैं तब कहीं जाकर उड़ीसा का धान को रोका जा सकता है। सबसे ज्यादा सीमा से लगे झाखरपारा कैंटपदर खुटगांव पानीगांव सहित अन्य इलाके में सबसे ज्यादा उड़ीसा का धान डंप हो रहा है दलाल कोचिया उन किसानो को अपने झाल में फंसायें है जिनका खेत 15 एकड़ से अधिक है और किसान के खेत से निर्धारित फसल नहीं हो पाती, जिसका फायदा उठाकर कोचिया और दलाल उड़ीसा का 2500 के भीतर धान लाकर सीधा सरकार द्वारा घोषित 3100 के समर्थन मूल्य में बेच देते है। इससे सरकार को भी आर्थिक नुकसान उठाना मजबूरी होता है। बावजूद इसके अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर उड़िसा का हजारों क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में खपा देते हैं।

## एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों ली मीटिंग

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना/ चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली। जिसमें लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने तथा लंबित संमंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, अपराध नियंत्रण एवं लघुअधिनियम प्रकरणों में ध्याने देने, अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने, संपत्ति सम्बन्धी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रख सख्त कार्यवाही करने व मुसाफिर चेकिंग करने, होटल ढाबा, लाज, चेक करने, बैंक, एटीएम, स्कुल/कालेजों एवं भीड-भाड वाले जगहो तथा रात्रि में गस्त के दौरान लगातार पेट्रोलिंग करनें हेतु निर्देशित किया गया। न्यायालय से जारी संमंस वारंट की विधिवत तामिल कर समय सीमा में न्यायालय पेश करने, धारा 138 एनआईए एक्ट के लंबित संमंस वारंट की शत-प्रतिशत तामिल करने एवं बेल जंप की लंबित वारंट की तामिली एक सप्ताह के भीतर अभियान चलाकर निकाल करने तथा नया कानून की धारा 105 बीएनएसएस जप्ती तलाशी के दौरान विडियो/ फोटोग्राफी कर संबंधित न्यायालय में पेश करने हेतु निर्देशित किया गया।

## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारित करने के लिए बैठक का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के निर्देश पर सत्र 2024-25 के लिए बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारित करने के लिए 17 सितम्बर गुरुवार को बैठक आयोजित रहा। जिसमें संयोजक संतोष कुमार प्राचार्य डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कूल टिकुलिया भाटापारा, सदस्य के रूप में बी गिरजा प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बलौदाबाजार, जीसी दास अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद, भुवनेंद्र सिंह प्राचार्य डी एव्ही मुख्यमंत्री स्कूल छरछेद कसडोल, संदीप कुमार पटेल डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कूल खम्हरिया के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय लवन से मंदोदरी सेठ, पीजीटी जीव विज्ञान से राजेन्द्र सिक्का, ग्रंथपाल एवं कार्यालय प्रभारी रंजन उपाध्याय, बी के बघेल, पोखर सिंह कंवर, कांति लाल पटेल, राहुल राय सहित सरजू पटेल उपस्थित रहे।

## धनसूली में हुआ भव्य आवास मेले का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

जनपंद पंचायत तिल्दा नेवरा के ग्राम धनसूली में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी धरसीवा विधायक अनुज शर्मा शरिक हुए। आवास मेले में हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र, प्रथम किश्त के चेक और नवीन निर्मित आवासों की चाबी सौंपी गई। इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने आवास के हितग्राहियों को समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी, अनुविभागीय अधिकारी आर ई एस अमित देवांगन, जिला पंचायत आवास समन्वयक निवेदिता शुक्ला और धनसुली सरपंच राजू ढिढी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे व तहसीलदार श्रीधर पंडा के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां पर कलेक्टर के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य के वार्डो में भर्ती मरीज वह परिजनों से मिलकर डॉक्टर के द्वारा नियमित जांच व इलाज का फीडबैक लिया। इसी कड़ी में एनआरसी में भर्ती बच्चों के माताओं, प्रसव के लिए आए महिलाओं से मिलकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी, ब्लड स्टोरेज सेंटर व अस्पताल परिसर के साफ-सफाई का निरीक्षण किया। बीएमओ को सभी डॉक्टरों का नियमित रूप से निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, जीवनदीप समिति की नियमित बैठक आयोजित करने व अस्पताल में आने वाले मरीज को त्वरित चिकित्सा उपलब्ध कराने तथा जरूरतमंदों को ब्लड डोनेट शिविर आयोजित कर ब्लड स्टोरेज सुविधा का लाभ प्रदान कराने हेतु पहल करने हेतु निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वी ए के कोसरिया, डॉक्टर कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह उपस्थित रहे।

# आज के दौर में बीजी ठंडी हवा के झोंके की तरह : डॉ. राजाराम त्रिपाठी

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



बहुमुखी प्रतिभा की धनी कहानीकार करमजीत कौर की प्रथम पुस्तक कहानी संग्रह बीजी का भव्य लोकार्पण त्रिलोक महावर (संचालक छत्तीसगढ प्रशासन अकादमी) की अध्यक्षता एवं डॉ.राजाराम त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में पुस्तक का लोकार्पण बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स के सभागार में नगर के साहित्यकारों की उपस्थिति में जगदलपुर में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि बी. आर. नायडू, आकाशवाणी के उद्घोषक के.परेश एवं कथाकार उर्मिला आचार्य मंचासीन थे। सृजन बिंब प्रकाशन की निदेशक रीमा दीवान चडडा ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजन का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवन से हुआ। अतिथियों के सत्कार के बाद लेखिका करमजीत कौर ने कहानी संग्रह बीजी की प्रस्तावना रखी और कहा कि अपने अंतर्मन की भावनाओं को बीजी के माध्यम से वे अभिव्यक्त कर पाई हैं। यह पुस्तक उन्होंने अपनी मां और पति को समर्पित की है। अध्यक्ष त्रिलोक महावर जी ने संवेदना के धरातल पर रचे इस कहानी संग्रह को तकनीकी दौर में संवेदनहीन होते समाज के लिये आवश्यक बताया और इसका स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि, भावप्रवण रचनाकार करमजीत की रचनाएं मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत हैं और पाठक के दिल को छू लेती हैं, और एक बेहतर मनुष्य बनने को प्रेरित करती है। बी.एन.आर. नायडू ने लेखिका की बेबाक लेखनी की प्रशंसा की। के.परेश ने करमजीत कौर के साथ एंकरिंग के अनुभव साझा किये और उन्हें कलम की धनी कहा। उर्मिला आचार्य ने लेखिका की सहज अभिव्यक्ति की प्रशंसा की। खुदेजा खान ने पुस्तक की निष्पक्ष समीक्षा की और संवेदनशील कहानियों को पठनीय बताया। प्रकाशक रीमा दीवान चडडा ने लेखकीय साहित्यिक ईमानदारी और सत्य बयानी की साहसिकता पर लेखिका को साधुवाद कहा।

## गृह मंत्री तत्काल इस्तीफा दे, वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री उनको बर्खास्त करे

# छत्तीसगढ़ पुलिस की लापरवाही से लोहारीडीह की घटना हुई

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह मामले, हसदेव जंगल कटाई तथा भाजपा नेता की नोटों के साथ रील पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की पुलिस ने लोहारीडीह के शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू की हत्या के मामले में चार लोगों की गिरफ्तार किया है। मध्यप्रदेश पुलिस ने यह माना कि कचरू साहू की हत्या हुई थी। इस मामले में मध्यप्रदेश की पुलिस की कार्यवाही से साफ हो गया कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती थी, उसने हत्या को आत्महत्या बताने का षड़यंत्र रचा था जिसके परिणाम स्परूप लोहारीडीह में जन आक्रोश भड़का और रघुनाथ साहू को उसके घर में जिंदा जला कर मार डाला गया। रघुनाथ साहू की हत्या के बाद पुलिस की कार्यवाही और पुलिस की कस्टडी में तथा पुलिस की मारपीट से प्रशांत साहू की मौत हो गयी। इस प्रकार छत्तीसगढ़ पुलिस की लापरवाही से लोहारीडीह में तीन लोगों की जान गयी। लोहारीडीह में हुई मॉब लीचिंग की घटना के लिये गृहमंत्री एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी जिम्मेदार है। पुलिस प्रशासन ने लोहारीडीह दी की घटना में अपनी नाकामी पर पर्दा करने के लिए गांव के 167 सहित अन्य लोगों को अपराधी बनाया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पहले भी कहा था ये आत्महत्या नहीं हत्या थी, यह मध्य प्रदेश पुलिस ने साबित किया। गृह मंत्री और छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले को क्यों दबाया? लोहारडीह में हुई तीनों मौत रुक सकती थी, इसके जिम्मेदार गृह मंत्री है। आखिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कैसे बदला गया, इसका जिम्मेदार कौन है? सरकार की कई नाकामियों को दबाने प्रशासन में विभाग को दांव पर लगा दिया। सरकार बताये इस मामले पर लीपापोती क्यों की गई? इसके इशारे पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदली गई? दो परिवार को बर्बाद करने का जिम्मेदार कौन? मध्य प्रदेश की पुलिस छत्तीसगढ़ जाकर आरोपियों को ले जाती है लेकिन यहां की पुलिस आरोपियों को बचाने की कोशिश करती है। मध्यप्रदेश पुलिस के कार्यवाही के उपरांत स्पष्ट हो गया है कि कवर्धा जिला के पुलिस के उच्च अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण लोहारीडीह की घटना हुई है। रघुनाथ साहू की हत्या पुलिस के अधिकारियों के सामने हुई है। पुलिस कस्टडी में प्रशांत साहू की पिटाई से मौत हुई। राज्य सरकार पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ और जिम्मेदार पुलिस कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाये। पुलिस ने ठीक से विवेचना किये बगैर सिर्फ एक व्यक्ति विनोद साहू पिता रघुनाथ साहू के बयान के आधार पर 167 लोगों को जेल में डाल दिया। पूरे गांव का बयान लेना था, उसके बाद कार्यवाही होना था। कांग्रेस पार्टी मांग करती है गृह मंत्री तत्काल इस्तीफा दे। वे इस्तीफा नहीं देते है तो मुख्यमंत्री उनको बर्खास्त करे। लोहारीडीह की घटना की न्यायिक जांच की जाए। जेल में बंद निर्दोष लोगों को रिहा किया जाए।

# भाजपा सरकार और बीजापुर की वन-विभाग अब आदिवासियों के जीने के अधिकारों को भी छीनने में लगी है : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी एक दिवसीय भोपालपटनम क्षेत्र के ग्राम तारूड़ गांव पहुँचे और ग्रामीणों से मुलाक़ात किया है। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी को बताया कि वे पिछले दो से तीन दशकों से भी अधिक समय से ग्राम तारूड़ में घर बाड़ी बनाकर रह रहें हैं और तारूड़ गांव में ही खेती किसानी कार्य कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी गांव आकर हमारे जमीन और घर बाड़ी से जबरन बेदखल करने में लगे हुए है जिससे हम मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं कृषि सीजन के समय आखिर दशकों बाद वन विभाग अधिकारी और कर्मचारियों की यह कार्य समझ से परे है। ग्रामीणों से मुलाकात के बाद बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार और बीजापुर की वन विभाग और उसके अधिकारी कर्मचारी अब आसिवासीयों के जीने के अधिकारों को भी छीनने में लगी हुई है, दशकों से काबिज कृषि भूमियों से आदिवासी किसानों को अचानक बेदखल किए जाने की कार्यवाही बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार किसानों को उनके कृषि भूमियों से वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की जा रही बेदखली की कार्यवाही को गंभीरता से लें और वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा की जा रहीं बेदख़ली की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाएं साथ ही जबरन बेदख़ली की कार्यवाही कर रहे कर्मचारियों पर भी कार्यवाही की जाये। अन्यथा आदिवासी किसानों के साथ मिलकर वन विभाग की बेवजह और मनमानी कार्यवाही के ख़िलाफ़ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्य सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष निर्मला मरपल्ली, कामेश्वर गौतम, वासन रामा राव, अलवा मदनैया, काका भास्कर, बुधराम मिच्छा, मट्टी बुधराम, अफ़ज़ल खान, अशोक मेड़, पी. नागेश, अशोक करतम, श्रीनिवास पिरला, मिच्छा किस्तैया, पिरला सत्यम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मर्दापाल में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत और योगदान पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जनजातीय समाज की ऐतिहासिक, सामाजिक, और आध्यात्मिक धरोहर को सम्मानित करने के उद्देश्य से कोंडागांव जिले के मर्दापाल स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय और उनकी परंपराओं को छत्तीसगढ़ के इतिहास, संस्कृति, कला, और अन्य क्षेत्रों में उनके विशेष योगदान को समर्पित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रेशमा दिवान थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलकू राम बघेल, पवन कुमार कोर्राम और आसमान कोर्राम ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और मार्गदर्शक के रूप में बलीराम नेताम ने जनजातीय नायकों जैसे बिरसा मुंडा के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई मर्दापाल के प्राचार्य रवि नायक ने की, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी अशोक कुमार ध्रुव और सहसंयोजक विजय पाल सिंह ने संभाली। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस अवसर पर आईटीआई मर्दापाल के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जनजातीय कला, संगीत और नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन हुआ। साथ ही, रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मनाई गई, जिसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर किया गया। इसके अलावा, पूर्व सत्र 2022-23 के व्यवसाय कोपा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आईटीआई मर्दापाल और अन्य संस्थाओं के अधिकारी, प्रशिक्षक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहें। जनजातीय संस्कृति और उनके योगदान को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से यह आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक धरोहर को संजोने में मील का पत्थर साबित हुआ।कार्यक्रम के समापन पर देश की उन्नति में योगदान देने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया, जिससे सभी उपस्थित जन लाभान्वित हुए।

# गोमे के जंगल से बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद

■ नारायणपुर-कांकेर के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम गोमे के जंगल में रावघाट एरिया कमेटी का अस्थाई डेरा

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार (भा.पु.से.) एवं अति. पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में नारायणपुर पुलिस के द्वारा क्षेत्र में सघन नक्सल विरोधी ''माड़ बचाओं'' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला नारायणपुर-कांकेर के सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में माओवादी की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बल रवाना किया गया था। पुलिस को जिला नारायणपुर-कांकेर के सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोमे, गट्टाकाल व आसपास क्षेत्र में रावघाट एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना के तस्दीकी हेतु नारायणपुर डीआरजी बल नक्सल विरोधी अभियान हेतु उक्त क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सुबह करीबन 10:00 बजे ग्राम गोमे के जंगल के पास पुलिस पार्टी पहुंचकर उक्त क्षेत्र का सर्चिंग किया जा रहा था उसी दौरान माओवादियों पुलिस की आहट पाकर और खुद को घिरता देखकर नक्सली घने जंगल व पहाड़ियों की आड़ लेकर भाग गये। उक्त क्षेत्र में सर्चिंग करने पर नक्सली अस्थाई डेरा गोमे के जंगल में नक्सली सामग्री झोला पट्टी 23 नग, सीडी कैसेट 06 नग, वायर 3 बंडल, नक्सली वर्दी 04 जोड़ी, थान कपड़ा 2 बंडल, दण्डकारण्य चेतना नाट्यमंच बैच 62 नग, लाल रिबन 05 नग, पेंट जिप 01 बंडल, मंकी कैप 03 नग, पिगमेंट कलर 22 पैकेट, छोटा वायर 12 नग, पोच क्लिप 14 जोड़ी, बैनर 01 नग, सेलो टेप 04 नग सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामान बरामद हुआ।

# नीलगिरी पार्क किरन्दुल में बने बैडमिंटन कोर्ट का किया गया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल वार्ड क्रमांक 09 स्थित नीलगिरी पार्क में ÷ओपन बैडमिंटन कोर्ट÷ नीलगिरी पार्क परिवार के द्वारा तैयार किया गया।जिसका उद्घाटन बुधवार रात 9:30 बजे मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा डॉयरेक्टर विश्व भारती नर्सिंग कॉलेज मोखपाल के कर कमलों से किया गया।नीलगिरी पार्क परिवार के सदस्यों ने बताया कि बैडमिंटन एवं विभिन्न खेल के माध्यम से बच्चें बड़े सभी वर्ग के लोग स्वस्थ तंदुरुस्त रह सकते हैं।बैडमिंटन कोर्ट की कमी को देखते हुए एवं विशेष रूप से बच्चों में खेलकूद के प्रति रुझान बड़े इसलिए बैडमिंटन कोर्ट तैयार किया गया।इस मौके पर नीलगिरि पार्क परिवार के सभी

# नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सक्षा कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 16 अक्टूबर को नगरपालिका क्षेत्र एवं नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत किया गया है। निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत 16 अक्टूबर से निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति लेने का कार्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जा रहा हैं, नगरपालिका क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार, नगर पंचायत क्षेत्र केशकाल व फरसगांव हेतु अनुविभागीय अधिकारी केशकाल फरसगाव एवं तहसीलदार केशकाल व फरसगांव को दावा-आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम जुड़वाने हेतु प्रस्तुत दावा में संबंधित वार्ड के अंतर्गत दावाकर्ता का नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक नामावली में 1 जनवरी की स्थिति में नाम सम्मिलित होना आवश्यक है। प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने, विलोपित एवं संशोधन करने हेतु 16 से 22 अक्टूबर तक कार्यालयीन दिवस के साथ-साथ शनिवार व रविवार के अवकाश के दिन में भी समय सुबह 10 से दोपहर 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को किया जायेगा।

इसी प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाकर दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय एंव समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय, जनपद पंचायत मुख्यालय में किया जायेगा। पंचायत निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावलियों तैयार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, उक्त निर्वाचक नामावली में यदि किसी मतदाता को नाम जुड़वाने एवं विलोपित करने या संशोधन करने की स्थिति में 24 से 28 अक्टूबर तक कार्यालयीन दिवस के साथ-साथ शनिवार एवं रविवार के अवकाश के दिन में भी समय सुबह 10 बजे से दोपहर 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस 29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर निर्वाचक नामावलियों का अंतिम दिवस 29 नवम्बर को किया जायेगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम

## कौशल पखवाड़ा का आयोजन 30 तक

**नारायणपुर।** विभिन्न रोजगार एवं स्वरोजगारोन्मुखी विषयों में निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु 'कौशल पखवाड़ा' का आयोजन 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। जिसके तहत् कुरूषनार, झारा में 18 अक्टूबर, मसपुर, गारपा में 19 अक्टूबर, सुलेंगा धौड़ाई में 21 अक्टूबर, भरण्डा में 22 अक्टूबर, मण्डाली में 23 अक्टूबर, फरसगॉव, दण्डवन में 24 अक्टूबर, बावड़ी, मलेचूर में 25 अक्टूबर, कंदाड़ी में 26 अक्टूबर, आकाबेड़ा में 28 अक्टूबर, बागडोंगरी में 29 अक्टूबर, भाटपाल, बेनूर, भुरवाल में 30 अक्टूबर को ग्राम पंचायत भवन में वेल्डिंग प्रशिक्षण, वाहन चालक, राजमिस्त्री प्रशिक्षण, इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण, प्लम्बर प्रशिक्षण, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण, एसी, फ्रीज वासिंग मशीन रिपेयर प्रशिक्षण, बेकहो लोडर ऑपरेटर, मल्टी स्किल टेक्नीशियन (फूड प्रोसेसिंग) और ऑप्टिकल फाइबर स्पाइसर कोर्सेस में 30-30 इच्छुक युवाओं का प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु काउंसलिंग किया जाएगा।

# संकुल केंद्र किरन्दुल शहरी में न्योता भोज कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक के निर्देशानुसार आयोजित न्यौता भोज कार्यक्रम में विकास खंड कुआकोंडा अंतर्गत संकुल केन्द्र किरन्दुल शहरी में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी के पहल पर बुधवार दोपहर 3:30 बजे संस्थाओं में न्यौता भोज कार्यक्रम संकुल समन्वयक शंकर चौधरी एवं उनकी धर्मपत्नी रितु चौधरी द्वारा लक्ष्मी पूजा के अवसर पर आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में 70 विद्यार्थियों, 08 पालक, 08 एसएमसी सदस्य, 03 जन-प्रतिनिधि , पत्रकार बंधु एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भोजन का आनंद लिया तथा इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में संकुल अंतर्गत सभी संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सहभागिता सुनिश्चित किया जाना सुनिश्चित किया। न्योता भोज कार्यक्रम में सभी शिक्षकों की सहभागिता भी बहुत महत्वपूर्ण रही, सभी ने साथ मिलकर न्योता भोज बनाया।आज इस विशेष दिन बच्चों के साथ बैठ कर भोजन करना बहुत सुखद रहा।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने विश्वास डेयरी का किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

त्योहारों के नजदीक आते ही मिठाई विक्रेताओं द्वारा अधिक से अधिक मिठाई बनाने व विक्रय करने के चक्कर में गुणवत्ता के साथ साथ साफ सफाई में भी लापरवाही की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन द्वारा विश्वास डेयरी कोंडागांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि, विश्वास डेयरी में मिठाई निर्माण की जगह पर कचरा व गंदगी फैली हुई है। इसके साथ ही साफ सफाई का अभाव पाया गया और कमरे में विभिन्न प्रकार के सामान अस्त व्यस्त पड़े हुए हैं। जिस पर दुकान के संचालक को फटकार लगाते हुए उसे तुरंत साफ करने और व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और मिठाई की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलाकंद का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

# कलेक्टर ने किया जिला कोषालय कार्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला कोषालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों व पंजियों और उनके संधारण का भौतिक सत्यापन किया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में रखे सभी स्टाम्प एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का पंजी में दर्ज जानकारी का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी दस्तावेजों पंजीयन का व्यवस्थित रखरखाव के साथ नियमित अद्यतन के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से कार्य करते हुए कोषालय से संबंधित सभी प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो, ताकि जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। निरीक्षण के दौरान एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रशेखर मेंढेकर और कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

## फाइनल मुकाबला 11वीं वाहिनी व 135 वीं वाहिनी की टीमों के मध्य खेला गया

# खो-खो भारत की पारंपरिक संस्कृति का एक प्राचीन खेल : हरिंदरपाल सिंह सोही

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com







11 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सीओबी दण्डकवन में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीएसएफ 11 वी, 30वी, 135वी व 162 वीं वाहिनीयों की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल रायपुर के उप महानिरीक्षक हरिंदरपाल सिंह सोही की अध्यक्षता में खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 11वीं वाहिनी व 135 वीं वाहिनी की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें 135 वीं वाहिनी की टीम विजयी हुई।इस दौरान हरिंदरपाल सिंह सोही, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल रायपुर द्वारा विजयी टीम को ट्राफी व सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान करते हुए कहा कि खो-खो भारत की पारंपरिक संस्कृति का एक प्राचीन खेल है जोकि धीरे धीरे विलुप्त हो चुका था।

सीमा सुरक्षा बल के द्वारा इस खेल को पुनः जागृत करने के उदेश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई । पूरे खेल के दौरान स्थानीय युवाओं का कौशल देखने लायक था, सभी ने आपसी तालमेल के साथ अपनी अपनी टीम के लिए पूरा जोर लगाया। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उदेश्य यही था कि स्थानीय युवाओं और बीएसएफ सैनिकों के बीच बेहतर सौहार्द विकसित किया जा सके। इस दौरान बीएसएफ के अधिकारी शंकर प्रसाद साहु, कंमाडेंट 11 वाहिनी, राजनरायण मिश्रा, कंमाडेंट, नवल सिंह, कंमाडेंट 135 वाहिनी, दिनेश कुमार, डिप्टी कंमाडेंट, प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कंमाडेंट, एस एस नायर, डिप्टी कंमाडेंट व सोनू उसेण्डी संरपच भैसगांव, तेजय कुमेति संरपच भैरण्डा और नजदीकी गांव के पटेल एंव ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# विश्व खाद्य दिवस पर माकड़ी में टीबी रोगियों को पोषण आहार वितरित



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग और पिरामल संस्था के सहयोग से माकड़ी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व खाद्य दिवस पर एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माकड़ी ब्लॉक के टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए और उन्हें पोषण संबंधी जानकारी दी गई और खान-पान के बारे में बताया गया कि जल्द से ठीक होने के लिए पोषणयुक्त भोजन बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम में जनपद सीईओ ने कहा कि, टीबी रोगियों के लिए पोषण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि, हम टीबी मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीरता से ले रहे है और उन्हें स्वास्थ्य होने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पिरामल संस्था के जिला प्रतिनिधि ने कहा हम स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर टीबी रोगियों को समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# महिला आयोग में नियुक्त सदस्यों ने किया पदभार ग्रहण, अध्यक्ष ने नवनियुक्त सदस्यों को दी बधाई



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के आधी आबादी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए गठित राज्य महिला आयोग में महिला सदस्यों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 26 सितम्बर 2024 को की गई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रिक्त 05 पद पर सदस्यों की नियुक्ति की गई। बलौदाबाजार की लक्ष्मी वर्मा ने 7 अक्टूबर को ही आयोग कार्यालय आकर पदभार ग्रहण कर ली थी। आज महिला आयोग कार्यालय में सदस्यगण जशपुर की प्रियंवदा सिंह जूदेव, महासमुन्द की सरला कोसरिया, दंतेवाड़ा की ओजस्वी मंडावी और सुकमा की दीपिका सोरी ने आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के हितों में मिलकर कार्य करने के लिए कहा। ज्ञात हो कि राज्य महिला आयोग के पुराने सदस्यों का कार्यकाल 27 जून 2024 को समाप्त हो गया था। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को पत्र भेज कर राज्य महिला आयोग के सभी पांचों सदस्यों की जल्द से जल्द नियुक्ति के साथ ही सभी संभाग से खासकर सरगुजा एवं बस्तर संभाग से सदस्यों की नियुक्ति की मांग की गई थी। जिस पर अमल करते हुए राज्य शासन द्वारा सरगुजा, बस्तर, रायपुर संभागों से सदस्यों की नियुक्ति करने पर डॉ. किरणमयी नायक ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। आयोग कार्यालय में सदस्यों के पदभार के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, राज्य महिला आयोग के सचिव मनोज कुमार सिन्हा, सहायक संचालक पुष्पा किरण कुजूर, आयोग के कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**धमतरी ।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जिले के 7 मृतकों के परिजन को आरबीसी 6.4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें कुरूद तहसील के ग्राम भरदा निवासी तीजबाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र बिसरूराम को आरबीसी 6.4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम बगौद के थनेश कुमार साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता लोकसिंह साहू, भखारा के ग्राम कुर्रा निवासी भीखम कंवर की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी समारिन बाई को, मगरलोड के करेली बड़ी निवासी झाड़ूराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी धनेश्वरी बाई साहू को आरबीसी 6.4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# जिले के अंतिम छोर बसे गांवों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टरनम्रता गांधी और सीईओ जिला पंचायतरोमा श्रीवास्तव ने बीते दिन जिले के अंतिम छोर में बसे गांवों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मारागांव, बोईरगांव, सिंगपुर और मोहेरा में स्कूल, आंगनबाड़ी सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यों का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से रू.ब.रू चर्चा की और इन निर्माण कार्यों को तत्काल शुरू करने कहा। इसके साथ ही ग्राम देव कुड़िया में स्वीकृत 40 आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने कहा। कलेक्टरगांधी ने ग्राम पंचायत के सचिव को विशेष रूचि लेते हुए अप्रारम्भ निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्कूल सिंगपुर के निरीक्षण के दौरान स्कूल में संधारित पंजी, विद्यार्थियों की उपस्थिति इत्यादि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने मारागांव के बड़ेपारा, सिंगपुर और देव कुड़िया में आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया। उक्त गांवों में नए आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हुए हैं। इसके मद्देनजर कलेक्टरगांधी ने पुराने भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी में पहुंचे नन्हें.मुन्ने बच्चों से बातचीत की और प्रसन्नता व्यक्त की। जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम मारागांव से नगरी 27 किलोमीटर मार्ग में पुलिया टूटा हुआ है। कलेक्टरगांधी ने उक्त पुलिया का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी को उक्त पुलिया का मुआयना कर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर मगरलोड के स्वामी आत्मानंद स्कूल भैंसमुंडी में आयोजित बैठक में पहुंचीं।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई संपन्न,कलेक्टर ने कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें कलेक्टर सोनी ने स्वास्थ्य विभाग के काम काज की विस्तृत समीक्षा की है। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने कसडोल एवं भाटापारा के कुछ क्षेत्रों में कुष्ठ के मरीज बढ़ने पर चिंता जाहिर की है। जिसको लेकर कलेक्टर सोनी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मुख्यालय में नही रहने की शिकायतों को बड़ी गंभीरता से लेते हुए मुख्यालय में रहने की हिदायत दी गई है। साथ ही कलेक्टर ने कहा की चिरायु टीम शत प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों तक जाए एवं बच्चों का कवरेज बढ़ाएं. कलेक्टर ने राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में डेटा एंट्री जो पिछड़ी हुई थी उसमें निर्देश के बाद आये सुधार पर सन्तुष्टि ज़ाहिर करते हुए इसमें और तेज़ी लाने को कहा है। आयुष्मान कार्ड जिनके अब तक पेंडिंग है उसमें समन्वय बना कर उस समस्या का निराकरण शीघ्र ही कराया जाना चाहिए एवं जिन कारणों से आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाए है। उन्होंने प्रति सप्ताह आयुष्मान पंजीयन की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को देने के निर्देश संबधित नोडल अधिकारी को दिए है। कार्ड बनाने के लिए शिविर और गृह भ्रमण ज़ारी रखने को कहा है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में हितग्राहियों को जिला से समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया में सहयोग के लिए भी कहा। कलेक्टर ने सिकल सील की कम जांच सहित टीबी कार्यक्रम में लक्ष्य अनुरूप कार्य न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द कार्य योजना बना कर पूर्ण करने को कहा। टीबी में पेंडिंग रूटीन डेथ ऑडिट को शीघ्र करने के निर्देश दिये। जिले में अधूरे भवन निर्माण कार्य पर सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी को सूची उपलब्ध करवाने को कहा जिससे समय सीमा की बैठक में इसे रख कर पूरा करवाया जा सके। कई स्थानों पर सीजीएमएससी के पेंडिंग कार्य पर भी संबधित अधिकारी को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए है। सोनी ने सभी बीएमओ को अपने कार्यालय में सुझाव एवं शिकायत पेटी लगवा कर उसमें डाले गए पत्रों को निश्चित दिवस पर खोल निराकरण के भी निर्देश दिए। उक्त समीक्षा बैठक में समीक्षा बैठक में 108 तथा 102 वाहन के सम्बंध में भी शिकायत पाई गई। 108 में यह शिकायत पाई गई कि वाहन के ड्राइवर निजी अस्पतालों में मरीज को ले जाते हैं जबकि 102 में वाहन चालक की कमी है। कलेक्टर ने 108 के प्रभारी को इसमे लिप्त वाहन चालक को हटाने को कहा साथ ही लापरवाही से हुई मृत्यु पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की भी चेतवानी दी है। 102 हेतु वाहन चालक की कमी को दूर करने हेतु राज्य स्तर से मांग करने को कहा गया है। बैठक में मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना,एएनसी पंजीयन, एफआर यू,स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। इसके साथ ही आयुष्मान पंजीयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निजी तथा शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों तथा एनक्यू ए एस प्रमाणित संस्थान को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यालय को प्राप्त जानकारी के अनुसार अप्रैल से लेकर सितंबर तक विकासखण्ड बलौदाबाजार में 9 एवं पलारी 1 प्रसव घर में हुई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। इसी तरह संस्थागत प्रसव बलौदाबाजार में 2 हजार 272, भाटापारा 1 हजार 757, कसडोल 2 हजार 209, पलारी 1 हजार 564 एवं सिमगा 1 हजार 841 है। इस तरह कुल 9 हजार 643 संस्थागत प्रसव हुए है। इसी तरह कुष्ठ रोग के विकासखण्ड बलौदाबाजार में 12, भाटापारा 18 कसडोल 16, पलारी 9 एवं सिमगा 8 मरीज 1 अप्रैल 2024 से लेकर 30 सितंबर 2024 तक कुल 63 मरीज चिन्हांकित हुए है।

## पलारी पुलिस की टीम ने जुआ खेल रहे 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पलारी नगर बस्ती में जुआ खेलते हुए 03 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी 37,670 एवं 03 मोटरसाइकिल जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध क्र. 448/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। आरोपियों के नाम हेमलाल वर्मा उम्र 55 वर्ष निवासी पलारी थाना पलारी , राहुल गुप्ता उम्र 27 वर्ष निवासी पलारी थाना पलारी, देवप्रकाश उम्र 39 वर्ष निवासी पलारी थाना पलारी।

# किसान जागरूक होकर दलहन, तिलहन, फसलों की ओर कर रहे है रूख : अजय चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक है फसल चक्र परिवर्तन। इसके तहत ग्रीष्मकालीन फसलों में धान के बदले दलहन, तिलहन और कम पानी मांग वाली फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल संचयन से जनभागीदारी के तहत आज कृषि उपज मंडी कुरूद में उन्हारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावटए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि धमतरी जिला धान उत्पादन में अग्रणी है लेकिन आपको पता है कि धान उत्पादन में अधिक मात्रा में पानी की आवश्कता होती है। साथ ही लगातार एक ही फसल लेने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता में कमी आती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दोगुना करने की बात कही है जिसे आज नई.नई तकनीकों के जरिए कम लागत पर अधिक आय कृषि के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी का सपना था कि देश की नदियों को एक दूसरे से जोड़े ताकि पानी का समान वितरण हो सकें। उन्होंने कहा कि आज की वर्तमान परिस्थिति को देखते आने वाले भयावह स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता हैए जिसके लिए पानी संचय करने की हम सभी को आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मिलेट्स को बढावा देने धान के बदले अन्य फसलों को अपनाने की बात कही है। ताकि अच्छी आय अर्जित हो सके। कुरूद हमेशा नयी नहल को स्वीकारते हुए आगे बढ़ा है। मैं आशा करती हु कि इस पहल में भी कुरूद अपनी सहभागिता निभाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी कार्यक्रम के तहत धमतरी जिले को जोड़ने की बात कही। विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जल जगार कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण हेतु एक अभिनव पहल की शुरूआत की है। आज पूरा विश्व जीवन की प्राथमिक आवश्यकता पानी की समस्या को लेकर चिंतित हैए पानी के बिना जीवन की परिकल्पना करना मुश्किल है।

# अहिल्या बाई होल्कर त्रिशाब्दी जन्म जंयती समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अहिल्या बाई होल्कर त्रिशाब्दी जन्म जंयती समारोह समिति द्वारा बलौदा बाजार नगर के मिनी माता कन्या महाविद्यालय में आहिल्या बाई होलकर व्यक्तित्व, कतृत्व एवं नेतृत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध विचारक, चिंतक, सेवानिवृत्ति प्राध्यापक एवं अहिल्या बाई होल्कर त्रिशाब्दी जन्म जंयती समारोह छत्तीसगढ़ प्रांत के सरंक्षक टोललाल वर्मा उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य कल्पना उपाध्याय ने किया मुख्य अतिथि के रूप में किरण वर्मा उपस्थित रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जंयती समारोह के जिला अध्यक्ष जयनारायण केशवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में स्थित स्वर्गीय मिनी माता की मुर्ति पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात भारत माता और अहिल्या बाई होल्कर के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य कल्पना उपाध्याय ने कन्या महाविद्यालय में देश की गौरवशाली नारीयों पर सतत् आयोजन की भुमिका पर प्रकाश डाला तथा अहिल्या बाई होलकर के जीवन के न्याय प्रियता की चर्चा की। मुख्य अतिथि किरण वर्मा ने नारी के अंदर निहित अंतर, बाह्य शक्ति को जानने की बात करते हुए कहा की इस माध्यम से हम सभी भी एक आदर्श जीवन बन सकते हैं। मुख्यवक्ता टोपलाल वर्मा ने अहिल्या बाई होलकर के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुई उनके बहुमुखी व्यक्तित्व की चर्चा की उन्होंने बताया की वह एक आदर्श नारी, एक न्याय प्रिय प्रशासन संचालिका, धर्म परायण नारी, एक आदर्श बहू, एक आदर्श पत्नी, एक आदर्श माता ऐसे जीवन कि सभी भुमिकाओं में सर्व श्रेष्ठ थी। एक बहुमुखी व्यक्तित्व के साथ उनका कर्तृत्व भी अद्वितीय हैं उन्होंने मंदिरों का निर्माण किया, उन्होंने महिला सैन्य शक्ति का गणन किया, उन्होंने शस्त्रागार बनाएं, उन्होंने तीर्थो में कुएं, बावड़ी, विश्राम गृह, भोजन गृह बनायें, उन्होंने नवीन राजधानी बनायी, उन्होंने आवागमन की सुगमता के लिए मार्ग बनावायें। इसके साथ ही वह कुशल नेतृत्व कर्ता भी थी चाहे एक सेना नायक के रूप में, चाहे शासन की मुखिया के रूप में, चाहे सर्वोच्च न्याय कर्ता के रूप में सभी भुमिका में वह अद्वितीय थी। टोपलाल ने आगे छात्र छात्राओं से आह्वान किया की ऐसे अद्वितीय व्यक्तित्व के गुणों को अपने जीवन में उतार कर यदि आज की पीढ़ी आगे बढ़े तो बहूत सम्भावना हैं की हम अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के पुर्व ही विकसित राष्ट्र के रूप में खड़े होगें आवश्यकता हैं तो केवल ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर केवल मैं, मेरा तक समिति न रहकर इसके साथ राष्ट्र का भी चिंतन करने की इस हेतु अपना थोड़ा तन - मन - धन समर्पित करने की।

## ग्राम रॉवा के युवाओं ने मनाया शरद पूर्णिमा




**धमतरी ।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम राँवा में रात्रि में खीर प्रसादी वितरण किया गया। समस्त ग्रामवासी मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमें नामदेव राय, गजेंद्र पटेल, देव साहू, टोनी साहू, अजय सिन्हा, दाऊलाल यादव, आशो पटेल, छगन पटेल, कामता साहू, सौरभ सेन, निक्की पटेल, पंकज पटेल, धर्मेंद्र यादव, यादराम पटेल, संतोष निर्मलकर उपस्थित रहे।

## यातायात, महिला थाना, पुलिस चौकी व अन्य मांगों को लेकर गृहमंत्री को मेश्राम ने किया पत्र प्रेषित

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे सरायपाली में महिला थाना, यातायात थाना, थाना परिसर एवं एसडीओपी पुलिस कार्यालय का आहता निर्माण, वाहन स्टैंड एवं पुलिस तथा अधिकारियों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण करने के साथ-साथ ग्राम पंचायत गढ़फुलझर व बड़े साजापाली में पुलिस चौकी खोलने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रणवीर मेश्राम के द्वारा विजय शर्मा गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। मेश्राम ने पत्र में उल्लेख किया है कि पुलिस अधीक्षक महासमुंद के द्वारा सरायपाली में यातायात थाना खोलने की अनुशंसा की जा चुकी है। वहीं महासमुंद जिले में महिला थाना भी नहीं है। सरायपाली जिले के अंतिम छोर पर बसा प्रमुख व्यावसायिक व राजनीतिक केंद्र बिंदु है। यहाँ दर्जनों केंद्रीय शिक्षण संस्थाएं, बैंकों की शाखाएं तथा प्रस्तावित जिला भी है। उन्होंने आगे लिखा है कि पुलिस एवं अधिकारी जर्जर भवनों में रह रहे हैं। परिसरों में अधिकारियों का आवास नहीं बना है और वे कार्यालय से काफी दूर निवास कर रहे हैं। इसके अलावा पर्यटन नगरी गढ़ फुलझर में प्रायः सभी मंत्री, मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिकारी रामचंडी मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। अतः वहां भी पुलिस चौकी की अत्यंत आवश्यकता है। मेश्राम ने उपरोक्त समस्त विषयों पर गृह मंत्री का ध्यानाकर्षण करते हुए इस दिशा में अतिशीघ्र संज्ञान लेने की मांग की है।

# बसना ब्लॉक अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र टांगापासा मे 90 लाख रुपए से भी अधिक के हेरा फेरी का मामला उजागर

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना ब्लॉक अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र टांगापासा मे 90 लाख रुपए से भी अधिक के हेरा फेरी का मामला सामने आया है । शिकायत के बाद जाँच में शासन को लाखो रुपए क्षति पहुंचाने की पुष्टि होने पर उपार्जन केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध पुलिसिया कार्रवाई करने निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार खरीदी केंद्र प्रभारी जन्मजय चौधरी के खिलाफ लगभग 90 लाख रुपए से अधिक का धान की कमी का मामला सामने आया है खरीदी प्रभारी को निलंबित कर थाना मे एफआइआर दर्ज करने के आदेश जारी किया गया है। आदेश 26 सितंबर 2024 को जारी हुआ है लेकिन अभी तक एफआइआर दर्ज नहीं कराया गया है। पत्र के अनुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सरकण्डा पं0क0 1225 (मुख्यालय टांगापासा) के उपार्जन केन्द्र टांगापासा में समर्थन मूल्य पर वर्ष 2023-24 में धान उपार्जन किया गया है। उपार्जन केन्द्र टांगापासा का भौतिक सत्यापन छालो विशाल शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा भंवरपुर एवं राधेश्याम भोई पर्यवेक्षक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा पिरदा के द्वारा किया गया। संयुक्त भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र टांगापासा में 868 कृषकों से कुल धान खरीदी 70158.00 क्विंटल के विरूद्ध 67240.35 क्विंटल का परिवहन हुआ है तथा 2917.65 क्विंटल धान परिवहन हेतु शेष दिख रहा है, परन्तु धान उपार्जन केन्द्र टांगापासा में भौतिक रूप से धान उपलब्ध नही है। उपार्जन केन्द्र प्रभारी जन्मजय चौधरी के द्वारा घोर अनियमितता कर संस्था को 2917.65 क्विंटल धान की कमी से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि 63,69,229.95 रूपये एवं कृषक उन्नति योजना की राशि 26,75,485.05 रूपये इस प्रकार कुल राशि नब्बे लाख चौवालीस हजार सात सौ पन्द्रह रूपये होती है की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। इस तरह संस्था को हुई गंभीर आर्थिक क्षति के लिए जिम्मेदार धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी जन्मजय चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुऐ संबंधित पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपार्ट दर्ज कराने आदेश जारी किया गया है ! वही इस संबंध मे पिरदा ज़िला सहकारी के बैंक प्रबंधक ने बताया की एफआईआर के लिए आदेश जारी हुआ है। भंवरपुर चौकी में एफआईआर के लिए शिकायत दिया जा चुका है। भंवरपुर चौकी मे जाँच चल रही है कुछ दस्तावेज की कमी थी जिसको पूरा किया गया है।

## आबकारी अमले ने जप्त किया 57 लीटर महुआ शराब



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमला द्वारा जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में भखारा के ग्राम कोपेडिही में कार्यवाही करते हुए कुल 57.5 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया और 1800 किलोग्राम लाहन को नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34-2 के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा, आबकारी मुख्य आरक्षक निशांत साधु, राजेश यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिविर आयोजित कर बनाएं आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की।उन्होने विद्यार्थियों के आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व अनुभाग स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए सीएमएचओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आपसी समन्वय से प्रगति लाने कहा। कलेक्टर ने सौंरा बस्ती में पेजल की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार को एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में पीएचई के द्वारा बलौदाबाजार से सौंरा बस्ती तक पाईप लाईन बिछाया गया है, उसी पाईप लाईन को दुरुस्त कर पानी सप्लाई करें। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गो से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सड़क किनारे शासकीय भूमि के चिन्हांकन एवं आवश्यक व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश दिए। आगामी धान खरीदी से पूर्व कस्टम मिलिंग की समस्या का निरकारण करने के लिए सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियो को टीम गठित कर अवश्यक कार्यवाही करने कहा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत राशि स्वीकृत होने के बाद भी जिन स्कूलों में कार्य अप्रारम्भ हैं उन स्कूलों के मरम्मत के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को जारी राशि वसूली के निर्देश दिए।इसीतरह नगरीय निकायों में ठेला या सडक किनारे दुकान लगाने वाले दुकनदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पंजीयन कराकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए एमएमटीसी पोर्टल में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने लम्बे समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही में तेजी लाने कहा।

# गरबा नाच बंद होने की बात को लेकर दो पक्षो मे हुई खूनी भिडंत एक नाबालिक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, दो की हालत गंभीर

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



सुनील धृतलहरे निवासी न्यु खुर्सीपार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12.10.2024 के रात्रि मे प्रार्थी अपने मोहल्ले की समिति मा वैष्णो मित्र मंडल के सदस्यो के साथ पंडित नेहरू स्कुल में गरबा कार्यक्रम देख रहे थे उसी दौरान रात करीबन 10:30 बजे गरबा कार्यक्रम बंद करवा रहे थे उसी समय जुगनू ऊर्फ हरिशंकर, लोकेश्वर सोनवानी व कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा आये और गरबा कार्यक्रम को क्यो बंद करवा रहे हो, हम लोग नाचेंगे गाना बाक्स बजाओ बोले तब प्रार्थी बोला रात अधिक हो गया है बंद करने का समय हो गया है अब नही बजायेंगे बोलने पर जुगनू उग्र होकर सामान मार दूंगा धमकी देते हुए प्रार्थी का हत्या करने की नीयत से अपने जेब से धारदार चाकू निकाला और प्रार्थी के दाहिने सीने के नीचे मार दिया जिससे खून निकलने लगा तब प्रार्थी के साथी राहुल केसरवानी और आकाश चौहान बीच बचाव करने आये तब जुगनू का साथी लोकेश्वर सोनवानी ने अपनी जेब से धारदार चाकू निकालकर आकाश चौहान के नाभी के नीचे गुप्तांग के पास मार दिया जिससे खून निकलने लगा उसी दौरान जुगनू का दुसरा साथी कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा बीच बचाव करने आये प्रार्थी के साथी राहुल केसरवानी को दाहिने कमर के उपर चाकू मार दिया जिससे खून निकलने लगा, और वे लोग कहने लगे कि यदि तुम लोग रिपोर्ट लिखाओगे तो तुम तीनो को जान से खतम कर देगें उसके बाद जुगनू लोकेश्वर सोनवानी व कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा वहां से भाग गये। कि सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई जिस पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एवं नगर पुलिस अधीक्षक हरिश पाटिल द्वारा हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत कार्यवाही करने निर्देशित करने पर थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज हमराह टीम कार्यवाही करते हुए थाना खुर्सीपार पुलिस पीड़ितों को शासकीय अस्पताल सुपेला ले गई जिसे शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी रिफर करने पर शकरा चार्य अस्पताल मे भर्ती कराया गया पीड़ित सुनील घृतलहरे को ईलाज पश्चात छुट्टी दे दी गई। खुर्सीपार पुलिस व एसीसीयू टीम आरोपी धर पकड हेतु आरोपियों के लोकेशन लेकर उनके निवास एवं मिलने के सभी संभावित स्थानो पर दबिश देकर घेराबंदी कर हरिशंकर यादव उर्फ जुगनु, कृष्णा शर्मा उर्फ बैगा तथा एक विधी से संघर्षरत बालक को पकड कर थाना लाया गया जिसे पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी 1. हरिशंकर यादव उर्फ जुगनु पिता मंशाराम यादव उम्र 23 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर वार्ड 51 बाबा चौक खुर्सीपार 2. कृष्णा शर्मा उर्फ बैगा पिता भरत शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर जोन 03 खुर्सीपार को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं विधि से संघर्षरत बालक का सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर माननीय किशोर न्याया बोर्ड दुर्ग पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना खुर्सीपार से निरीक्षक अम्बर सिंह सउनि इलिजाबेथ कुजुर आरक्षक हेमत साहू, हर्षकांत देवांगन, चंद्रभान चौहान, अमन शर्मा, सुभाष यादव, पंकज सिंह, तेज प्रकाश एवं एसीसीयू प्रभारी तापेश्वर नेताम आरक्षक राकेश अन्ना, गुनीत निर्मलकर, रिन्कू सोनी भावेश पटेल की विशेष भूमिका रही।

# त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरपालिकाओं के आम-उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के आम/उप निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम से मीडिया को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नगरपालिकाओं हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक निर्वाचन नामावली प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने दावें एवं आपत्तियों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित स्थलों, आपत्तियों का निराकरण हेतु निर्धारित तिथियां एवं निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में ''जाबो'' अंतर्गत किये गये जागरूकता संबंधी कार्य और अन्य आवश्यक विषय पर प्रकाश डाला। प्रारंभिक प्रकाशन हेतु चिन्हांकित विविध स्थानों की जानकारी-कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन (स्थानीय निर्वाचन) दुर्ग में नगरीय निकायों के समस्त निर्वाचक नामावली 16 अक्टूबर 2024 को प्रारंभिक प्रकाशन। कार्यालय, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राज.) दुर्ग/धमधा/पाटन/भिलाई-03 में 16 अक्टूबर 2024 का प्रारंभिक प्रकाशन। नगर पालिक निगम दुर्ग/भिलाई/ रिसाली/ भिलाई चरोदा में 16 अक्टूबर 2024 प्रारंभिक प्रकाशन। नगर पालिका परिषद अमलेश्वर/अहिवारा में 16 अक्टूबर 2024 को प्रारंभिक प्रकाशन। नगर पंचायत धमधा/पाटन/उतई में 16 अक्टूबर 2024 को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। दावें एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु निर्धारित स्थलों पंचायतवार/ निकायवार/ वार्डवार कुल संख्या की विस्तृत जानकारी-नगर पालिका निर्वाचन अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग/भिलाई/रिसाली/चरोदा-भिलाई एवं नगर पालिका परिषद अहिवारा एवं अमलेश्वर तथा नगर पंचायत धमधा/पाटन/उतई के वार्डो में दावा आपत्ति प्राप्त की जाएगी। दावें एवं आपत्तियों को प्राप्त करने तथा उनका निराकरण की निर्धारित तिथियां-नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत 16 से 23 अक्टूबर 2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक एवं निराकरण 29 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा।

# 6 लाख रूपया बकाया संपत्तिकर वसूला सन मैरिज पैलेस से

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



सन मैरिज पैलेस कैलाश नगर कुरूद द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं की जा रही थी। नोटिस देने के बाद भी जब संपत्तिकर जमा नहीं किया गया। आयुक्त बजरंग दुबे के द्वारा नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 की उपधारा 1 अंतर्गत संपत्तिकर की बकाया राशि 1170240.00 रूपये जमा करने का कुर्की वारंट जारी किया गया था। इसके पूर्व में धारा 174 की उपधारा 1 के अधीन उस पर मांग पत्र दिये गये थे। जिसमें 30 दिन के अंदर राशि चुकाने का नोटिस दिया गया था। सनद रहे कि कुर्की वारंट जारी होने के बाद यदि संपत्तिकरदाता द्वारा राशि जमा नहीं की जाती है, जो चल-अचल संपत्ति के अभिहरण का विक्रय द्वारा या उसके अचल संपत्ति की कुर्की या विक्रय द्वारा वसूल धारा 178 के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। वसूली के समस्त खर्चे भी संपत्तिकरदाता से लिया जाता है। कुर्की के लिए जोन के राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी अपने टीम के साथ मैरिज स्थल पर उपस्थित हुए। कुर्की के दौरान सन मैरिज पैलेस के संस्थापक सुब्रत द्वारा पुरी राशि देने में असमर्थता व्यक्त की। 1170240.00 रूपये के एवज में 6 लाख रूपये का चेक दिया गया। शेष राशि जल्दी जमा करने का आश्वासन दिया गया। मजबूरी को देखते हुए कुछ दिनो की मोहलत दी गई।

आश्वासन तिथि के अंदर राशि जमा नहीं करने पर पुनः कार्यवाही की जावेगी। कुर्की के दौरान तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी हरिओम गुप्ता, हरि ताम्रकार, गुप्तानंद तिवारी, अरूण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टारपाली स्कूल व बोईरदादर चैक में आयोजित जागरूकता प्रोग्राम, साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा

## छात्रों व नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



साइबर जन जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम टारपाली के शासकीय विद्यालय में छात्रों के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह और साइबर सेल के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह ने बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में खासकर छात्रों को उनके ऑनलाइन जीवन से जुड़े खतरों जैसे फिशिंग, पासवर्ड हैकिंग और सोशल मीडिया की गोपनीयता के बारे में बताया गया। डीएसपी कौशिक ने बच्चों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया, जिसमें सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता और संदिग्ध लिंक से बचने के उपाय शामिल थे। साथ ही, उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए मोटिवेशनल स्पीच दी, जिसमें उन्हें डिजिटल युग में जिम्मेदारी और सतर्कता से जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

**साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा विजयपुर में भी जारी** - देर शाम बोईरदादर चैक, विजयपुर में मुख्य मार्ग के किनारे वार्डवासियों के लिए भी साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीएसपी साइबर सेल, अभिनव उपाध्याय ने स्थानीय लोगों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने समकालीन साइबर अपराधों जैसे व्हाट्सएप हैकिंग, यूपीआई फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन, और डिजीटल अरेस्ट जैसे मामलों पर विस्तार से चर्चा की।

# एसपी ने किया थाना धरमजयगढ़ व चौकी रैरूमाखुर्द का वार्षिक निरीक्षण

- गंभीर अपराधों की समयसीमा में जांच के निर्देश, बेहतर ड्यूटी के लिए जवानों को किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल ने थाना धरमजयगढ़ और चैकी रैरूमाखुर्द का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान थाना धरमजयगढ़ में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर (थाना प्रभारी धरमजयगढ़), उप निरीक्षक मनीष कांत (चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द) और थाने के अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। निरीक्षण की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक को सशस्त्र जवानों ने सलामी दी, पुलिस अधीक्षक ने बेहतर टर्न आउट के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों की राइफल एक्सरसाइज देखी और राइफलों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतें और जप्ती माल की गहन समीक्षा की गई। गंभीर अपराधों और शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थाने के जरायम रजिस्टर, ग्राम अपराध पुस्तिका, माल खाना, बंदी कक्ष, और अन्य रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा, थाना परिसर की भूमि की जानकारी ली गई और एसडीओपी और थाना प्रभारी को भूमि का पुनः सीमांकन कराकर बाउंड्री निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव पीडब्लुडी को भेजने के निर्देश दिए गए।


# नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए 16 अक्टूबर को हुआ मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रेस-वार्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। मौके पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय व डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी समीर बड़ा उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन नामावली तैयारध्पुनरीक्षण किए जाने के संबंध में आयोग द्वारा कार्यक्रम प्रसारित किया गया है। जिसके अनुसार नगरीय निकाय हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन की तिथि 16 अक्टूबर नियत है। इसी तरह 16 से 22 अक्टूबर तक प्रातः 10 से शाम 5 बजे एवं 23 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक ही दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 4 नवम्बर नियत है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण 8 नवम्बर अंतिम तिथि है एवं दावेध्आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर है।

# शैलेन्द्र तिवारी का निधन



**रायपुर।** शैलेन्द्र नगर रायपुर निवासी शैलेन्द्र तिवारी का बुधवार को प्रातः निधन हो गया। वे नगर निगम रायपुर में सिटी इंजीनियर के पद से रिटायर हुए थे। वे नीना, निधि और समीर के पिता थे। उनकी अंतिम संस्कार गुरूवार को मारवाड़ी श्मशान घाट किया गया।

# महिलाएं सक्षम होंगी तो वह अपने घर परिवार और समाज को सक्षम बनाएगी: सांसद विजय बघेल

- आवास मेला सह लखपति दीदी महिला पहल सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सांसद विजय बघेल की मुख्य आतिथ्य में आज बीआईटी ऑडिटोरियम दुर्ग में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मेला सह लखपति दीदी महिला पहल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, जनपद प्रतिनिधि जितेन्द्र साहू शामिल हुए। उन्होंने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 16 हितग्राहियों को नवीन स्वीकृति आवास प्रमाण पत्र और 15 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इसी प्रकार स्व सहायता समूहों से जुड़ी 16 लखपति दीदीयों को सम्मानित किया गया। मेले में सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 15, चक्रीय निधि अंतर्गत 15, बैंक लिंकेज अंतर्गत 14 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। जनता के विश्वास के आधार पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच हैं कि हर गरीब का एक पक्का मकान हो। शासन महिलाओं के ऊपर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए बहुत सी योजनाएं संचालित कर रही है। यदि महिलाएं सक्षम होगी तो वह अपने घर परिवार और समाज को सक्षम बनाएंगी। महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है यह हमारा प्रयास है। हमारी सरकार का पूरा प्रयास है कि कोई भी पात्र हितग्राही आवास योजना का लाभ लेने से वंचित न हो।

# पारदर्शिता के साथ हो रहा काम मोर संगवारी से सब काम हुआ आसान



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना में से एक मोर संगवारी सेवा योजना की शुरूवात की गई है। नागरिक पहले कोई भी दस्तावेज या प्रमाण पत्र बनाने इधर-उधर घूमते रहते थे। जिससे उनका किमती समय बर्बाद होता था। मोर संगवारी सेवा योजना लागू होने से नागरिको को आफ्सिो तक जाने की आवश्यकता नहीं है। कागज को इकट्ठा करना क्या कागज लगेगा क्या नहीं लगेगा इसकी जानकारी देना इस सब की परेशानी से अब बचाव हो रहा है। आप संगवारी को बुलाए वह सब जानकारी देगा। नागरिक अपना कागज तैयार तैयार करके रखेंगे वह घर आकर ले जाएगा। सब प्रकार के प्रमाण पत्र घर में लाकर देगा। इसका सर्विस शुल्क मात्र ?50 है। नागरिक घर बैठे मोर संगवारी सेवा योजना के टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल कर अपनी सुविधा के अनुरूप प्रमाण पत्र बनवा सकते है। नगर निगम भिलाई में मोर संगवारी सेवा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में 27 प्रकार की सेवाओं का लाभ दिया जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से जन्म पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु पंजीयन, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर जोड़ना या सुधार, शिशु आधार पंजीयन (5 वर्ष तक के बच्चों का), भूमिसूचना (भूमि उपयोग), नवीन पैन कार्ड में सुधार, डुप्लीकेट पैन कार्ड, दस्तावेज के नकल, गैर डिजिटल (भूमि रिकार्ड आदि की प्रति), श्रम कार्ड, राशन कार्ड को सम्मिलित किया गया है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अनुरोध किये है कि छत्तीसगढ़ शासन की मोर संगवानी योजना की बहुत ही अच्छी योजना है।

# त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने निगम व यातायात पुलिस ने कसी कमर



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने निगम व यातायात पुलिस ने कमर कस ली है। निगम अधिकारी व यातायात पुलिस द्वारा इदिरा मार्केट क्षेत्र में निरीक्षण कर सड़क किनारे लगे दुकानों को हटाया गया। यातायात पुलिस कर्मी द्वारा कुआ चौक के करीब बड़े 8 से 10 मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। कार्रवाही के दौरान डीएसपी सतीश ठाकुर, राजस्व व अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, सहायक अतिक्रमण प्रभारी योगेश सूरे, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, पुलिस निरीक्षक यशपाल ध्रुव सहित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारीगण मौजूद रहें।शहर के इंदिरा मार्केट के भीतर त्योहारी सीजन में लोग सड़क पर ही पसरा लगाकर कपड़ा, पूजन सामग्री, जूता, चप्पल सहित अन्य तरह का कारोबार करने वालो को चेतवानी दी गई है। सड़क किनारे बाजार के भीतर लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है और यातायात जाम की स्थिति भी निर्मित होती है।इसको ध्यान में रखते हुए कार्रवाही की जा रही है।बाजार के भीतर व्यवस्था बनाने के लिए नगर निगम द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र में चूना मार्किंग की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में इंदिरा मार्केट में त्योहार के दौरान ट्रैफिक जाम जैसी समस्या से निपटने निगम प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है,अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसापस क्षेत्र में सड़क पर चूना मार्किंग की गई है। इससे बाहर लोग दुकान नहीं लगा सकते हैं,अगर चुना मार्किंग के बाहर दुकान लगते पाए जाने पर जब्त की कार्रवाही करेगी।

# जिले में मनाया गया विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन के अंतर्गत वॉटरएड इंडिया द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों मे बच्चों के साथ विश्व हाथ धुलाई दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों के माध्यम से अपने और अपने मित्र, परिवार में स्वच्छता के महत्व का प्रचार करना रहा। कार्यक्रम में विश्व हाथ धुलाई दिवस हर साल 15 अक्टूबर को मनाने का कारण, इसके उद्देश्य एवं लोगों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की आदत डालने से कई प्रकार के गंभीर बीमारियों, जैसे डायरिया और श्वसन संबंधी संक्रमणों को रोका जा सकता है इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

पंजी. कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

खराडी शाखा:-तीसरी मंजिल, गणलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, सर्वे नं.08, हडपसर खराडी बाईपास रोड, खराडी, पुणे, महाराष्ट्र-411014

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002, अद्यतन संशोधित, के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अध्याय III की धारा 13(2) के अधीन सूचना

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (इसमें आगे "पीएनबीएचएफएल" के रूप में वर्णित) ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" के रूप में वर्णित) के अध्याय III की धारा 13(2) अधीन मांग सूचना जारी की थी। उक्त मांग सूचना हमारे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित आप सब कर्जदारों/सह-कर्जदार/गारंटरों को जारी की गई थी, क्योंकि आपका खाता, किश्तों/ब्याज का भुगतान नहीं किए जाने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उसकी विषयवस्तु आपके द्वारा मूलधन की किश्तों, ब्याज इत्यादि के भुगतान में की गई चूकों के साथ संबंधित है। बकाया राशि नीचे दी गई है। आगे, हमें कारणों के आधार पर विश्वास है कि आप मांग सूचना प्राप्त करने से बच रहे हैं और इसीलिए यह मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन अपेक्षित भी है। एतद्द्वारा आपसे उक्त राशि, अद्यतन ब्याज तथा अन्य राशियों सहित, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती हैं, इस मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर पीएनबीएचएफएल को अदा करने की मांग की जाती है। जिसमें विफल रहने पर पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अधीन, किसी एक या अधिक या सभी प्रत्याभूत आस्तियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिसमें कर्जदारों तथा गारंटरों की प्रत्याभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है। आपका ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत अधीन आप सम्पूर्ण बकायी राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही कर सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं किया जाता है, तो आप उसके पश्चात प्रत्याभूत आस्ति(या) छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे। आगे, आप के ऊपर, उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अधीन उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियों का बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार से अंतरण करने के संबंध में, रोक लगी है।

| ऋण खाता सं. | कर्जदार, सह-कर्जदार का नाम / पता | ग्रंटर का नाम और पता | बंधक सम्पत्ति | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| HOU/KRDI/0522/995047, बी.ओ. खराडी | उधारकर्ता एम रतनजीत और सह-उधारकर्ता आकांक्षा सोनी-103 हेरम्ब हाइट्स, चरण 1, जेएसपीएम कॉलेज के पास, नरहे, पुणे, महाराष्ट्र, भारत, 411041 इसके अलावा:-एसओएम विजय कुमार, सीओसी और शर्मा वार्ड 20, चरोदा स्वर भवन, आदर्श नगर, चरोदा, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 490025 इसके अलावा:-एम्बिट फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड, ऑफिस नंबर 303, ब्लू वेंचर, एफसी रोड, वैशाली होटल के सामने, शिवाजी चौक, पुणे, महाराष्ट्र, भारत, 411004 | NA | फ्लैट नंबर 710, 7वीं मंजिल, बिल्डिंग जी, 38 पार्क मैजेस्टिक फेज II को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, उंद्री, पुणे, महाराष्ट्र, 411060, | 08.10.2024 | रु.37,22,604.99 (रुपये सैंतीस लाख बाईस हजार छह सौ चार और निन्यानवे पैसे मात्र) |

स्थान : खराडी, दिनांकित : 18-10-2024 — प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

न्यायालय तहसीलदार (नजूल) कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ई.पंजी.नं.202410082200019/अ-20(1), वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् कवर्धा द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-11 एबीसी भू-खण्ड क्रं. 6/1, 6/2, 6/3 कुल क्षेत्रफल क्रमशः 1270.00, 4598.97, 726.03 व.मी. जो नजूल जांच पंजी वर्ष 1974-75 में भू-खण्ड 6/1 लोक कर्म विभाग (एस.डी.ओ साहब का बंगला), 6/2 लोककर्म विभाग (बंगला एस.डी.आ. लोककर्म एवं पुलिस) तथा 6/3 आदिम जाति कल्याण पुलिस थाना कवर्धा के नाम पर दर्ज है। जिसमें मौके पर भू-खण्ड क्रं. 6/1 एवं भू-खण्ड क्रं. 6/2 में बंगले का मलवा है तथा भू-खण्ड क्रं. 6/3 में नगर पालिका द्वारा निर्मित वाटर टैंक है। आवेदक संस्था द्वारा उक्त भूमि पर चौपाटी विकास कार्य के लिए निर्माण हेतु भूमि आबंटन कर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने उपरांत विधिवत जांचकर, जांच प्रतिवेदन बाबत् प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11/11/2024 को नियत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में कार्यालयीन अवधि में नियत तिथि तक कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम के कक्ष कमांक 25 में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

जारी दिनांक:- 09/10/2024
पेशी दिनांक:- 11/11/2024

मुहर

तहसीलदार (नजूल) कवर्धा

## संपादकीय

### भारत-कनाडा संबंध तनाव में वृद्धि

**भारत और कनाडा** के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंध और खराब हो गए हैं। नई दिल्ली ने 'निज्जर मामले' में भारतीय संलिप्तता के कनाडाई दावों को खारिज कर दिया है और इसे राजनीति-प्रेरित बताया है। दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निकाल दिया है। ओटावा द्वारा भारतीय राजनयिकों के 'लक्षित' निष्कासन के बाद नई दिल्ली ने कार्यकारी उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर समेत कनाडा के 6 राजनयिकों को निकाल दिया है। कथित रूप से भारतीय राजनयिक 'कनाडा में हिंसक आपराधिक गतिविधि' में शामिल थे। त्रूदो द्वारा ब्रिटिश कोलम्बिया में 2023 में निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंटों की संलिप्तता के आरोपों के बाद संबंध खराब हो गए थे। एक प्रेस सम्मेलन में त्रूदो ने 6 भारतीय राजनयिकों के कनाडा की धरती से निष्कासन की घोषणा की क्योंकि वे कथित रूप से कनाडाई नागरिकों के खिलाफ 'लक्षित अभियान' में शामिल थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया करते हुए इसका खंडन किया तथा आरोपों को 'पूर्वाग्रही समझ' बता दिया। विदेश मंत्रालय ने भारतीय राजनयिकों के निष्कासन के कनाडा के निर्णय की आलोचना की है। उसने इसे राजनीति-प्रेरित बताते हुए त्रूदो सरकार की घरेलू चुनौतियों से जोड़ा है। भारत ने अपनी ओर से 6 कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित करते हुए उनको 19 अक्टूबर, 2024 तक देश छोड़ने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उसने कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया है।




इस टकराव का मुख्य कारण 'सिख अलगाववाद' तथा कनाडा के 'खालिस्तान आंदोलन' से संबंध हैं। प्रमुख खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर एक कनाडाई नागरिक था जिसने लंबे समय से स्वतंत्र सिख राज्य की पैरोकारी की थी। 2023 में उसकी हत्या एक विवादास्पद मुद्दा है जिसमें कनाडाई अधिकारियों ने भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का संदेह किया था। हालांकि, भारत ने इस हत्या में किसी भूमिका से इनकार किया है और कनाडा पर आरोप लगाया है कि वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले अतिवादी तत्वों को सुरक्षित स्वर्ग उपलब्ध करा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दो मित्र देशों ने एक दूसरे से राजनयिक संबंध तोड़ लिए हैं। हालिया कार्रवाइयों के पीछे जस्टिन त्रूदो की चुनावी मजबूरियां हो सकती हैं क्योंकि चुनाव में अब केवल एक साल बचा है। सिख अलगाववादियों व खासकर खालिस्तान के पैरोकारों को जस्टिन त्रूदो का समर्थन एक जटिल घरेलू राजनीतिक मजबूरी तथा कनाडा की बहुसांस्कृतिक नीतियों के चलते है। त्रूदो की लिबरल पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से हमेशा अनिवासी सिखों का समर्थन पाने का प्रयास किया है जो काफी बड़ा और सक्रिय समुदाय है। इसमें सिख अधिकारों और कुछ मामलों में खालिस्तान की पैरवी करने वाला एक तबका भी शामिल है। कुछ खालिस्तान समर्थकों समेत सिख समुदाय के नेताओं से संबंध रखने वाले त्रूदो मजबूत सिख उपस्थिति वाले क्षेत्रों में वोट पाना चाहते हैं। इस गतिरोध से अनेक क्षेत्र प्रभावित होंगे जिससे दोनों देशों के लोगों को नुकसान होगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्तायें, आप्रवास नीतियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान प्रभावित हो सकते हैं। राजनयिकों का निष्कासन तथा राजदूत को वापस बुलाना केवल राजनयिक प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, सुरक्षा तथा घरेलू मामलों में विदेशी सरकारों की भूमिका से भी जुड़ा है। वर्तमान समय में दोनों देशों के अपने-अपने दृष्टिकोण से पीछे हटने के कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में भारत और कनाडा के बीच सुलह-समझौते तथा संबंधों को पहले की स्थिति में लाने का रास्ता चुनौतियों से भरा है।

# कनाडा चुनाव में आप्रवास मुद्दा

कनाडा वर्तमान समय में विदेशी आप्रवासियों, वेतनों में गतिरोध, तनावपूर्ण सेवाओं तथा आवासीय संकट जैसी समस्याओं से निपट रहा है। आप्रवास अगले वर्ष होने वाले चुनाव में मुख्य मुद्दा बना हुआ है।

अमल चंद्र, अजय पी. करुवल्ली
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



कनाडा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय छात्र परमिटों में कटौती की है तथा 'वर्क परमिटों' की योग्यता को कठोर बनाया है। इस प्रकार वह अस्थाई निवासियों की संख्या घटाना चाहता है। अक्टूबर, 2025 में होने वाले संघीय चुनावों में कनाडाई राजनीति में आप्रवासी मुद्दा सर्वाधिक विवादास्पद बना हुआ है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आप्रवास हमारी अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक है, पर जब बुरे लोग व्यवस्था का दुरुपयोग करते हैं तथा छात्रों के नाम का लाभ उठाते हैं तो हम कार्रवाई करते हैं।' लेकिन चीजें काफी जटिल हैं। कनाडा की जनसंख्या संरचना अपने आप में विशिष्ट है जहां रिकार्ड कम जन्म दर के बावजूद जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। 2023 से 2024 के बीच कनाडा की जनसंख्या में 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई और इस प्रकार उसने कुछ अफ्रीकी देशों को भी पीछे छोड़ दिया जो अपनी उच्च जनसंख्या वृद्धि के लिए जाने जाते हैं।

जनसंख्या में तेज वृद्धि के बावजूद कुल प्रजनन दर-टीएफआर 2022 में प्रति महिला 1.33 थी जो कनाडा के इतिहास में सबसे कम है। बहुत कम टीएफआर के बावजूद कनाडा की जनसंख्या वृद्धि आप्रवासियों की बढ़ती शक्ति का प्रतीक है। 2023 में कनाडाई जनसंख्या में 97.6 प्रतिशत वृद्धि आप्रवासियों के कारण थी। आप्रवासियों पर निर्भरता देश की बुढ़ाती जनसंख्या से निपटने की दीर्घकालीन रणनीति है। जहां कोविड-19 के कारण 2021 में जनसंख्या वृद्धि केवल 0.4 प्रतिशत रही, वहीं आप्रवास तेजी से बढ़ा और इसने जनसंख्या वृद्धि में कमी की भरपाई कर दी।

कनाडा के आप्रवासियों में भारत का बड़ा हिस्सा है जो 2023 में सभी आप्रवासियों का 10.8 प्रतिशत था। देश में आने वाले सभी आप्रवासियों में भारतीयों का प्रतिशत 1991 ओर 2000 के बीच 9.6 प्रतिशत था जो 2016-2021 के बीच 18.6 प्रतिशत हो गया। 2022 से 2026 के बीच के अनुमानों के अनुसार इस प्रवृत्ति में और बढ़ोत्तरी की आशा है। कनाडा में आप्रवास व्यवस्था के चार मुख्य कार्यक्रम-आर्थिक, परिवार, शरणार्थी तथा अस्थाई काम हैं। इनमें से पहले तीन का परिणाम स्थाई नागरिकता होती है, जबकि अस्थाई कामगार खास रास्तों पर कोटा तथा स्थाई आवास के माध्यम से चलते हैं। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए 'पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट'-पीजीडब्लूपी है। यह उन छात्रों को जारी किया जाता है जो कनाडाई संस्थानों में डिप्लोमा या डिग्री पूरी करते हैं। इस परमिट से उनको स्थाई आवास कार्यक्रमों के लिए योग्यता मिल जाती है। हालांकि, सभी आप्रवास कार्यक्रम बढ़े हैं, पर 2006 की तुलना में 2023 में अंतरराष्ट्रीय छात्र परमिटों में उल्लेखनीय रूप से 127 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

2015 के एक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि पहला अध्ययन परमिट प्राप्त करने के बाद 20 से 27 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय छात्र स्थाई आवास प्रमाण 10 साल में प्राप्त कर लेते हैं। हालिया वर्षों में इस दर में और वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि कनाडा छात्र आप्रवास मार्ग से दीर्घकालीन आवास का लक्ष्य बनता जा रहा है। सवाल है कि यह आर्थिक वृद्धि का कारण है या केवल भ्रमित करने वाला है? आप्रवासियों और उनकी आर्थिक गतिविधियों ने कनाडा की जीडीपी वृद्धि में 2000 से 2023 के बीच औसतन 1.8 प्रतिशत का योगदान किया है, लेकिन जनसंख्या वृद्धि अनेक आर्थिक चुनौतियों का कारण भी है। 2000 से 2023 के इसी कालखंड में प्रति व्यक्ति जीडीपी में वृद्धि केवल 0.7 प्रतिशत थी जो जी7 देशों में सबसे कम थी। कनाडा की अर्थव्यवस्था तथा इसकी जनसंख्या के जीवनशैली मानक पिछले दशक में लगभग ठहर गए हैं। जहां आप्रवासी आर्थिक वृद्धि में योगदान करते हैं, वहीं प्रति व्यक्ति दर घट रही है। अनेक नए आप्रवासी राष्ट्रीय औसत से कम कमाते हैं और इस बात में संदेह है कि वे पिछली पीढ़ी के आप्रवासियों की तरह आर्थिक प्रगति कर सकेंगे क्योंकि उनमें से अधिकांश अस्थाई निवासी हैं।

इस प्रकार कनाडा सरकार आप्रवासियों मुद्दे पर एक प्रकार से जुआ खेल रही है। अर्थव्यवस्था में ठहराव तथा खराब वृद्धि दर से मुकाबला करने के लिए कनाडा के नीति निर्माताओं ने आप्रवास का रास्ता अपनाया है। बड़ी संख्या में स्थाई और अस्थाई निवासियों की संख्या के कारण कनाडा ने अल्पकालीन वृद्धि को प्राथमिकता दी है। उसे उम्मीद है कि इससे टिकाऊ दीर्घकालीन वृद्धि रणनीति बनेगी क्योंकि हाल ही में आए आप्रवासी आर्थिक प्रगति करेंगे। हालांकि, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि यह नीति काम नहीं कर रही है, पर आप्रवासियों के बारे में कनाडाई जनता की राय पहले के किसी समय की तुलना में बहुत खराब है। अनेक कनाडावासियों को लगता है कि आप्रवासियों के तेजी से आने के कारण आवासों की कमी हुई है, सामाजिक सेवाओं पर दबाव बढ़ा है तथा खासकर स्वास्थ्य सेवायें व आपातकालीन सेवायें खराब हुई हैं।

आप्रवास से उम्मीद करने के बावजूद सरकार ढांचागत संरचना में समानान्तर रूप से ज्यादा निवेश करने में सफल नहीं हुई है जो आप्रवासियों और वर्तमान जनसंख्या, दोनों की सेवा कर सके। कनाडा में वेतनों को मुद्रास्फीति के मुकाबले बनाए रखने के लिए संघर्ष जारी है। इससे मूल कनाडावासियों में चिन्ता है कि आप्रवासियों के कारण वेतन घट रहे हैं। हालांकि, प्रमाणों के अनुसार देशी कामगारों के वेतन पर आप्रवासियों का प्रभाव बिल्कुल नहीं या बहुत कम है, पर इस दृष्टिकोण के कारण आप्रवास-विरोधी भावनायें तेजी से भड़क रही हैं। लेकिन निगमों ने अस्थाई कामगारों को काम पर रख कर काफी लाभ कमाया है जिसमें खतरनाक कामों के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों को काम देना शामिल है। व्यवस्था में स्थाई आवास पाने की उम्मीद से वे खराब कार्यस्थितियों में भी काम करते रहते हैं। निगमों के लिए यह सस्ते श्रम का स्रोत है। संयोग से इन कम वेतन वाले कामों में लगे रहने का अर्थ यह भी होता है कि आप्रवासियों की सामाजिक स्थिति बेहतर नहीं हो सकती है, जबकि सरकार को इसकी उम्मीद है।

सरकार की आप्रवास नीति के प्रति जनता में निराशा और गुस्सा पैदा हो रहा है। यह निराशा लगातार आप्रवासियों के प्रति बढ़ते विरोध से स्पष्ट होती है। हालिया वर्षों में जनता की भावनाओं में व्यापक परिवर्तन आया है। ज्यादा से ज्यादा कनाडाई अंतरराष्ट्रीय छात्रों व अन्य प्रवासियों के प्रति नकारात्मक भावनायें प्रदर्शित कर रहे हैं। हालांकि, जनता की भावनाओं का विश्लेषण करना और उसे सिद्ध करना आसान नहीं हे, पर रेडिट जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को 'मशीन लर्निंग माडलों' से व्याख्यायित किया जा सकता है।

हमने कनाडा में 'अंतरराष्ट्रीय छात्रों' संबंधी सभी टिप्पणियों का 2010 से 2022 तक विश्लेषण किया। हालांकि, यह किसी प्रकार पूरे कनाडाई समाज को अभिव्यक्त नहीं करते हैं, पर इससे आप्रवास के बारे में कनाडाई मध्यमार्गियों के विचार समझे जा सकते हैं। 2015 तक अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बारे में बहुत कम चर्चा होती थी या नकारात्मक भावनायें व्यक्त की जाती थीं, पर इसके बाद नकारात्मक टिप्पणियों की संख्या में बहुत तेजी आई है। इस प्रवृत्ति में 2020 के बाद बहुत तेजी आई है जिससे संकेत मिलता है कि हालिया वर्षों में आप्रवासियों के प्रति नकारात्मक भावनायें बढ़ रही हैं। इसके साथ ही 2017 के बाद से उनके बारे में की जाने वाली सकारात्मक टिप्पणियां ठहर गई हैं। हालांकि, सकारात्मक भावनायें अभी बनी हुई हैं, पर सार्वजनिक विमर्श में नकारात्मक भावनायें हावी हुई हैं।

'फूड बैंक' प्रयोग, सांस्कृतिक गलतफहमी तथा आर्थिक संघर्षों के कारण आप्रवासियों व मूल निवासियों के बीच तनाव बढ़ा है। कनाडा की आप्रवास व्यवस्था में एक रणनीतिक दृष्टिकोण का अभाव है जिसके कारण आप्रवासियों या कनाडाई नागरिकों को लाभ नहीं होता है। बिना सार्थक सुधारों के केवल निगम सस्ते श्रम का लाभ उठा रहे हैं, जबकि दीर्घकालीन लाभ की आशा नहीं है। इससे सामाजिक तनाव तथा आर्थिक ठहराव बढ़ता रहेगा। कनाडा की आप्रवास नीति का भविष्य सरकार और उसके नागरिकों की क्षमता पर निर्भर है कि वे वर्तमान चुनौतियों का कैसे सामना करते हैं तथा सभी निवासियों को लाभ पहुंचाने वाला भावी मार्ग कैसे निर्धारित करते हैं।

# जमीनी स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करना : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का युग



शोभा करंदलाजे
केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री

**वर्तमान** समय में, विश्व तीव्र गति से एक ऐसे तकनीकी भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक आख्यान का केंद्र बिंदु बन गया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का लक्ष्य हमारे युवाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से आने वाले समुदायों, महिलाओं, दिव्यांगजनों, पूर्व सैनिकों और आर्थिक रूप से वंचित नागरिकों जैसे पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों से उद्यमिता को एक व्यवहार्य कैरियर मार्ग के रूप में लेने के लिए प्रेरित करना है।

उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम का विजन केवल कारोबार के सृजन तक ही नहीं, बल्कि इससे आगे तक जाता है। यह बेरोजगारी को संबोधित करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके साथ ही, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर में ऋण गारंटी योजना की घोषणा से प्रसन्नता की लहर है, जो मशीनरी के लिए 100 करोड़ रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋण उपलब्ध कराती है और यह सीधे तौर पर किफायती ऋण तक पहुंच की महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करती है तथा कारोबारियों को अपने व्यवसाय में उन्नत प्रौद्योगिकी में निवेश करने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है। ऋण के इस प्रजातंत्रीकरण से बहुत सारे छोटे और उभरते हुए व्यवसायों को लाभ पहुंचना तय है। यही कारोबार जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देंगे और इससे धन-संपत्ति का जो सृजन होगा, वह समाज के सभी वर्गों तक तेज़ी तक पहुंचेगा।

इस वर्ष के केंद्रीय बजट में संकट की अवधि के दौरान ऋण सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था को शुरू किया गया है, जो सरकार-गारंटीड निधि द्वारा समर्थित है और ये व्यवसायों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति बनने से रोकने में मदद करता है और समग्र आर्थिक स्थिरता बनाए रखता है। 'तरुण' श्रेणी के तहत उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण को दोगुना करके 20 लाख रुपये करना एक काफी बड़ा प्रोत्साहन है, जो व्यवसायों को बड़े पैमाने पर बढ़ाने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। कम टर्नओवर सीमा और विस्तारित पात्रता के साथ व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली में सुधार एमएसएमई के लिए तरलता और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाता है। तीन वर्षों के भीतर सभी प्रमुख एमएसएमई समूहों में सिडबी शाखाओं का नियोजित विस्तार अधिक सुलभ वित्तीय सेवाओं का आश्वासन देती है, जिससे स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और 100 एनएबीएल-मान्यता प्राप्त खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा और नए बाजार के अवसर खुलेंगे।

पीपीपी मोड में ई-वाणिज्य निर्यात केंद्र का निर्माण एक और दूरदर्शी पहल है, जो एमएसएमई और पारंपरिक कारीगरों को वैश्विक बाजारों तक अधिक आसानी से पहुंचने और डिजिटल बदलाव तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। फर्स्ट टाइमर्स योजना से, जो औपचारिक रोजगार क्षेत्रों में नए लोगों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में 15,000 रुपये तक एक महीने का वेतन प्रदान करती है, जो लगभग 210 लाख युवा कामगारों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, विनिर्माण क्षेत्र में नए कर्मचारियों को काम पर रखने के लिए प्रोत्साहन, पहले चार वर्षों के दौरान नियोक्ता और कर्मचारियों दोनों के लिए ईपीएफओ योगदान को कवर करता है, जिससे 30 लाख व्यक्तियों को लाभ पहुंचता है। सरकार सुरक्षा उपायों को संस्थागत बना रही है और युवाओं को उनकी अपार क्षमता के साथ भारत की प्रगति के इंजन को चलाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही, नियोक्ता के कल्याण का भी ध्यान रखा जा रहा है, इस योजना के तहत नियोक्ताओं को एक लाख रुपये प्रति माह तक कमाने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मी के लिए दो वर्ष के लिए 3,000 रुपये मासिक तक की प्रतिपूर्ति की जाती है, जिसका लक्ष्य 50 लाख नए कामगारों को रोजगार देना है। सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास और क्रेश स्थापित करने के लिए उद्योगों के साथ भागीदारी करके एक ठोस कदम उठा रही है, साथ ही विशेष कौशल विकास कार्यक्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) उद्यमों के लिए बाजार तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। इसका आदर्श वाक्य है समावेशिता।

समावेशी आर्थिक विकास की तलाश में, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभरा है, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास में। इस महत्व को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एमएसएमई चैंपियंस योजना के तहत एमएसएमई नवप्रवर्तनकारी योजना को लागू किया है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और एमएसएमई क्षेत्र के बीच औ र मजबूत संबंध बनाना है।

दूसरी ओर, शैक्षणिक संस्थान ज्ञान और नवाचार के केंद्र हैं, लेकिन कभी-कभी उनमें व्यवहारिक अनुप्रयोग संदर्भों का अभाव पाया जाता है। एमएसएमई नवप्रर्तनकारी योजना इस अंतर को पाटती है और एक पारस्परिक संबंध बनाती है, जो दोनों क्षेत्रों को लाभ पहुंचाती है और इसकी वजह से हमारी अर्थव्यवस्था और व्यापक हो जाती है। इस योजना का दृष्टिकोण बहु-आयामी है। इनक्यूबेशन घटक के तहत मेजबान संस्थानों के रूप में 697 शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी इस योजना के व्यापक रूप से अपनाए जाने और इसके संभावित प्रभाव का सबूत है। इस सहयोग का एक प्रमुख फोकस छात्रों और एमएसएमई कर्मियों के औद्योगिक कौशल को बढ़ाना है। यह कौशल विकास एक ऐसा कार्यबल बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, जो न केवल शैक्षणिक रूप से योग्य हो, बल्कि उद्योग के लिए भी तैयार हो। छात्रों के लिए, यह वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों और अवसरों के लिए मूल्यवान संपर्क मुहैया कराता है। एमएसएमई के लिए, ये नए परिप्रेक्ष्य और नवीनतम शैक्षणिक शोध तक पहुंच प्रदान करता है, जो संभावित रूप से उनकी परिचालन चुनौतियों के लिए नवप्रवर्तनकारी समाधान की ओर ले जाता है। आज तक, हमने पिछले 10 वर्षों में 17 करोड़ नौकरियों की उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी है। अगर हम इस बात को सही परिप्रेक्ष्य में रखें, तो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ की तुलना में, वर्ष 2023-24 में देश में रोजगार बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम एक ऐसे भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं, जहां विकास हर घर तक पहुंचे और हर व्यक्ति के जीवन को छुए तथा हमारी सामूहिक ऊर्जा को विश्वगुरु बनने के आदर्श की ओर ले जाए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम महान पुनर्जागरण के युग की ओर बढ़ रहे हैं, जो हमें विकसित भारत के स्वर्णिम युग में ले जाएगा।

## आप की बात

### भारत का स्पष्ट संदेश

**भारत** ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया तथा नई दिल्ली में कनाडा के कार्यकारी उच्चायुक्त सहित छह राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने को कह दिया। कनाडा सरकार द्वारा बिना किसी सबूत के हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप भारतीय राजनयिकों पर लगाना अपमानजनक तथा निंदनीय हैं। बार-बार चेतावनी के बाद भी कनाडा की त्रूदो सरकार ने अपने राजनीति स्वार्थ के चलते कनाडा को भारत-विरोधी खालिस्तान समर्थकों का अड्डा बना दिया है। ऐसे में भारत सरकार ने अपने राजनयिक को वापस बुला कर और कनाडाई राजनायिकों को देश छोड़ने का आदेश देकर बिल्कुल सही कदम उठाया है। कनाडा सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार जहर उगलने व बेबुनियाद आरोप लगाने के चलते राजनयिक संबंध तोड़ना सर्वथा उचित है। इस प्रकार भारत सरकार ने न केवल कनाडा, बल्कि सभी पश्चिमी देशों को स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अपने आंतरिक मामलों में किसी देश का हस्तक्षेप सहन नहीं करेगा, भले ही वह चाहे जितना शक्तिशाली व आर्थिक रूप से प्रभावशाली ही क्यों न हो। जस्टिन त्रूदो निहित चुनावी स्वार्थ के लिए चरमपंथियों को संतुष्ट कर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। उनका यह कदम कनाडाई जनता के लिए भी विनाशकारी है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### कनाडा में कट्टरपन

**कनाडा** की विदेश नीति व उसके आंतरिक निर्णयों पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि वह एक ऐसे रास्ते पर अग्रसर है जो दीर्घकालिक रूप से उसे न केवल वैश्विक स्तर पर अलग-थलग कर सकता है, बल्कि उसकी सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता पर भी गंभीर असर डाल सकता है। भारत-विरोधी तत्वों को शरण और समर्थन देने की नीति ने कनाडा की अंतरराष्ट्रीय छवि को कमजोर किया है। कोई भी राष्ट्र अपने आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देता है, लेकिन कनाडा ऐसे तत्वों को खुली छूट दे रहा है जो भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर यहां की जनता के एक हिस्से को भारत के खिलाफ भड़काना चाहते हैं। यह न केवल भारत-कनाडा संबंधों में तनाव पैदा कर रहा है, बल्कि कनाडा की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए भी दीर्घकालिक खतरा साबित हो सकता है। अगर यह नीति जारी रहती है तो कनाडा को पाकिस्तान जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है जहां सरकार की नीतियों पर कट्टरपंथी तथा भारत-विरोधी तत्व हावी हो गए हैं। कनाडा को अपनी विदेश नीति में संतुलन ला कर संप्रभु राष्ट्रों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से बचना होगा।

– **अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### परोपकारी रतन टाटा

**रतन टाटा** उद्यमियों की परंपरागत परिभाषा और उनके बारे में समझ में एक अपवाद हैं। अपनी परोपकारी प्रवृत्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जिम्मेदारी के कारण टाटा को जनता के बीच व्यापक स्वीकृति मिली है। इस प्रकार टाटा समूह को लोगों का समूह माना जाता है, जिससे ग्राहकों के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव पैदा होता है। टाटा समूह की नीति रही है कि वह अपने मुनाफे का 60 प्रतिशत हिस्सा दान या जनसेवा में खर्च करे। इसके उदाहरणों में आगा खान अस्पताल व मेडिकल कॉलेज तथा टाटा कैंसर अस्पताल शामिल हैं। 2008 में ताज होटल पर हुए आतंकी हमले के बाद फुटपाथ पर सामान बेचने वाले कई लोग घायल हो गए थे और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था। ऐसे में रतन टाटा के निर्देशानुसार इन घायल व्यक्तियों को खोजा गया और उनका इलाज कराया गया। उनका आवारा कुत्तों के प्रति प्रेम भी बहुत प्रसिद्ध है। उनके नेतृत्व में नई पीढ़ी के अनेक उद्यमियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मुनाफा कमाने के साथ लोगों की भलाई के लिए पैसा खर्च करने वाले रतन टाटा और टाटा समूह को जनता अपने करीब मानती है। महाराष्ट्र सरकार ने उनको भारत रत्न से सम्मानित करने का प्रस्ताव किया है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

### चुनावों की घोषणा

**निर्वाचन आयोग** ने झारखंड महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही 47 विधानसभा उप-चुनाव कराने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ एनसीपी-शरद पवार शिवसेना-उद्धव ठाकरे की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, वहीं भाजपा के साथ शिवसेना-शिंदे और एनसीपी-अजीत पवार उनका मुकाबला करेंगे। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस व आरजेडी का गठबंधन है, जबकि दूसरी ओर भाजपा, जदयू गठबंधन उसका मुकाबला करेगा। लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह को अच्छी सफलता मिली थी। हरियाणा में विजय से भाजपा उत्साहित है, जबकि इंडिया में कांग्रेस के सहयोगी उस पर ज्यादा से ज्यादा दबाव बना रहे हैं। महाराष्ट्र में इंडिया सबको समाहित नहीं कर सकता है, इसे देखते हुए अखिलेश यादव व असदुद्दीन ओवैसी अलग से मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा उद्धव ठाकरे स्वयं को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करवाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इन राज्यों के चुनाव परिणाम देश की राजनीति प्रभवित करेंगे।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# 3 राइस मिलरों ने नॉन में जमा नही कराया 8,410 क्विंटल चावल, एसडीएम और खाद्य विभाग ने दी दबिश

**जारी की जाएगी नोटिस, चावल जमा नही करने उपरांत की जाएगी नियमानुसार कार्यवाही**

**मिलरों को 14 दिनों में करना है एफसीआई और नॉन में 27 प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा**



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में कस्टम मिलिंग का चावल समय पर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध खाद्य विभाग ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। इसके तहत खाद्य विभाग के द्वारा बुधवार को जिले के 3 राइस मिलो में दबिश दी गई। अब जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर नोटिस जारी किया जाएगा। फिर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि जिले में राइस मिलरो द्वारा एफसीआई में अरवा एवं उसना चावल जमा किया जा रहा था, लेकिन नॉन में चावल जमा नही किया जा रहा। ऐसे राइस मिलो में कार्यवाही करना सुनिश्चित की गई हैं। बुधवार को 3 राइस मिलो में एसडीएम के साथ खाद्य विभाग की टीम ने जांच की हैं। अब चावल जमा करने नोटिस जारी किया जाएगा, जिसके उपरांत भी अगर चावल जमा नही किया गया तो आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि डौंडीलोहारा में शिवा चावल उद्योग का 10 लॉट, गुंडरदेही में विद्या विशुधा राइस मिल का 15 लॉट और जैन धान कुटाई केंद्र का 4 लॉट चावल नॉन में जमा होना शेष है। उक्त तीनों मिल के संचालकों द्वारा एफसीआई में चावल जमा किया जा रहा है। लेकिन नॉन में नही किया जा रहा। जिसकी वजह से इन मिलो में जांच की गई हैं। बता दे कि एक लॉट में 290 क्विंटल चावल होता है, ऐसे में उक्त तीनों राइस मिलो द्वारा कुल 29 लॉट यानि कि 8 हजार 410 क्विंटल चावल जमा नही कराया है। उल्लेखनीय हो कि जिले में 2023-24 में कुल 120 राइस मिलरों में पंजीयन कराया था, जिसमे अरवा 88 और उसना के 32 मिल हैं।

### सूची की जा रही तैयार

वही जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर का कहना है कि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कस्टम मिलिंग का समय पर चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में समय पर चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों पर कार्रवाई की जाएगी। कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की सूची तैयार की गई है। इस सूची के अनुसार राइस मिलरों को समय सीमा में शत-प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इस माह के अंत तक करना है चावल जमा

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि जिले के राइस मिलर द्वारा एफसीआई उसना में 96 प्रतिशत में अरवा में 54 प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जा चुका है। ऑफनॉन में 88 प्रतिशत चावल जमा किया गया है। वही ओव्हरआल एफसीआई और नॉन में 73 प्रतिशत चावल जमा हो चुका है। खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि अरवा में जगह नही होने के कारण यहां चावल कम जमा हुआ है। वही उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार जिले में राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग का चावल 31 अक्टूबर तक जमा करना हैं। लेकिन अभी भी कई मिलर 60 से 70 प्रतिशत ही चावल जमा कर पाए हैं। ऐसे में शेष चावल को आगामी 14 दिनों के भीतर मिलरों को जमा कराना है। वही एफसीआई में करीबन ढाई हजार लॉट यानि कि 7 लाख 25 हजार क्विंटल चावल जमा करना शेष हैं।

### बैंक गारंटी होगी जब्त

प्राप्त जानकारी अनुसार जिला विपणन अधिकारी को प्रतिदिन लक्ष्य अनुरूप नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलर की बैंक गारंटी जब्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश के तहत समय सीमा पर चावल जमा नहीं करने वालों के खिलाफकार्यवाही की जाएगी।

## ईट पत्थर मार कर वाहन को क्षति पहुंचाने के मामले में न्यायालय में 5 आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जय स्तम्भ चौक बेमेतरा के पास ईट एवं पत्थर से मार कर चोट व वाहन को क्षति पहुचाने एवं गाडी बैक कर भागकर अपनी जान बचाने के मामले में 5 आरोपी बेमेतरा न्यायालय ने में आत्मसमर्पण किया गया इस तरह इस मामले में अब तक 24आरोपी गिरफ्तार किया गया है । 16.09.2024 को हर्षित सलूजा उम्र 22 साल निवासी वार्ड नंबर 08 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने साथियों के साथ अपनी गाडी में जा रहा था तो जय स्तम्भ चौक बेमेतरा पर सूर्या चौहान एवं उसके साथियों ने हम लोगों को रोककर गाडी पर इंट पत्थर से मारने लगे, हम लोगों ने गाडी बैक कर भागकर अपनी जान बचाई, प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 191(2),126(2), 324(4),109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं थाना/चौकी प्रभारियों, सायबर सेल सहित विशेष टीम गठित कर आरोपियों एवं संदिग्ध व्यक्ति यों की पतातलाश कर उनके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना आरोपियों एवं संदिग्ध व्यक्ति यों की पतातलाश के दौरान विगत दिनों में 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी के दौरान दिनांक 14.10.2024 को आरोपी 1. राजेन्द्र पटेल पिता सिया सिंह पटेल उम्र 62 साल साकिन वार्ड नं. 03 खम्हरिया हाल ग्राम मटिया थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा, 2. राहुल यादव ऊर्फ रवि पिता पंचराम यादव उम्र 32 साल साकिन वार्ड नं. 13 सिंघौरी बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा एवं आज दिनांक 15.10.2024 को आरोपी 1. अजय कुमार वर्मा पिता अलख राम वर्मा उम्र 36 साल साकिन खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, 2. कंचन दास मानिकपुरी पिता हेम दास मानिकपुरी उम्र 41 साल साकिन सड्डू जिला रायपुर, 3. शिवेन्द्र वर्मा पिता रमेश वर्मा उम्र 41 साल साकिन सड्डू जिला रायपुरा द्वारा माननीय न्यायालय बेमेतरा में अत्मसमर्पण किया गया है जिसे माननीय न्यायालय से अनुमति लेकर प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी हैं। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ शामिल रहे।

## अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा की मांग पर साय कैबिनेट ने लगाई मुहर



**लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी हृदय नारायण निर्वाणी ने मुख्यमंत्री साय और सचिदानंद उपासने का जताया आभार**

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

देश में इंदिरा गाँधी ने 1975 में लगाये आपात काल के दौरान तानाशाही पूर्वक निरुद्ध किये गए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा सम्मान करते हुए लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि प्रदान किया जा रहा है। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर ,इमरजेंसी के दौरान निरुद्ध हुए मीसा बंदियों के दिवंगत हो जाने पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि किये जाने की मांग रखी थी,अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा की मांग पर साय कैबिनेट ने मुहर लगाते हुए राज्य में लोकतंत्र सेनानियों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने के साथ साथ 25 हजार की अंत्येष्टि राशी देने की भी घोषणा की है,इस पर राज्य भर के 320 लोकतंत्र सेनानियों ने सरकार का आभार व्यक्त किया है,लोकतंत्र सेनानी अधिवक्ता हृदयनारायण निर्वाणी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने का आभार जताते हुए कहा कि उस दौर में जो हम सब संघ के स्वयं सेवक तानाशाही का विरोध करते हुए महीनों जेल में रहे तो इस आकांक्षा से नही थे सम्मान होगा। बल्कि वह देश बचाने, लोकतंत्र को बचाने तानाशाही के विरोध में उठाया गया कदम था, भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमन्त्री सरकार में बैठे लोग आज हमारे कामो को समाज मे रेखांकित कर रहे हैं इससे बढ़कर कुछ भी नही,अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने साय कैबिनेट के फैसले पर हर्ष जताते हुए कहा है कि महासभा की मांग रखे अभी महीना भी नही बीता था और सरकार ने अपनी कैबिनेट में इसे मंजूरी दी यह साय सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि प्रदेश भर के जिला भाजपा मुख्यालयों में उस जिले के लोकतंत्र सेनानी का फ़ोटो जिला भाजपा मुख्यालय में लगाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से भी मुलाकात करेंगे ताकि भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यकर्ताओं को मीसा बंदियों के त्याग, राष्ट्र गौरव के लिए अपना जीवन खपाने वाले स्वयंसेवकों से प्रेरणा भी मिले,और राष्ट्र धर्म के लिए अपने को समिधा बनाने की भावना कार्यकर्ताओ में और मजबूत हो सके।

## चोरी किए गए एक लाख रूपये के मामले में आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

चोरी किए गए 100000 के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करनेमें सफल हुआ इस विषय में पुलिस ने बताया कि दिनांक 11.10.2024 को प्रार्थिया श्रीमती इंदू यादव वार्ड नं. 15 नयापारा बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 28.09.2024 शाम 04 बजे से दिनांक 06.10.2024 के सुबह 10. बजे के मध्य इसके घर का ताला तोड़कर कमरा अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे नगदी रकम 1,00,000/- रूपये को चोरी कर ले गया है कि कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 331 (1), 305 (क), भारतीय न्याय सहिता (बीएनएस) पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा. पु. से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह व एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू एवं थाना स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान आरोपी सुखलाल वर्मा ऊर्फ छोटू पिता बलदाउ वर्मा उम्र 38 साल साकिन वार्ड नं. 15 नयापारा बेमेतरा को पुछताछ करने पर पता चला कि चोरी के रकम से मोबाईल फोन ङ्क58 5त्न 18,499/- रूपया एवं होम थ्रीयटर 5000 रुपये, कपडा दुकान से 02 शर्ट एवं 02 जींस पैंट कुल 1200/- रूपये में नगद खरीदना, इसी प्रकार एक जोडी जुता 500 रुपये, बेमेतरा में ही पुराना होण्डा एक्टीवा क्रमांक छ्त्न 04 ञ्चक्त 7266 को 43,500/- रूपये में खरीदना एवं घुमने फिरने में एक्टीवा में पेट्रोल भराना, एक्टीवा को 5000/- रुपये में रिपेयरिंग कराना एवं 15,000/- रूपये को छिपाकर रखना एवं एवं शेष रकम को हॉटल, ढाबा, में खाना एवं शराब पीने में खर्च करना बताया।

## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन

### विधायक दीपेश साहू ने अपने हाथों से बच्चों को परोसा स्वादिष्ट भोजन



**साहू ने आम नागरिकों संस्थाओं अभिभावकों से की अपील, स्कूली बच्चों के साथ मनाएं जन्मदिन एवं वर्षगाँठ**

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा के विधायक दीपेश साहू ने नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोबीया मे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के जन्मदिन के सुअवसर पर अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा कमलेश वर्मा एव शहर मंत्री भाजयुमो बेमेतरा गोलू कोशले के सहयोग से आयोजित न्यौता भोज में शामिल होकर बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। विधायक दीपेश साहू ने जब अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा तो बच्चों के चेहरे पर खुशियां छा गई।बच्चों ने कहा धन्यवाद विधायक सर । प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में शासन की अपील पर प्रदेश में न्योता भोज का आयोजन किया जा रहा है।सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने÷न्योता भोज÷की अभिनव पहल की जा रही है द्य बेमेतरा विधायक दिपेश साहू ने न्योता भोज कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन जैसे जन्मदिन,सादी की सालगिरह सहित अन्य उत्साह के अवसरों पर हम सब मिलकर स्कूल के बच्चों के साथ इसको एक साथ मनाएं।उन्होंने कहा कि इस प्रकार का पौष्टिक भोजन करा सकते हैं।या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। यह एक ऐसा अवसर है, जहाँ बच्चों के साथ अपनी खुशियाँ मनाई जा सकती है।न्योता भोज के रूप में बच्चों के साथ शामिल होकर इस दीन को विशेष रूप से भोजन करा सकते हैं।विभिन्न त्यौहारों अवसरों वर्षगाँठ,जन्मदिन, विवाह, और राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समुदाय के लोग अथवा कोई भी समाजिक संगठन पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। एक अवसर पर विकास घर दीवान ( जिला उपाध्यक्ष भाजपा ) विकास तंबोली, साधेलाल बघेल, टेक सिंह वर्मा (अध्यक्ष, शाला समिति ), बलराम वर्मा, संतोष वर्मा, दिनेश सिन्हा, राजेश शर्मा, अजीत कुरैशी, धर्मेंद्र वर्मा,चाकेंद्र वर्मा आदित्य कोसले, दुखित पाल,मदन वर्मा, अरुण कुमार खरे (बीईओ), राजेंद्र साहू (बीआरसी), भूपेंद्र साहू,धनंजय शर्मा, अवन कुमार जांगड़े, फिलोमिना खलखो, सुषमा ठाकुर, संजय कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह, जगत राम कोसले, सुनीता साहू तथा एमसी एसएमडीसी सदस्य समस्त शिक्षक स्टाफसम्मिलित थे।

## नगर पंचायत उतई में होगा 223 लाख के विकास कार्य

**पीआईसी ने दी विभिन्न विकास कार्यों के लिए मंजूरी**



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत उतई में पी आई सी की की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने की। बैठक में नगर मे लगभग 223.98 लाख रु के विकास कार्यों को स्वीकृत किया गया। जिसमे 15 वे वित्त अंतर्गत वार्ड 3 मे चंद्राकर हार्डवेयर से पानी टंकी तक रोड चौडी करण 4.33 लाख, वार्ड 2 गोपाल मोबाईल दुकान से कन्या शाला के सामने इंटरलोकिनिंग कार्य 1.64 लाख, वार्ड 9 गणेश मंदिर के पास रोड चौड़ी करण 4.76 लाख, 15.30 लाख से आर सी सी नाली निर्माण, वार्ड 8 कडरा तालाब जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण कार्य 39.71 लाख, वार्ड 3 नाऊ डबरी तालाब जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण कार्य 42.91 लाख, वार्ड 9 डबरी तालाब जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण 28.25 लाख, वार्ड 11 आदर्श नगर डबरी तालाब जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण कार्य 24.63 लाख, नान मिलियन प्लस सिटी वाटर सेक्टर अंतर्गत निकाय क्षेत्र मे हेंडपम्प मे ऑटोमेटीक वाटर क्लोरिनेशन सिस्टम 19.95 लाख, टाइट ग्रांड ठोस अपशिस्ट प्रबंधन अंतर्गत वाहन उपकरण सामग्री 35.50 लाख की स्वीकृति, वार्ड 8 टेकसींग कोसरिया घर के पास मंच संधारण एवं वार्ड 15 आजाद चौक के पास मंच संधारण कार्य, पटवारी कार्यालय के पास शासकीय भूमि मे पटवारी आवास एवं 1000 स्क्वेयर फीट जमीन समरस सियान सदन के लिए जमीन आबंटन एवं अध्यक्ष के अनुमति से वार्ड 13 एवं 14 शीतला मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य 10.00 लाख के कार्य एवं वार्ड 7 मंगल भवन के पास एसटीएफ निर्माण कार्य जिसमे नगर के नाली से बहने वाली गंदे पानी को पाईप लाइन के माध्यम से एसटीएफ के माध्यम से फ़िल्टर करने के कार्यों की स्वीकृति दी गई। बैठक में नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डीकेन्द्र हिरवानी, उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, लोकनिर्माण प्रभारी तोषण लाल साहू, सुरता सिंह गढ़े, किरण गोस्वामी, बीरेंद्र गोस्वामी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र नायक, उपभियंता भुवन कौशिक, लुकेश्वरी देवांगन, योगेश साहू मौजूद थे।

## एक दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रीराम मंदिर संगीत रसिक जन परिवार बेमेतरा के तत्वधान में एकदिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव संगीत समारोह का आयोजन श्री राम मंदिर प्रांगण बेमेतरा में संपन्न हुआ। कार्य म प्रारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित संगीतकार सतानंद यादव, विश्राम मिश्रा एवं पं. शिवकुमार पाठक द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कार्य म में समन्वय संगीत विद्यालय मुंगेली द्वारा कत्थक नृत्य प्रस्तुति दिया गया जिसे देखकर दर्शकगण मंत्र मुग्ध होकर ताली बजाने लगे। द्वितीय प्रस्तुति सुशील द्विवेदी भिलाई द्वारा सुगम संगीत गजल गीत प्रस्तुति एवं संगत में पं. सुरेश भट्ट खैरागढ़, रामचंद्र सर्पे द्वारा तबला वादन व सफीक हुसैन द्वारा सारंगी वादन को सुनकर श्रोतागण हुए गदगद । समन्वय संगीत विद्यालय मुंगेली एवं सुशील द्विवेदी संगीत टीम भिलाई को आयोजक द्वारा सम्मानित कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया । महोत्सव में श्री रामचरितमानस संघ जिला अध्यक्ष अनिल रजक ,सतानंद यादव,सतनाम सिंह, रमेश सैनिक, अंजोर यदू, ज्ञानी सिंह, विभाष मिश्रा, दिनेश गौतम, नारायण पाठक, अगम मानिकपुरी, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष साहू,नोहर मानिकपुरी, भागबली देवांगन, बसंत साहू, मोहन मानिकपुरी, अनिल रजक,राजा तंतुवाय, डॉ सुभाष चौबे, नूतन प्रभात, दिनेश कसार, राजकुमार ताम्रकार, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, रामजी पाठक, विनय ताम्रकार, नरेंद्र जायसवाल, महेश साहू, भीखम देवांगन,नेतराम साहू, बांके साहू, पार्षद देवराम साहू,हेमू सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## आतिशबाजी के साथ धूमधाम से की गई मां शारदा की बिदाई



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड नंबर 4 एकलव्य नगर मां शारदा उत्सव समिति द्वारा पंचमी में मां सरस्वती की स्थापना की जाती है और 5 दिनों तक पूजा अर्चना के बाद माता की प्रतिमाओं और ज्योति जवारा का पूजा हवन कर विसर्जन किया जाता है । देवी जस गीतों के साथ माता को बिदाई दी जाती है बिदाई से श्रद्धालुओं के आंखों में आंसू के साथ माता के जाने का गम साफनजर आया । माता की भक्ति में लीन होकर सरस्वती माता के मूर्ति के सामने सामने झूमते नजर आऐ तालाब तक जा पहुंचे जहां उन्हें भी शांत कराया गया तालाब पहुंचकर पंडित के मंत्र उच्चारणों और आरती के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया वार्ड क्रमांक 4 मां शारदा उत्सव समिति विसर्जन के दौरान सांस्कृतिक परंपरा को निभाते हुए नगर के शिकारी बाबा बैगा आंगा देवता बुलाकर वार्ड के खुशहाली के लिए मोहल्ले वासियों की सुख समृद्धि बनी रहे और माता का आशीर्वाद सदा मिलते रहे इसलिए समिति द्वारा डीजे ना बजाकर अंगा देवता को बुलाया गया था जो आकर्षण का केंद्र रहा पूरे वार्ड वासियों द्वारा एक शोभा यात्रा की तरह विसर्जन किया गया विसर्जन यात्रा के दौरान भक्ति में लीन होकर नाचते नजर आए प्रतिमा विसर्जन के दौरान बाजे गाजे जय अंबे, जय दुर्गा जय मां सरस्वती के जयकारों के साथ नगर का माहौल भक्ति मय हो गया। यह यात्रा वार्ड से निकलकर नगर पालिका, माइन्स ऑफिस चौक ,गुप्ता चौक से जैन भवन चौक होकर राजहरा बाबा स्थित तालाब में विसर्जन किया गया उत्सव समिति द्वारा संध्या काल में माता शारदा की बिदाई बड़े धूमधाम से कि गई, समिति के युवकों द्वारा आतिशबाजी, की गई। युवा वर्ग के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं बच्चों के ऐसी भक्ति देखकर लोगों का मान मोह लिया। मोहल्ले वासियों ने समिति के लोगों की तारीफ की कि हम भी अपने बच्चों को यह संस्कार और प्रेरणा देना चाहिए कि डीजे के धुन में ही नाचना भक्ति नहीं होता है समिति द्वारा जो किया गया यह सही तरीका है ऐसे विसर्जन करना चाहिए।

## भाजपा नेता श्याम जायसवाल को मिली जान से मारने की धमकी

**दल्लीराजहरा।** भारतीय जनता पार्टी के नेता श्याम जायसवाल को जान से मारने की धमकी मिली हैं।



श्याम जायसवाल की माँ को उनके मोबाइल नम्बर पर अनजान व्यक्ति ने श्याम जायसवाल को जान से मारने की धमकी दी है। जिसकी शिकायत उनकी माता सुशीला जायसवाल ने राजहरा थाने में किया है। जिसका पूरा विवरण इस प्रकार हैं। 16 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 22 मिनट पर सुशीला जायसवाल के मोबाइल नम्बर पर अनजान नम्बर +923419538383 से वाट्सएप कॉल आया था। कॉल उठाने पर दूसरे तरफ से धमकी भरे आवाज में कहा गया कि तुम्हारा बेटा भाजपा का बहुत बड़ा नेता बनता है। उसको भाजपा छोड़ने बोल दो नहीं तो बहुत जल्द जान से मार देंगे और हमें यह भी पता है कि इस समय वह मुंबई में है। ऐसे धमकी से घबरा कर सुशीला जायसवाल ने अपने बेटे श्याम जायसवाल को फोन कर उसका हाल चाल लिया चूंकि वर्तमान में सच मे श्याम जायसवाल राजनीतिक कार्य से मुंबई में है। इसलिए उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित होते हुए राजहरा थाने में तत्काल सूचना देकर फोन करने वाले व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर श्याम जायसवाल की सुरक्षा का निवेदन भी किया है।

## बकरी चोर गिरोह के 6 आरोपी गिरफ्तार

### बठेना में 27 से अधिक बकरियां की थी चोरी



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

पुलिस ने एक बकरा चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की 12 बकरियां भी जब्त की गई है। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में 27 से ज्यादा बकरियां चुराई थीं। मामला पाटन थाना के बठेना गांव का है। पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि बठेना निवासी रामनाथ चक्रधारी ने 5 अक्टूबर की रात घर के कोठा में बंधे 27 से अधिक बकरा व बकरी की चोरी के संबंध में एफआईआर दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने के लिए एसीसीयू टीम की मदद ली। एसीसीयू की टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए त्रिनयन ऐप की मदद ली। उस ऐप में अपराधियों की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के बारे पता लगाकर उनकी धर पकड़ करने का प्रयास शुरू किया। पुलिस ने 6 आरोपियों अरुण कुमार धृतलहरे (31 साल) निवासी सुपेला भिलाई, भगवान दास जोशी उर्फ खरगोश (32 साल) निवासी सेक्टर 6 भिलाई, ओम प्रकाश वर्मा उर्फ मूलचंद (34 साल) निवासी रुआबांधा भिलाई, इमरान कुरैशी (40 साल) निवासी बैकुंठधाम छावनी भिलाई, अशफाक अली उर्फ भागडू (40 साल) निवासी रुआबांधा भिलाई, सलमान कुरैशी (32 साल) निवासी छावनी भिलाई को गिरफ्तार किया। उनके पास घटना में उपयोग की जाने वाली स्कार्पियों गाड़ी, 12 बकरा को जब्त किया। पूछताछ करने पर सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया।

## 9 नगर पंचायत की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन में दावे-आपत्ति हेतु अंतिम तिथि 23 अक्टूबर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध बेमेतरा जिले के 09 नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, दाढ़ी, नवागढ़, साजा, थानखम्हरिया, देवकर, परपोड़ी के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को कर दिया। प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अवलोकन कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा संबंधित नगर पंचायत कार्यालय में किया जा सकता है। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल व संयुक्त कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी मती अंकिता गर्ग ने आज यहां कलेक्ट्रेट कार्यालय के दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी।

# रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं हेतु कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने लिखा रेल मंत्री को पत्र

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवगठित जिला मुख्यालय शक्ति में स्थित रेलवे स्टेशन में विगत एक लंबे समय से रेल यात्री सुविधाओं सहित महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए क्षेत्रवासी निरंतर मांग कर रहे हैं, किंतु यह दुर्भाग्य है की शक्ति रेलवे स्टेशन में आज तक रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है, तथा शक्ति रेलवे स्टेशन में जहां जिला मुख्यालय होने के बाद आसपास के कई विधानसभा क्षेत्र के रेल यात्री शक्ति से अपनी यात्रा प्रारंभ करते हैं, किंतु इस तुलना में देखा जाए तो शक्ति रेलवे स्टेशन में सुविधाएं अच्छी स्थिति में नहीं है, तथा यहां पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है, तो वहीं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने इन सभी समस्याओं को लेकर अपना पत्र प्रेषित किया है, जिसमें सांसद ज्योत्सना महंत ने बताया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवगठित जिला मुख्यालय शक्ति जो की शक्ति विधानसभा क्षेत्र है, एवं मेरे पति एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत जी का गृह विधानसभा का मुख्य रेल्वे स्टेशन है, एवं शक्ति रेलवे स्टेशन में वर्तमान में निम्नांकित यात्री सुविधाओं की आवश्यकता है,जिसके लिए आप उचित पहल करें। शक्ति रेलवे स्टेशन में महिलाओं के लिए वातानुकूलित वेटिंग रूम (बाथरूम सहित) की स्थापना हो, वर्तमान में रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में एक भी वेटिंग रूम नहीं है, शक्ति रेलवे स्टेशन में एकसीवेटर का निर्माण किया जाए,वरिष्ठ रेल यात्रियों के लिए अलग से टिकट बुकिंग काउंटर की व्यवस्था की जाये, अक्षम,बुजुर्ग तथा विकलांग रेल यात्रियों के लिए व्हीलचेयर सहित स्टेशन के बाहर अटेंडर की व्यवस्था हो इसके लिए पहल करें, शक्ति रेलवे स्टेशन में पेयजल एवम ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है,इसके लिए पहल करें, शक्ति रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म में शैड की कमी है,जिससे रेल यात्रियों को बारिश एवं गर्मी में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है सभी प्लेटफार्म में दो-दो नए शैड का निर्माण किया जाए,शक्ति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में रात्रि समय प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं है, एवं प्लेटफार्म में लगे पंखे भी खराब हो चुके हैं, तथा कभी चलते हैं तो कभी बंद हो जाते हैं, इन्हें दुरुस्त किया जाए, शक्ति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में ट्रेनों के आने पर अलाउंस का सिस्टम दुरुस्त नहीं है, तथा डिस्प्ले कोच भी अव्यवस्थित है, डिस्प्ले कोच में बताए जाने वाले नंबर पर यात्री ट्रेनों की बोगी नहीं रुकती एवं इसमें काफी फर्क है इस तकनीकी कमी को तत्काल सुधार किया जा,शक्ति रेलवे स्टेशन के बगल में अंडरग्राउंड ब्रिज का निर्माण किया तथा वर्तमान में रेलवे फाटक काफी देर बंद रहता है जिससे आम आदमी को परेशानी हो रही है,सक्ति रेलवे स्टेशन में निजामुद्दीन से रायगढ़ चलने वाली एवं रायगढ़ से निजामुद्दीन चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस तथा हावड़ा से अहमदाबाद चलने वाली एवं अहमदाबाद से हावड़ा चलने वाली एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाए,शक्ति रेलवे स्टेशन में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को स्टेशन के बाहर से प्लेटफार्म तक जाने के लिए दिक्कतें होती है, तथा यहां से ई बैटरी कार की सुविधा प्रारंभ करने हेतु रेल पातो के बीच में रैंप बनाने की कृपा करें, जिससे ई बैटरी कार की सुविधा का विस्तार किया जा सके,शक्ति रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के बाहर भी आवश्यकता अनुसार बैठने की व्यवस्था की जाए।

# इंटरकॉलेज वॉलीबॉल : विप्र कॉलेज बना विजेता



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में महंत कॉलेज द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटरकॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विप्र महाविद्यालय ने महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय को सीधे सेट में हराकर विजेता का खिताब जीत लिया वही महंत कॉलेज टीम को उपविजेता घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर की 16 महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया। आयोजन के दूसरे दिन समापन अवसर के मुख्य अतिथि तपेश चंद्र गुप्ता अध्यक्ष कॉमर्स विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. मेघेश तिवारी प्राचार्य विप्र महाविद्यालय रायपुर, डॉ देवाशीष मुखर्जी प्राचार्य महंत कॉलेज प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर निर्णायक हर्ष कुमार, रमाकांत निषाद, प्यारेलाल साहू, विजय शर्मा, वालीबाल संघ के अध्यक्ष रमाकांत निषाद, राजेश सोमवंशी राष्ट्रीय निर्णायक, दुर्गा पटनायक भी उपस्थित थे। महादेव घाट स्थित वॉलीबॉल मैदान में खेले गए फाइनल मैच में विप्र कॉलेज ने महंत कॉलेज को 15-6, 15-7 से पराजित किया। तत्पश्चात समापन समारोह में मुख्य अतिथि तपेश्वरचंद्र गुप्ता ने कहा कि वॉलीबॉल का खेल सैक्रिफाइस सीखाता है। ताकि अच्छी सर्विस कर जीत हासिल की जा सके यह एक कलात्मक खेल है,जो बेहतर खेल के साथ खेला जाता है उन्होंने कहा कि खेल में समन्वय दिखता है और रुचि लेकर खेलना चाहिए। आयोजन के माध्यम से अच्छी प्रतिभाओं को अवसर मिल सके यही प्रयास रहे। विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मेघेष तिवारी ने कहा कि विप्र महाविद्यालय फिजिकल एजुकेशन के क्षेत्र में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करता रहा है और महाविद्यालय से अच्छे खिलाड़ी सामने आए हैं उन्होंने कहा कि आयोजन के माध्यम से एक राज्य स्तरीय अच्छी टीम गठित हो प्रयास होना चाहिए। महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी ने कहा की पूरा आयोजन बिना पक्षपात के आयोजित किया गया, इसमें बेहतर खिलाड़ी सामने आए हैं राज्य स्तर की टीम के लिए चुने जाएंगे।

# भाजपा छग को यूपी जैसा अपराधियों का गढ़ बनाने में लगी हैं : नवीन गुप्ता

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार हत्याएं हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में गुंडों का राज चल रहा है। अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं है। भाजपा सरकार गुंडों, अपराधियों को पूर्ण बहुमत वाली एवं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का पूरा सपोर्ट है। और जब तक भाजपा सरकार रहेगे, तो अपराधी और गुंडे इनके संरक्षण में फूलते फलते रहेंगे, अपराधी और गुंडे को भाजपा सरकार ने पाल के रखे हैं। भाजपा सरकार में सूरजपुर जिले में प्रधान आरक्षक की पत्नि और उसकी बच्ची को मार डाला बहुत दुःख की बात है। इतना बड़ा घटना हो गया है। गृह मंत्री विजय शर्मा से कानून व्यवस्था सम्हाल नहीं पा रहे हैं। तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे। प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई हैं। तब से ऐसा लग रहा हैं। जैसे कि गुंडों, अपराधियों, चाकूबाजो, बलात्कारियों को साय सरकार के तरफ से खुली छूट और प्रदेश में अपराध को बढ़ाने के लिए ऑफर दे रखे हैं। ऐसी गूंगी, बहरी, अंधी, सरकार को चूल्लू भर पानी में डूब के मर जाना चाहिए। और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे। जब पुलिस वाले के परिवार सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता कैसे सुरक्षित रहेंगे। छत्तीसगढ़ में अब आम जनता की सुरक्षा का सवाल है। लगातार हत्याएं चाकू, बाजी हो रहे है। छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार आया है। तब से बलात्कार, आगजनी, लोगो की हत्या एवं गुंडागर्दी, चाकू बाजी, और अपराध बढ़ रहे है। और छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरा फैल है। यह सरकार गुंडो की सरकार है। छत्तीसगढ़ को अपराधियों का गढ़ बना दिया गया है। और साय सरकार कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रहे है। तो अपने पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

# कलेक्टर ने सहकार से समृद्धि के तहत नवाचारी प्रयोगों के क्रियान्वयन के लिए ज्वाइंट वर्किंग कमिटी की ली बैठक

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय तथा छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार सहकार से समृद्धि के तहत किए जा रहे विभिन्न नवाचारी प्रयोगों के जमीनी स्तर पर योजना का समय पर क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ज्वाइंट वर्किंग कमिटी का गठन करते हुए प्रथम बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर एवम् जिला दंडाधिकारी तोपनो द्वारा सहकार से समृद्धि के कार्यों की जिलेवार रैंकिंग की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न सहकारी सदस्यता जल्द से जल्द ग्रहण कराने संबंधी निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में एक्टिवेटेड सीएससी आईडी के ट्रांजेक्शन में वृद्धि हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया, जिससे जिले की रैंकिंग में वृद्धि हो तथा आमजनता को लाभ मिल सके। सहकारिता अधिकारी माहेश्वरी तिवारी ने बैठक में बताया कि भारत शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कम से कम एक सहकारी समिति गठन के एवम् खाता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में खोलने के निर्देश है।

## ट्रेलर की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवक की मौत, शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** जिले में ट्रेलर की चपेट में आकर स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालके खिलाफअपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। जेल पारा निवासी महिला लता ने बताया कि वह आटा रिक्शा चलाती है और उसका पति गिरधर देवांगन बैनर पोस्टर लगाने का काम करता है। 14 अक्तूबर की सुबह उसका पति कोरबा जा रहा हूं कहकर स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एक्यू 4398 से निकला था इसी बीच रात करीब 9 बजे के आसपास फोन कर बताया था कि वह घर लौट रहा था लेकिन देर रात तक वापस घर नही लौटा। अगले दिन 15 अक्तूबर की सुबह 08 बजे फोन से सूचना मिली कि बनहर तिराहा के पास मेन रोड में ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीयू 5707 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गिरधर देवांगन को जोरदार टक्क र मार दी, जिससे उसके सिर, हाथ पैर में गंम्भीर चोंट और अधिक रक्त बहने की वजह से गिरधर देवांगन की मौत हो गई।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाई मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला सकती के अध्यक्ष सैय्यद आबिद के नेतृत्व में भारत रत्न मिसाइल मैन स्व. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर पुष्पांजलि सभा एवं छायाचित्र में पुष्प अर्पित किया गया एवं जयंती के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बोरदा तह सकती पहुंचकर पेन कॉपी एवं स्टेशनरी सामान वितरण किया गया, इसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा , ग्रमीण मंडल अध्यक्ष प्रेम पटेल,जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव ,झुग्गी झोपड़ी संजोयक रंजन सिन्हा, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सलीम खान,नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव,जिला कार्यालय प्रभारी दीपक गुप्ता ,अनुभव तिवारी , प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक ममता साहू,ग्राम बोरदा के सरपंच के साथ गांव के अन्य एवं भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ट्रेन से अपने दोस्त के साथ मुंबई जा रहा शक्ति के पूर्व पार्षद का पुत्र हुआ गायब, थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति की वार्ड क्रमांक-18 की पूर्व पार्षद श्रीमती कमला अनिल रौतिया का 29 वर्षीय सुपुत्र जो की ट्रेन से मुंबई जा रहा था, वह रास्ते में ही गायब हो गया है, जिसकी सूचना पूर्व पार्षद कमला अनिल रौतिया ने पुलिस थाना शक्ति में 12 अक्टूबर 2024 को दर्ज कराई है, थाना प्रभारी शक्ति को प्रेषित अपने पत्र में आवेदिका ने बताया है कि मैं कमला रौतिया पति अनिल रौतिया निवासी वार्ड क. 18 स्टेशन पारा सक्ती छ.ग. की हूँ।मेरा पुत्र खगेश रौतिया उम्र 29 वर्ष दिनांक 27/09/2024 को अपने दोस्त सतीश यादव पिता जीवन लाल यादव (वार्ड क. 18 स्टेशन पारा सक्ती छ.ग.) के साथ काम के सिलसिले में मुंबई जा रहा हू कहकर गया था, जहा पर रह कर काम की तलाश कर रहे थे दिनांक-08/10/2024 को सुबह 9:30 बजे मोबाईल से बात हुआ था। जिसमें घर आ रहा हूँ कहकर बात हुआ और बताया की नागपुर पहुंचा हूँ कहकर पिता अनिल रौतिया से घर पर बात हुआ है जो आज दिनांक तक घर वापस नही आया है। लेकिन सतीश यादव अपने घर आ गया पर मेरा पुत्र खगेश रौतिया नहीं आया और मेरे पुत्र खगेश रौतिया को बहुत ढूंढने पर भी पता नही चल रहा है। एवं खगेश रौतिया का मोबाईल 6232756019 बंद बता रहा है,अतः आपसे निवेदन है कि मेरा पुत्र खगेश रौतिया का गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें, आवेदिका का पता- कमला रौतिया पति अनिल रौतिया निवासी वार्ड क. 18 स्टेशन पारा सक्ती (छ.ग.) मो. 6262366739 है, आवेदिका ने पुलिस थाना शक्ति में अपनी रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की है कि जिस किसी को उनके पुत्र की जानकारी मिले वे तत्काल उनके मोबाइल नंबर पर सूचना करें।

# आमजनता के लिए मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों तथा पंचायत में आगामी आम निर्वाचन की प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई है। जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सक्ती द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपील अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उपरोक्त अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची को वार्डवार तैयार कराने के लिए मतदाताओं को वार्ड की सीमा क्षेत्र में विभाजित कर प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार करा लिया गया है। जिसका प्रारंभिक प्रकाशन आज दिनांक 16 अक्टूबर 2024 को समरत नगरीय निकायों तथा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय के सूचना पटल पर कर दिया गया है। जिसको आमजनता द्वारा अवलोकन किया जा सकता है,प्रत्येक वार्ड के लिए एक प्राधिकृत कर्मचारी की नियुक्ति किया गया है, जो संबंधित वार्ड में मतदाता सूची के साथ निर्धारित किये गये स्थान पर दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक उपस्थित रहेंगे। दावा आपत्ति दिनांक 16 अक्टूबर 2024 से 23 अक्टूबर 2024 को सायं 03.00 बजे तक लिये जायेंगे। प्रतिदिन प्राप्त दावा आपत्तियों को जांच कर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। पात्र दावा का तत्काल निराकरण किया जायेगा। दावा आपत्ति के निराकरण की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। यदि किसी प्रकार के दावा का निराकरण नहीं होता है उस स्थिति में दावा आपत्ति के निराकरण आदेश की तिथि के 05 दिवस के भीतर उस दावा के लिए अपील अधिकारी के पास अपील किया जा सकेगा, जिनका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। दावा आपत्ति परिवर्धन, संशोधन तथा विलोपन के प्रकरणों पर किया जा सकेगा,दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत मतदाता सूची का चेकलिस्ट तैयार किया जायेगा, जिसे संबंधित नगरपालिका, नगर पंचायत कार्यालय द्वारा तैयार किया जायेगा।

# दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता ग्राम घिवरा में

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com



शासन के मनशानुसार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जिसमें दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत घिवरा में जिसमें खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल वेटलिफ्टिंग कुश्ती 50 किलो/ 53 किलो, रसाकसी, एथलेटिक्स 100 मीटर/400 मीटर, तवा फेक, बैडमिंटन जिसमें 9 वर्ष से 18 वर्ष व 18 वर्ष से 35 वर्ष की महिलाएं भाग ले सकती हैं । इस महिला खेलकूद का उद्घाटन हमारे क्षेत्र के भा ज पा जिलाध्यक्ष माननीय कृष्णकांत चंद्रा ने किया उनके साथ में गोपी कुवर सिह ठाकुर तथा अनेक नेताद्वय रहे। अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी को खेल की भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में आज हमारे देश के अनेक खिलाडी पुरस्कार जीत कर हमारे देश को गौरवन्तीत कर रहे हैं खिलाड़ियों को विदेश से देश मे आने पर जोरदार स्वागत किया जा रहा है इसी कड़ी को लेकर आज महिला खेल का आयोजन विकास खंड स्तर पर प्रारंभ किया गया ।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय में कुल उत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती में जिला स्तरीय कुल उत्सव का आयोजन हुआ है, शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती में जिला स्तर पर शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के चतुर्थ कुल उत्सव के अंतर्गत विभिन्न बौद्धिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं (भाषण, निबंध, चित्रकला व लोकनृत्य) का आयोजन किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर जिला सक्ति उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर महोदय द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा कलेक्टर महोदय का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के उपरांत कार्यक्रम की संयोजक प्रो हेमपुष्पा चंद्रा द्वारा कुल उत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा का वर्णन किया गया। कार्यक्रम मे कलेक्टर महोदय द्वारा प्रतिभागियों को साहित्यिक एवं बौद्धिक गुणों का महत्व बताते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया।कलेक्टर महोदय द्वारा सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।उन्होंने इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे अपना महाविद्यालयीन जीवन याद आ गया जब मैं भी ऐसे कार्यक्रमों में भागीदारी करता था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा कलेक्टर महोदय का कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चित्रकला प्रतियोगिता जिसका थीम हमर छत्तीसगढ सुग्घर छत्तीसगढ़ से हुआ। तत्पश्चात निबंध (पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका) प्रतियोगिता, भाषण (स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत) प्रतियोगिता एवं लोकनृत्य (सुवा/ करमा/पंथी) प्रतियोगिताएं क्रमशः संपन्न हुआ । सभी प्रतियोगिताओ में सक्ति जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उनका चयन विश्वविद्यालय स्तरीय कुल उत्सव के लिए किया गया ।चित्रकला में चेतना साहू, शिक्षा महा. ऋषभ तीर्थ, मीनू टंडन, शास महा डभरा, राधिका पटेल, क्रांतिकुमार भारतीय महा सक्ति, भाषण में नीतू खूंटे, शास महा मालखरौदा, प्रिया मैत्री, क्रांतिकुमार महा सक्ति, कावेरी चंद्रा, शिक्षा महा ऋषभतीर्थ, निबंध प्रतियोगिता में खुशबू देवांगन जवाहर लाल नेहरू महा सक्ति(


**सैन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड**
**Cent Bank Home Finance Limited**
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

**परिशिष्ट- IV- A [नियम 8 (6)]**
**टेण्डर सह-नीलामी**
**बिक्री सूचना - 04.11.2024**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु सूचना**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों /जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है की नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर निम्न वर्णित ऋणी व जमानदारों से **सेन्टबैंक होम फायनेंस लिमिटेड,** प्रतिभूति लेनदार की वसूली हेतु **04.11.2024** को बेचा जाएगा | प्रतिभूति- दाता, आरक्षित मूल्य व अग्रिम धनराशिका विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम और खाता संख्या | संपत्तियों का विवरण | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि (₹) | तिथि | आरक्षित मूल्य (₹) / धरोहर राशि (₹ 10%) |
|---|---|---|---|---|
| | | | मांग सूचना की / कब्जा की | |
| श्री आदित्य तिवारी, और श्रीमती सपना तिवारी खाता संख्या: 00302070002816 | संपत्ति का वह समस्त अंश जिसमें फ्लैट संख्या एलआईजी - 655, ब्लॉक संख्या 41, तीसरी मंजिल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरियाकला, रायपुर (छत्तीसगढ़) क्षेत्रफल 487 वर्ग फीट, सीमायें: पूर्व: एलआईजी - 653, पश्चिम: एलआईजी-669, उत्तर: एलआईजी 656, दक्षिण: रोड शामिल है | 5,73,556/- + ब्याज और अन्य शुल्क | 28.06.2018 / 23.07.2021 (भौतिक) | 4,00,000/- / 40,000/- |

**नियम व शर्तें:** (1). नीलामी **"जहाँ है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है"** के आधार पर की जा रही है। **(2).** प्रतिभूति सम्पत्तियों को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जायेगा | (3). इच्छुक क्रेता /बोलीदाता को डिमाण्ड ड्राफ्ट (राष्ट्रीकृत बैंक) /आरटीजीएस/ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से धरोहर राशि (ईएमडी) (आरक्षित मूल्य के 10% से कम नही) के साथ एक बंद लिफाफे में निर्धारित निविदा फार्म में अपनी निविदा प्रस्तुत करनी होगी । **सेन्ट बैंक होम फायनेंस लिमिटेड, रायपुर शाखा** के उपरोक्त पते पर **दिनांक 04.11.2024 शाम 4.00 बजे** से पहले सेन्ट **बैंक होम फायनेंस लिमिटेड, रायपुर शाखा** के पक्ष में जमा करानी होगी। (4). सीलबंद लिफाफे को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **रायपुर शाखा** में पात्र/उपलब्ध इच्छुक बोलीदाताओं की उपस्थिति में **04.11.2024 को सांय 5.00 बजे** खोला जायेगा जिन्होने नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट (राष्ट्रीकृत बैंक)/आरटीजीएस/ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से **04.11.2024 को शाम 4.00 बजे** तक ईएमडी राशि जमा करवाई है। **(5).** प्राधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई प्रभार नहीं है। फिर भी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले प्रभारों, सीमांकन, सीमाओं, सम्पत्ति के शीर्षक से सम्बधित स्वंय कि स्वतन्त्र जानकारी तथा निरीक्षण करके स्वयं को सन्तुष्ट करना चाहिए। कम्पनी किसी भी प्रभार तथा सम्पत्ति पर बकाया जो कि नीलामी दिनांक के बाद में कम्पनी की जानकारी में आता है तो कम्पनी उत्तरदायी नही होगी | प्राधिकृत अधिकारी /प्रतिभूति लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों /अधिकारों /बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नही होगा। **(6).** बोली जमा कराने से पहले सम्पत्ति और सीमांकन के बारे में निरीक्षण करना और संतुष्टि करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी । नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति के निरीक्षण में रुचि रखने वाले बोलीदाताओं को **दिनांक 23.10.2024 से 24.10.2024 तक प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच** अनुमति होगी। **(7).** सफल बोलीदाता/उच्चतम बोली लगाने वाले की धरोहर राशि आंशिक बिक्री विचार के लिए रखा जाएगा और असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि जमा करने पर कोई ब्याज देय नही होगा | विक्रय की पुष्टि उस क्रेता के पक्ष में की जाएगी जिसके द्वारा उच्चतम बोली लगाई जायेगी जो प्राधिकृत अधिकारी को दी गई है एवं प्रतिभूति लेनदार द्वारा जिसकी पुष्टि की जाएगी | उच्चतम बोली प्रतिभूति लेनदार/प्राधिकृत अधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगी | **(8).** सफल बोली लगाने वाले को बिक्री मूल्य का 25% (ईएमडी भुगतान सहित)उसी दिन अथवा आगमी 24 घण्टे के पूर्व जमा करवाना होगा , बिक्री मूल्य का शेष 75% बिक्री की पुष्टि के 15 दिवस के भीतर जमा करवना होगा। यदि बोलीदाता शेष राशि जमा करवाने में चूक करता है तो कम्पनी पूर्व में जमा राशि को जब्त कर लेगी तथा कम्पनी द्वारा सम्पत्ति को पुनः बेच दिया जायेगा | **(9).** क्रेता स्टाम्प ड्युटी/पंजीकरण शुल्क/ अन्य खर्चे आदि वैधानिक बकाया कर/समायोजन खर्चे आदि स्वंय के द्वारा या अन्य के द्वारा किये गये हो को स्वंय को वहन करना होगा। **(10).** प्राधिकृत अधिकारी सर्वोच्च प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही है प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का/बिना किसी कारण बताये नीलामी को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा | **(11).** सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत नियम 8(6) के तहत ऋणी/ जमानतदार/सम्पत्ति मालिक को भी उपरोक्त ऋण के संदर्भ में उपरोक्त वर्णित संपत्ति की ब्रिकी के लिए सूचित किया जाता है।

**स्थान : रायपुर, दिनांक : 17.10.2024** **प्राधिकृत अधिकारी - सेन्ट बैंक होम फायनेंस लिमिटेड**

मकान नंबर ए -64, गुप्ता डेंटल हॉस्पिटल के पीछे, स्ट्रीट नंबर 1, नेताजी होटल चौक के पास, कटोरा तालाब, रायपुर- 492001, फोन नं. 0771-2225088



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (वि./यॉ.) संभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांकः-5604/NIT-05/2024-2025/व.ले.लि. दिनांक 16/10/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मेन्युल निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 24/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
एम आर काटने की अंतिम तिथि :- 25/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 05/11/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 06/11/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| निविदा क्र. | कार्य का नाम प्रथम आमंत्रण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| T-046 से T-066 | लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उप संभाग जगदलपुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय भवनों, विश्राम गृहों एवं विश्राम भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण कार्य। | 95.00 (कुल 19 अलग-अलग कार्य) | प्रत्येक कार्य 12-12 माह |
| | सिविल संभाग दन्तेवाड़ा एवं जिला दन्तेवाड़ा के शासकीय भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण कार्य। | 10.00 (कुल 02 अलग-अलग कार्य) | प्रत्येक कार्य 12-12 माह |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। कार्य का भुगतान आबंटन प्राप्त होने पर ही किया जायेगा।


कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग,
जगदलपुर (छ.ग.)

G-242503258/4

# तनाव और खराब जीवनशैली बनी रीढ़ की समस्याओं का कारण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व रीढ़ दिवस के अवसर पर रीढ़ की हड्डी और इससे जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना रहता है। रीढ़ हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल हमें सहारा देता है बल्कि पूरे शरीर की संरचना और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। आधुनिक जीवनशैली, तनावपूर्ण दिनचर्या और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण रीढ़ से जुड़ी समस्याएं आम हो गई हैं। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य रीढ़ से संबंधित समस्याओं की रोकथाम, इलाज और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस विश्व रीढ़ दिवस की शुरुआत 2008 में हुई थी, जब वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ चिरोप्रैक्टिक ने पहली बार इसे मनाने की पहल की। इसका उद्देश्य रीढ़ से जुड़ी बीमारियों और विकारों, जैसे पीठ दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका आदि के प्रति जागरूकता फैलाना है । 2012 में इसे बोन एंड जॉइंट डिकेड की एक पहल के रूप में अपनाया गया और आधिकारिक रूप से इसे हर साल मनाया जाने लगा। इसका मुख्य उद्देश्य रीढ़ की हड्डी से संबंधित विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इन विकारों से निपटने के लिए सही उपचार और रोकथाम के तरीके सिखाना है। इस दिवस के माध्यम से स्वास्थ्य विशेषज्ञ और संगठनों का लक्ष्य यह है कि लोग रीढ़ की सेहत के महत्व को समझें और अपनी दिनचर्या में इसे प्राथमिकता दें। रीढ़ की देखभाल करना न केवल व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक है, बल्कि यह समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के कारण कई लोग अपनी दैनिक गतिविधियों में कठिनाई का सामना करते हैं। रीढ़ की हड्डी शरीर की आधारशिला है। यह हमारे शरीर के ढांचे को बनाए रखने में मदद करती है और तंत्रिका तंत्र का एक मुख्य भाग है। यह न केवल हमारे शरीर को लचीलापन और गतिशीलता प्रदान करती है, बल्कि मस्तिष्क से संदेशों को शरीर के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने का काम भी करती है। रीढ़ की हड्डी 33 कशेरुकाओं से बनी होती है, जिनमें से प्रत्येक का अपना कार्य और महत्व होता है। रीढ़ की हड्डी पूरे शरीर का समर्थन करती है और खड़े होने, बैठने और झुकने जैसे कार्यों में मदद करती है। यह हमारी शारीरिक संरचना को संतुलन और स्थिरता प्रदान करती है। रीढ़ के भीतर की स्पाइनल कॉर्ड तंत्रिका तंत्र का एक प्रमुख हिस्सा है, जो मस्तिष्क से शरीर के विभिन्न हिस्सों तक संदेश पहुंचाती है। यह संचार प्रणाली हमारे शरीर के




सभी अंगों को मस्तिष्क से जोड़ने में मदद करती है। रीढ़ की हड्डी हमारे शरीर को झुकने, मुड़ने और अन्य विभिन्न प्रकार की गतियों को करने में सक्षम बनाती है। इसके बिना हम चलने-फिरने और शारीरिक गतिविधियों को ठीक से नहीं कर सकते। यह रीढ़ की संरचना को प्रभावित कर सकता है और स्लिप डिस्क, पीठ दर्द, गर्दन दर्द जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। जो लोग दिन भर बैठे रहते हैं या जिनकी शारीरिक गतिविधि कम होती है, उनमें रीढ़ की समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। शारीरिक गतिविधियों की कमी से मांसपेशियों और जोड़ों में कमजोरी आ जाती है, जिससे रीढ़ पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और यह दर्दनाक हो सकता है। अधिक वजन होने से रीढ़ की हड्डी पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। मोटापे के कारण रीढ़ और उसके आसपास की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, जिससे पीठ दर्द, डिस्क की समस्याएं और अन्य रीढ़ संबंधी विकार हो सकते हैं। आप जानते होंगे की स्कोलियोसिस जैसी विकार से रीढ़ की हड्डी एक तरफ मुड़ जाती है, और उनके इलाज में विशेष ध्यान देना पड़ता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, रीढ़ की हड्डियों में प्राकृतिक रूप से कमजोरी आने लगती है। उम्र के साथ, रीढ़ की डिस्क्स में पानी की मात्रा कम होने लगती है, जिससे उनकी लचीलापन और कुशनिंग क्षमता कम हो जाती है। इससे पीठ दर्द, हर्निएटेड डिस्क, और साइटिका जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जिससे स्लिप डिस्क और अन्य रीढ़ संबंधी विकार हो सकते हैं। खासकर जब बिना सही तकनीक के भारी वस्तुएं उठाई जाती हैं, तो रीढ़ को अत्यधिक दबाव सहन करना पड़ता है। रीढ़ की हड्डी के कमजोर होने के कुछ प्रमुख लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैं, जिसमें पीठ दर्द यह सबसे सामान्य लक्षण है, जो रीढ़ की हड्डी की समस्याओं की ओर संकेत करता है। यह दर्द हल्के से लेकर गंभीर हो सकता है और लंबे समय तक बना रह सकता है। मांसपेशियों में कमजोरी रीढ़ की हड्डी की कमजोरी से शरीर के विभिन्न हिस्सों में मांसपेशियों में कमजोरी महसूस हो सकती है, खासकर पीठ और पैरों में। झनझनाहट और सुन्नता रीढ़ की समस्याओं के कारण तंत्रिकाओं पर दबाव पड़ सकता है, जिससे हाथों और पैरों में झनझनाहट या सुन्नता हो सकती है। संतुलन में कठिनाई रीढ़ की हड्डी में कमजोरी या दर्द होने पर चलने, खड़े होने या अन्य गतिविधियों में असंतुलन महसूस हो सकता है। रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए जा सकते हैं जैसेः- सही तरीके से बैठना, खड़ा होना और सोना रीढ़ की हड्डी की सेहत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक एक ही मुद्रा में बैठे रहने से बचें और समय-समय पर अपनी स्थिति बदलें। कंप्यूटर के सामने बैठते समय रीढ़ को सीधा रखें और अपनी कुर्सी का इस्तेमाल सही तरीके से करें। नियमित रूप से व्यायाम करना रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। स्ट्रेचिंग, योग, और तैराकी जैसी गतिविधियाँ रीढ़ की लचीलापन और मांसपेशियों की मजबूती को बढ़ाती हैं। इससे रीढ़ पर दबाव कम होता है और दर्द से राहत मिलती है। भारी वस्तुओं को उठाते समय हमेशा अपने घुटनों से झुकें और पीठ को सीधा रखें। इससे रीढ़ की हड्डी पर पड़ने वाले अनावश्यक दबाव को कम किया जा सकता है। अधिक वजन से बचने के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम आवश्यक हैं। इससे रीढ़ पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सकता है। रीढ़ की हड्डी की कमजोरी का उपचार उसके कारणों और गंभीरता पर निर्भर करता है। कम गंभीर स्थितियों में दर्द निवारक दवाएँ, जैसे इबुप्रोफेन या एस्पिरिन, दर्द और सूजन को कम करने के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं। यह दवाएँ सामान्यतः अस्थायी राहत देती हैं, लेकिन लंबे समय तक उपयोग से बचना चाहिए। फिजिकल थेरेपी रीढ़ की समस्याओं के उपचार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें पेशेवर फिजिकल थेरेपिस्ट द्वारा व्यक्तिगत रूप से डिजाइन किए गए व्यायाम शामिल होते हैं। ये व्यायाम रीढ़ की मांसपेशियों को मजबूत करने और लचीलापन बढ़ाने में मदद करते है सर्जरी का निर्णय आमतौर पर डॉक्टर द्वारा तब लिया जाता है जब अन्य उपचारों से कोई राहत नहीं मिलती है। हालांकि सर्जरी से पहले और बाद में कई बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है। सर्जरी के बाद ठीक होने में समय लगता है और इसके साथ ही फिजिकल थेरेपी और सही देखभाल की आवश्यकता होती है।

# 125 एमबीबीएस पास डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग ने दी पोस्टिंग

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य विभाग ने 125 एमबीबीएस पास डॉक्टरों व छात्रों को दो साल की संविदा नियुक्त पर प्रदेश के अस्पतालों में पदस्थ किया है। डॉ. रिया जायसवाल को बैकुंठपुर, डॉ. विजया खेलवाड़े को अभनपुर, डॉ. आयुष पटेल को बोरिया खुर्द, डॉ. रूप शुक्ला को बस्तर, डॉ. आयुष कुमार सिंघानिया, डॉ. मानसी सिंह, डॉ. प्रीति जाटवार व डॉ. विश्वजा जाउरकर को मेडिकल कालेज रायपुर में पदस्थ किया गया है।इनके अलावा डॉ. सुमन सचदेव को गोबरा नवापारा, डॉ. ऐश्वर्या कश्यप को भनपुरी, डॉ. हर्षाली नवलानी चटौद, डॉ. पंकज अग्रवाल दामाखेड़ा, डॉ. साक्षी केशरवानी रोहांसी, डॉ. वैदेही यादव कोसमंदी, डॉ. साइमा चौबे महासमुंद, डॉ. साक्षी नथानी, डॉ. दियांश कश्यप, डॉ. दीक्षा सिंह व डॉ. आकांक्षा तिवारी बिलासपुर, डॉ. आंचल गर्ग व डॉ. श्रुति पांडेय मस्तूरी, डॉ. शिवांगी पांडेय पोड़ीदल्हा, डॉ. मोनिका शर्मा रतनपुर, डॉ. प्रणम्य वैष्णव घौरपुरा, डॉ. कार्तिकेय सापरिया राम्हेपुर, डॉ. रोशन सोनी चेतमा, डॉ. अरविंद पटेल झलमला, डॉ. भास्कर मिश्रा बस्ती में पदस्थ किए गए हैं। डॉ. मयंक कुमार कौशले बलौदा, डॉ. नुपूर दवे सोंठी, डॉ. प्रवेश अग्रवाल सारंगढ़, डॉ. गौरवकांत ताम्रकर सुपेला, डॉ. सृष्टि गुप्ता भिलाई -3, डॉ. प्रांजलि साहू धमधा, डॉ. खुशबू यादव अंजोरा, डॉ. ऋषभ जैन बटरेल, ईशिता धीर राजनांदगांव, डॉ. पुरुषोत्तम धनेलिया कबीरधाम, डॉ. अमन विरदी बेमेतरा, डॉ. विशे, साहू मरका, डॉ. वेदप्रकाश सिन्हा गोटाटोला, डॉ. शुभम ठाकुर दल्ली राजहरा, डॉ. सौरभ अग्रवालदरिमा, डॉ. शचिस कुमार मिश्रा कमलपुर, डॉ. आयुष जैन अंबिकापुर और डॉ. आयुशी गुप्ता मेडिकल कालेज अंबिकापुर के नाम शामिल हैं। डॉ. प्रणव कुमारसिंह मरावी वंदना, डॉ. रोज सिंह चिरमिरी, डॉ. उत्कर्ष वर्मा धरसेड़ी व डॉ. उन्नति गुप्ता बलरामपुर में पदस्थ किए गए हैं।

# शरद पूर्णिमा के अवसर पर दिव्य औषधि का निःशुल्क वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



अरसे से श्वसन संबंधी बीमारियों से जूझ रहे सैकड़ों रोगियों को 16 अक्टूबर 2024 बुधवार को शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्वास दमा रोग से मुक्ति हेतु सेवन की जाने वाली चित्रकूट की प्रसिद्ध दिव्य औषधि का निशुल्क वितरण एवं श्वास रोगों के लिये निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आर.पी.नगर फेस निहारिका कोरबा में किया गया। जिसका सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। इस संबंध में संस्थान के प्रमुख चिकित्सक डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि वंशानुगत और प्रदुषण जन्य कारणों से श्वास दमा सम्बंधी रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसमे विभिन्न तरह के उपचार पद्धतियों से उपचार कराने के बावजूद रोगी को अपेक्षित लाभ नही मिल पा रहा है , वहीं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति जो लोगो को वर्षो से विशुद्ध एवं निरापद चिकित्सा प्रदान कर रही है जिसमे श्वास दमा संबंधी रोगों से निजात दिलाने के लिए हर तरह के दुष्प्रभाव से रहित एक चमत्कारिक औषधि जो की चित्रकूट के महात्मा जी द्वारा वर्षो के अनुसन्धान के पश्चात् तैयार की गई है। जिसका विधिपूर्वक उपयोग शरद पूर्णिमा में करने पर शत प्रतिशत लाभ होता है। नाड़ी वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया इस तरह की भ्रांति फैली हुई है कि दमा दम के साथ जाता है अर्थात ठीक नही होता सर्वथा गलत है, अपितु संयम नियम और अनुपान का सही ढंग से पालन कर नियमपूर्वक इस दिव्य औषधि का सेवन करने से दमा का ही दम निकल जाता है और दमा रोगी को इस रोग से जड़ से मुक्ति मिल जाती है। इसी दिव्य औषधि का श्री शिव औषधालय एम.आई.जी.20 आर.पी. नगर फेस 2 निहारिका कोरबा द्वारा निशुल्क वितरण किया गया एवं औषधि सेवन के नियम पथ्य अपथ्य के बारे में दिया निशुल्क परामर्श भी संस्थान के संस्थापक नाड़ी वैद्य पंडित शिवकुमार शर्मा एवं संस्थान के चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा निशुल्क दिया गया। शिविर में कोरबा जिले के ही नही अपितु जांजगीर-चाम्पा, बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, कवर्धा, अंबिकापुर, कोरिया, रायपुर, दुर्ग, जशपुर आदि जिलों के सैकड़ों मरीजों ने दिव्य औषधि निशुल्क प्राप्त करने के साथ-साथ ईस दिव्य औषधि को पाकर अत्यंत प्रसन्नतापूर्वक श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ी वैद्य पंडित शिवकुमार शर्मा संस्थान के चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा तथा संचालिका प्रतिभा शर्मा को इस दिव्य औषधि को सहज उपलब्ध कराने एवं संबंधित परामर्श प्रदान करने हेतु पर बहुत बहुत धन्यवाद एवं साधुवाद दिया। शिविर में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, संरक्षक लायन सुधीर सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य लायन नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारीया, लायन अश्वनी बुनकर, मनीष कौशिक, तोरेंद्र सिंह, महेंद्र साहू, देवबली कुंभकार, कमला कुंभकार, राजेश प्रजापति, राकेश इस्पात, सिद्धराम शाहनी, नेहा कंवर, वीरेंद्र सोनी एवं बबलु सोनी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर में तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 टाईफाई का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. एस. मार्को के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं राज्य स्तरीय सहयोगी टीम वाइटल स्ट्रेटेजिस द्वारा संचालित ब्लूमबर्ग परियोजना छ.ग. के द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीपीसी) के तहत राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर में तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 (टाईफाई) आयोजित किया गया। भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अवगत कराया गया है कि वैश्विक व्यवस्क तम्बाकू सर्वेक्षण वर्ष 2016-17 (जीएटीएस) के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य की 39.1% आबादी तंबाकू अथवा तंबाकू उत्पादों का सेवन करती है तथा वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण 2019 (जीवाईटएस) के अनुसार राज्य के 13 से 15 वर्ष के 8% शाला प्रवेशी बच्चे भी तम्बाकू की लत की चपेट में आ चुके है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेष में तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 (टाईफाई) दिनांक 24 सितम्बर 2024 से आयोजित किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में अभियान के तहत ब्लूमबर्ग के संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव ने मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट को पावर प्वाईट के माध्यम से तम्बाकू के दुष्परिणाम के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्होने कहा कि कई सारे मरीज ऐसे होते हुए जो इसे छोड़ना तो चाहते हैं, किन्तु उचित मार्गदर्शन न होने की स्थिति में छोड़ना संभव नही हो पाता। चिकित्सकीय क्षेत्र में आप सभी का सहयोग बेहद आवश्यक है, आमजन किसी भी दिन अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क कर तम्बाकू छोड़ने एवं उससे छोड़ने हेतु उपयोग में आने वाली दवाईयां जानकारी प्राप्त कर सकते है। दृढ़संकल्प लाकर भी तम्बाकू जैसे सेवन को दूर करना संभव है। तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम निकट भविष्य में तंबाकू के सेवन होने वाले बिमारी श्वसन तंत्र के कैंसर, फेफड़े, संपूर्ण ऊपरी जठरांत्र संबंधी, यकृत (लीवर), अग्न्याशय, गुर्दा, मूत्राशय, मौखिक कैविटी, नाक कैविटी (गुहा), गर्भाशय ग्रीवा आदि से समस्याओं से जुड़ा होता हैं। धुंआ रहित तंबाकू मुख कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति में नशे की अन्य आदतों वाले पदार्थो द्वारा गतिविधियों में सहनशीलता विकसित होती हैं। तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करें, तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम करना, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन और आपूर्ति और वितरण का निषेध) अधिनियम, 2003 तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 (कोटपा)के तहत प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित कराना है। तंबाकू का सेवन छोड़ने में लोगों की मदद करें। पूरे भारत में तम्बाकू नियंत्रण कानून (कोटपा 2003) को लागू करने के लिए वर्ष 2007-08 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीपीसी) की शुरुआत की और तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे मे जनसामान्य में अधिक से अधिक जागरूकता लाया जा सके।

# जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में चलाया गया आयुष्मान कार्ड महाअभियान

**सूरजपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं भारत योजना डिजिटल मिशन के अंतर्गत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड महाअभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शिक्षक, आयुष्मान ऑपरेटर व अन्य संबंधित कर्मचारियों को कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा महा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए है। आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य है। जनपद पंचायत ओड़गी में नेटवर्क विहीन पारा व मोहल्ले को नेटवर्क क्षेत्र में लाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

# गुनरबोड़ स्कूल के विद्यार्थियों को गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी गई

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों द्वारा बच्चों को गुड टच बेड टच की पुरी जानकारी सरल शब्दों में दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से स्पर्श करने पर डरना नहीं है, बल्कि उसकी जानकारी तुरंत अपने माता पिता या जिस पर आपको भरोसा हो उसे बताएं। आपका जान पहचान का व्यक्ति भी आपके साथ गलत कर सकता है। इसीलिए हमेशा सतर्क रहें। डरना और शरमाना नहीं है। यदि कोई आपके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश करे तो जोर से आवाज लगाए दांतो से काटकर छुड़ाने का प्रयास करे और तुरंत आस पास जो भी बड़ा व्यक्ति हैं उसके पास जाकर उन्हें बताएं। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को बताया कि गुड टच बेड टच में अंतर को समझना है। यदि किसी व्यक्ति का छूना आपको अच्छा नहीं लग रहा है। इसी को ही बेड टच कहा जाता है। ऐसे में तुरंत वहां से दूर चले जाए और अपने माता पिता को इसकी जानकारी जरूर दे। आपके जान पहचान पड़ोस वाले या रिश्तेदार कोई भी आपको गलत तरीके से स्पर्श करता है। तो बिना डरे उसकी जानकारी दे। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों से कहा यदि स्कूल के आस पास कोई ऐसी घटना होती हैं तो तुरंत हमारे पास आकर जानकारी दे। अनजान व्यक्ति से दूर रहें। विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सोनिया, स्वाति, पवन साहू, देवेंद्र यादव, पंकज, धरमू बारले ने बच्चों को सम्पूर्ण जानकारी दी। अंत में प्रधान पाठक आशा कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# संगोष्ठी में युवाओं को बताया गया नशे के दुष्परिणाम



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में संगोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। संगोष्ठी में लगभग 177 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संगोष्ठी में बताया गया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे सम्पूर्ण जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार द्वारा इन पीड़ितों को नशे के चंगुल से छुड़ाने के लिए नशामुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखे पर रोक लगाने का प्रयास करती है। कुछ व्यक्ति ऐसे है जिनकी दिन की शुरुआत नशे से होती है एवं रात को नशा लेकर सोते है। ऐसे व्यक्ति नशे का आदि हो जाते हैं एवं उनका जीवन नशे में ही सिमट जाता है। बताया गया कि नशे से छुटकारा हेतु समाज कलयाण विभाग द्वारा जिले में नशामुक्ति केंद्र संचालित किया जा रहा है जिसमें रहने की व्यवस्था सहित दवा, मनोचिकित्सक की भी व्यवस्था है। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में युवा संसद कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में भारतवर्ष युवा सम्मलेन 2024 (युवा संसद एवं प्रतिरुप संयुक्त राष्ट्र) की टीम के द्वारा युवा संसद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक आयोजन के द्वारा छात्राओं को संसदीय प्रक्रिया की विभिन्न विधाओं जैसे वाद-विवाद, सामूहिक चर्चा, रिसर्च, पब्लिक स्पीकिंग आदि कलाओं के साथ-साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के पहलुओं से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ विधानसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बहुत सारे संस्थानों के युवाओं ने मिलकर पर्यावरण, सतत् विकास, नशा, अपराध आदि जैसी समाजिक समस्याओं पर चर्चा किया। कार्यशाला में अतिथि के रूप में सुनील झा एवं एस. एन. अली उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजन समिति में आयुष वर्मा, अनुराग वर्मा, प्रज्ज्वल वर्मा, अमन सोनी, राजेश यादव, ऋषभ वर्मा, हिमांशु वर्मा, विजेश जोशी, अन्नपुर्णा साहू, हिमांशु वर्मा, दानेश्वर यादव, यशवंत साहू, कबीर वर्मा आदि थे। विद्यालय की छात्राओं रेशमी वर्मा, दीपिका सेन, नेहा वर्मा, डॉली रजक, सोनम निषाद, पायल वर्मा आदि ने भी पक्ष व विपक्ष में सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यशाला में डी.आर. साहू, योगेन्द्र वर्मा, सपना तिवारी, कौशल वर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री नि :शुल्क कोचिंग सहायता योजना से श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी नि :शुल्क कोचिंग

## पंजीकृत श्रमिक परिवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु मुख्यमंत्री निःषुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुरूप पीएससी, सीजी व्यापम, रेल्वे, आईबीपीएस, पुलिस एंट्रेंस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार निःशुल्क कोचिंग हेतु न्यूनतम 04 से अधिकतम 10 माह तक की अवधि निर्धारित है। उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकृत श्रमिक परिवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन हेतु नजदीकी च्वाईस सेंटर/ लोक सेवा केंद्र/ श्रम संसाधन केंद्र/ जिला श्रम कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय को मानवाधिकार और लैंगिक न्याय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कानूनी सहायता पुरस्कार 2024 प्राप्त हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय को कानूनी सहायता और सामाजिक न्याय गतिविधियों के लिए चौथा राष्ट्रीय कानूनी पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विधि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को समाज में उनके सराहनीय और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। कलिंगा विश्वविद्यालय में कानूनी सहायता प्रकोष्ठ के संकाय संयोजक रंजन कुमार रे विधि संकाय की ओर से सम्मान स्वीकार करने के लिए आगे आए। उनके गौरवपूर्ण स्वीकृति भाषण में विश्वविद्यालय की कानूनी सहायता प्रदान करने तथा अपने विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण की झलक दिखाई दी। दिन की शुरुआत प्रोफेसर (डॉ) ऋषिकेश दवे, अधिष्ठाता, शारदा विश्वविद्यालय, नोयडा के उत्साह से स्वागत और ज्ञानवर्धक परिचय से हुई, जिन्होंने एक आकर्षक सम्मेलन के लिए मंच तैयार किया। उनके शब्दों ने सहयोग और प्रेरणा की तस्वीर पेश की, जिसमें उपस्थित लोगों से मानवाधिकारों के ज्वलंत मुद्दों और समाज में कानूनी सहायता की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार करने का आग्रह किया गया। मुख्य भाषण राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पूर्व सदस्य और भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता ज्योतिका कालरा ने दिया। कालरा ने अपनी दमदार कहानी से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कानूनी क्षेत्र में एक महिला के रूप में अपने सफर को साझा किया।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार धुव के निर्देशानुसार जिले में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहीद बापू राव महाविद्यालय सुकमा में छात्र-छात्राओं के साथ एक नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही, महाविद्यालय की बालिकाओं के साथ पिंक रिबन क्लब के गठन पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर 15 पिंक रिबन क्लब गठित किए गए, जो नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर और स्टाफ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डालने एवं बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा कोसगाई मंदिर (छुरी), भवानी माता मंदिर (दर्री) एवं मड़वारानी (बरपाली) मंदिर परिसर व आस-पास जगहों पर सखी वन स्टॉप सेंटर के केन्द्र प्रषासक पुष्पा नवरंग, केस वर्कर कविता साहू, अन्नू साहू द्वारा उपरोक्त मंदिर परिसरों में उपस्थित महिलाओं व बच्चों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना तथा सखी वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा योजना से संबंधित पाम्पलेट वितरण किया गया।

# गाड़ी फंसी तो करनी पड़ी कार्रवाई : खनिज इंस्पेक्टर-तहसीलदार ने कार्रवाई की जानकारी देने से पल्ला झाड़ा, कलेक्टर भी टाल गए

**मानपुर में नदी-नाले खोदकर निकाली जा रही रेत, अंधाधुन चल रहीं गाड़ियां और मशीनें, वनांचल में रेत तस्करों का गोरखधंधा जोरों पर, कनेली में भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी, प्रशासनिक संरक्षण मिल रहा**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर - मोहला - अंबागढ़ चौकी जिले में रेत की तस्करी का पूरा खेल प्रशासनिक संरक्षण में चल रहा है। हालात ऐसे हैं कि कार्रवाईयों पर जानकारी को लेकर भी अधिकारी एक.दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हुए खुद पल्ला झाड़ रहे हैं। विडंबना है किए वनांचल में एमएमएसी कलेक्टर भी इस तरह ही बर्ताव कर रहे हैं। नेशनल हाइवे 930 में मानपुर ब्लॉक मुख्यालय में ही अवैध रेत ढो रही गाड़ियां सड़क पर ही फंस गई। रास्ते में लंबा जाम लगने से अंतर्राज्यीय परिवहन ठप हो गया तो रेत की अवैध तस्करी का मामला उछल गया। आनन-फानन में प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर खानापूर्ति की कार्रवाई कर दी। गाड़ियों को जब्त कर थाने ला लिया गया। तहसीलदार राज आशीष ने बताया किए सड़क पर रेत ढो रही गाड़ियों के चालक से पूछताछ की गई। रेत की अवैध खेप पर कार्रवाई की गई है और मामला माईनिंग को सौंपा गया है। दूसरी ओर इस बात का अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है कि रेत आखिर लायी कहां से जा रही थी।

मानपुर ब्लॉक मुख्यालय में रेत का अवैध परिवहन करती पकड़ाई गाड़ियों पर



कार्रवाई की जानकारी देने से अधिकारियों ने पल्ला झाड़ लिया। पहले तहसीलदार ने इसे माईनिंग का प्रकरण बताया। वहीं माईनिंग इंस्पेक्टर हेलेंद्र स्वर्णपाल ने कहा कि वे कलेक्टर की परमिशन के बिना कार्रवाई की कोई जानकारी साझा नहीं कर सकते। वहीं कलेक्टर एस जयवर्धन ने मामले की जानकारी लेने की बात कह दी।

जिला प्रशासन के इस टालमटोल ने रेत के अवैध व्यापार को लेकर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले पिछले महीने मानपुर के ही ग्राम कनेली से रेत के अवैध उत्खनन का मामला सामने आया था। लगातार हाइवा की आवाजाही से त्रस्त ग्राम सहपाल के ग्रामीणों ने पूरी रात रेत ढो रही गाड़ियों को रोके रखा था जिसके बाद राजस्व अमले को इस पर कार्रवाई करनी पड़ी थी। तब भी रेत उत्खनन करने वाले तस्करों को बख्शा गया और बगैर किसी जांच मामले को रफा.दफा कर दिया गया। न ही अवैध उत्खनन किए जाने पर कोई जांच हुई और न ही प्रशासन अवैध उत्खनन करने वालों तक पहुंच पाया।

### अवैध उत्खनन में भाजपा नेता शामिल, प्रशासनिक संरक्षण

वनांचल में बड़े स्तर पर मिलीभगत कर तस्कर रेत की अवैध खेप पार की जा रही है। यह खेप पड़ोसी जिलों तक भेजी जा रही है। एक.दो महीनों से ये कारोबार बदस्तूर चल रहा है। बालोद और राजनांदगांव जिले के अलावा मानपुर ब्लॉक के कुछ भाजपा नेता इसमें शामिल हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई तब ही होती है जब तस्करी का प्रकरण सरेआम सामने आ जाता है। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। अवैध उत्खनन करने वालों को प्रशासनिक संरक्षण मिल रहा है।

### कनेली में हुए उत्खनन पर कलेक्टर ने कहा- जांच की जानकारी नहीं

सहपाल में रेत की तस्करी पर कार्रवाई के बाद इस पर आगे कोई एक्शन नहीं लिया गया है। कनेली स्थित नदी से निकाली गई रेत को लेकर राजस्व और माईनिंग ने किसी तरह की जांच नहीं की। इस बारे में कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा किए सहपाल में वाहनों को पकड़ा गया था इसके बाद आगे क्या हुआ इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। आश्चर्य की बात है कि ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद राजस्व अमले से खुद तहसीलदार और माईनिंग का अमला पहुंचा था। लेकिन वे रास्ते से ही गाड़ियों को लेकर वापस लौट आए और कनेली में हुए उत्खनन पर किसी ने कुछ नहीं किया। जिला प्रशासन का रुख भी इस मामले में दोषियों को रियायत देने वाला रहा है।

### सिंगल लेन से गुजर रहे वाहन, बीच में बड़ा गड्ढा

नेशनल हाइवे 930 पर काम जारी है। इस बीच भारी मालवाहकों के लगातार गुजरने के चलते बीच सड़क में बड़ा गड्ढा हो गया है। फंसी गाड़ियों को निकाले जाने के बाद भी सिंगल लेन पर गाड़ियां चल रही है। इसके चलते भी अंतर्राज्यीय मार्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बड़े गड्ढे के चलते यात्री बसों सहित वाहनों को दुर्घटना का खतरा है। गुरुवार को बीच सड़क पर फंसी हुई गाड़ियों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जवान काफी देर तक इस काम में जुटे रहे। दोपहर करीब 2 बजे बमुश्किल फंसे हुए ट्रैकों को निकाला जा सका तब जाकर हाइवे में लगा जाम हटा। गड्ढे के किनारे से वाहन बमुश्किल खतरा मोल लेकर आवाजाही कर रहे हैं।

### कोहका क्षेत्र से निकल रही रेत

मानपुर इलाके में सक्रिय रेत तस्कर कनेली के बाद अब कोहका इलाके से बड़ी मात्रा में रेत निकाल रहे हैं। सहपाल के ग्रामीणों के बाद मामले का भंडाफोड़ होने के बाद तस्करों ने अब कोहका की ओर रुख किया है। रास्ते भी बदल दिए गए हैं। लेकिन एक बार फिर गाड़ी के फंसने के चलते इसका खुलासा हो गया है। गाड़ियां कई दिनों से अवैध उत्खनन के ठिकाने से लोड होकर लगातार निकल रही हैं। गुरुवार को जब नेशनल हाइवे में ही हाइवा अटकी तो उसके साथ करीब 10 गाड़ियां थी। प्रशासन ने कार्रवाई सिर्फ तीन पर की है। जबकि कुछ गाड़ियों को खाली करवाकर रेत पार कर दी गई।

### कलेक्टर ने तब कार्रवाई की बात कही, लेकिन ऐसा हुआ नहीं

16 जुलाई 2024 को कलेक्टर एस जयवर्धन ने अधिकारियों की बैठक ली थी। बैठक में राजस्व विभागए खनिज विभाग के अधिकारियों से कहा था कि खनिज विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई करनी है। अवैध खनिज का परिवहन व भंडारण करने वाले व्यक्तियों एवं सम्बंधित ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव पर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के संबंध में चर्चा भी उन्होंने की थी। राजस्व व खनिज विभाग को समन्वय स्थापित करनेए अवैध रेत परिवहनए उत्खनन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने कहा गया था।

## संशोधनों के प्रस्ताव को पंजीयक से मिली स्वीकृति

### छग राजपूत क्षत्रिय महासभा की नियमावली में होगा संशोधन

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

छग राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह के नियमावली मे किए गए महत्वपूर्ण संशोधनो के प्रस्ताव को पंजीयक फर्म एवं संस्था ने स्वीकृति दे दी है। महासभा का पंजीयन 1969 को किया गया था तब से काफी उतार चढ़ाव के साथ कदम से कदम मिलाकर समय परिस्थिति अनुसार महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी एवं निर्णायक समिति ने महासभा के नियमावली मे महत्वपूर्ण संशोधन का प्रस्ताव पारित कर पंजीयक् को प्रेषित किया था। जिसे पंजीयक् द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसमें प्रमुख रूप से महासभा के सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ कार्यक्षेत्र मेए 37 उपसमिति को मान्यता दी गयी है केंद्रीय निर्णायक समिति के बैठक मे उपसमिति के सचिव एवं अध्यक्ष को शामिल करनेए युवा मण्डल एवं महिला मण्डल के पदाधिकारियों को महासभा की पदों मे शामिल करनेए केंद्रीय पदाधिकारी के निर्वाचनो मे सयि सदस्यों को मताधिकार का अधिकार देने अनुमोदन किया है। राजपूत क्षत्रिय महासभा के सविधान संशोधन का राजपूत क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने स्वागत किया है। महासभा के नियमावली मे संशोधन एव समाज की गतिविधियों को वैधता प्रदान करने मे वर्तमान एव पूर्व पदाधिकारियों केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैसए वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर महासचिव विष्णु सिंह बघेलए नीरज क्षत्रिय पूर्व पदाधिकारी होरी सिंह डोडए अशोक सिंह एसत्येंद्र सिंह अजय सिंह एव समस्त उपसमिति के अध्यक्ष सचिव केन्दीय निर्णायकए कार्यकारिणी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कस्टम मिलिंग चावल जमा में विलंब करने पर 3 मिलर्स पर की गई कार्रवाई

### 6800 क्विंटल धान एवं 2750 क्विंटल चावल जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग अंतर्गत चावल जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। जिले में अब तक एफसीआई में 99842 मिट्रिक टन चावल तथा नागरिक आपूर्ति निगम में कुल 16067 मिट्रिक टन अरवा चावल जमा किया जाना शेष है। जिले में अब तक लगभग 76 प्रतिशत कस्टम मिलिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा के कार्य में प्रगति लाने तथा शेष 24 प्रतिशत चावल जमा कराने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारी को सभी राईस मिल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि जिले के राईस मिलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में तीन राईस मिलों की जांच एवं भौतिक सत्यापन में धान व चावल की कमी पाई गई। कार्रवाई में माँ परमेश्वरी राईस मिल चारभाठा डोंगरगढ़ से 800 क्विंटल धान एवं 1000 क्विंटल चावल, श्री श्याम इंडस्ट्रीज महराजपुर छुरिया से 500 क्विंटल धान एवं 1450 क्विंटल चावल तथा मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट डोंगरगढ़ से 4000 क्विंटल धान एवं 1800 क्विंटल चावल कुल 6800 क्विंटल धान एवं 2750 क्विंटल चावल जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया और संबंधित राईस मिलर्स को नोटिस जारी कर प्रकरण न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## डाटा एंट्री कार्य में कमी पर नाराजगी

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप में डाटा एंट्री का कार्य को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा हैए इससे कलेक्टर ने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता पर नियमानुसार डाटा एंट्री कार्य को प्राथमिकता देने निर्देशित करने कहा है। डाटा एंट्री कार्य में प्राथमिकता नहीं दिए जाने की स्थिति में संबंधित कार्यकर्ता पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में महिला बाल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्भवती माताए किशोरी बालिका एवं बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करें। आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों का आधार कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में महिला बाल विभाग के अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा सहित ब्लाक स्तरीय परियोजना अधिकारीए पर्यवेक्षकए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल मैदान में पटाखा दुकान लगाने का विरोध



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के खिलाडियों ने गुरुवार को म्युनिसिपल हाईस्कूल मैदान में दीवाली पर्व के लिए पटाखा दुकान लगाने की प्रशासन से अनुमति नहीं देने का आग्रह किया है। खिलाडियों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा है। खिलाड़ियों का कहना है कि खेल मैदान में पटाखा दुकान संचालित होने से अलग.अलग खेलों के खिलाडियों को अभ्यास करने से लेकर अन्य खेल संबंधी समस्याएं होती है। 7 नवंबर से 14 नवंबर तक उक्त मैदान में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित हैए परन्तु म्युनिसिपल स्कूल और स्टेट हाईस्कूल मैदान में लगातार विभिन्न प्रकार के आयोजन हो रहे हैं। आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाडियों को अभ्यास के लिए मैदान की आवश्यकता है। ऐसे में पटाखा दुकान खोले जाने से खिलाडियों की तैयारी पर विपरीत असर पड़ेगा। प्रदेश हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के नेतृत्व में दुकानों के संचालन को तत्काल निरस्त करने तथा उक्त दुकानों को अन्यत्र स्थापित करने की खिलाडियों ने मांग की है। इस दौरान मदन यादवए कादिर अंसारीए रॉबिन समेत अन्य खेलों के खिलाड़ी व पदाधिकारी शामिल थे।

## तीन राज्यों की सरहद पर मौजूद कैंप पहुंचे आईजीए जवानों से मिले

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के डीजीपी सुधीर सक्सेना के राजनांदगांव रेंज की सीमा पर स्थित मोरकुड्डो कैम्प में दौरे के अगले दिन आईजी दीपक झा ने भी क्षेत्र का दौरा किया। छत्तीसगढ़.महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित कटेमा से सटे मोरकुड्डों में तीनों राज्यों का एक संयुक्त सुरक्षा कैम्प स्थित है। राजनांदगांव आईजी झा ने खैरागढ़ एसपी त्रिलोक बंसल के साथ बुधवार को पूरे इलाके का सघन दौरा किया। मोरकुड्डो कैम्प में पहुंचकर आईजी झा ने तीनों राज्यों के जवानों से प्रत्यक्ष मुलाकात की। नक्सलियों के खिलाफ अभियान को लेकर जरूरी सुझाव दिए। इससे पहले आईजी ने बेहद जर्जर मार्ग गाड़ाघाट से लछनाटोला की स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि आईजी और एसपी के दौरे को काफी गोपनीय रखा गया था। नक्सली इलाका होने के कारण इस रास्ते का मुआयना करने के बाद दोनों अफसर मोरकुड्डो कैम्प पहुंचे। आईजी ने कैम्प में जवानों के साथ लंबा समय व्यतीत किया। नक्सलियों को जवाब देने के लिए आईजी ने कई तरह के विषयों पर अपनी बात रखी। आईजी झा ने महुआढ़ार बेस कैम्प का भी मुआयना किया। नक्सलियों के मूव्हमेंट से जुड़ी कई जानकारियां साझा की। जवानों को आईजी ने रात में कैम्प से बाहर नहीं निकलने की नसीहत दी। बताया जा रहा है कि आईजी के रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही दुर्गम रास्तों को दुरूस्त किया जाएगा। कड़ी सुरक्षा के साथ जल्द ही पूरे क्षेत्र में सडकों का निर्माण होगा। खैरागढ़ एसपी ने भी कई विषयों पर जवानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। सूत्रों का कहना है कि कटेमा से मोरकुड्डो कैम्प तक एक सडक् निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वहीं गाढ़ाघाट.महुआढ़ार तक सडक् निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में खराब सडक् से परेशान ग्रामीणों को निर्माण के बाद सहूलियत मिलेगी।

## हड़ताल पर जाएंगे सहकारी समिति के अधिकारी-कर्मचारी

### तीन सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग

**राजनांदगांव।** सहकारी सोसाइटियों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी तीन सूत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी में हैं। मांगे पूरी नहीं होने पर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

छत्तीसगढ़ समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास ने बताया कि वे अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर समय.समय पर शासन से मांग करते आ रहे हैंए लेकिन उनकी मांगों को लेकर शासन की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई गई। अब धान खरीदी को लेकर छग सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद सहकारी समितियों के अधिकारी.कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इसे देखते हुए ही अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पहले जिला मुख्यालय में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। काली पट्टी बांधकर रैली निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मांगे पूरी नहीं होने पर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छग प्रदेश के सोसाइटियों को 3.3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान प्रति वर्ष दिया जाए। ताकि समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन दिया जा सके। धान उपार्जन नीति में धान में सूखत का प्रावधान किया जाए। सोसाइटी कर्मचारी सेवा नियम 2018 संसोधित के लिए लंबित है। संघ के मांग अनुसार कुछ कंडिकाओं में संसोधन किया जाए।

## अधिकारी-कर्मचारी का तीन माह का वेतनए पार्षदों को 9 माह से नहीं मिला मानदेय

**राजनांदगावं।** महापौर ने नगर निगम की वर्तमान आर्थिक स्थिति व दीपावली त्यौहार पर कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं लंबित देयक के भुगतान के लिए 9 करोड़ 40 लाख रुपए आबंटित करने नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री अरूण साव को पत्र प्रेषित किया है। वेतन के लिए अगस्त माह में भी उनके द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया था।

महापौर ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली नहीं हो पा रही हैए जिसके कारण निगम की आर्थिक स्थिति सृदृढ़ नहीं है। राशि के आभाव में निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 3 माह का वेतन भुगातन लंबित हैए जिस कारण से कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है। इसके अलावा इस माह के अंत में हिन्दुओं का सबसे बड़ा पर्व दीपावली त्यौहार भी हैए जिससे खर्चों में वृद्धि होती है। इसी प्रकार पार्षदों का मानदेय 9 माह से अप्राप्त है। महापौर ने वेतन के संबंध में अगस्त माह में भी मंत्री अरूण साव को पत्र प्रेषित किया था। निगम की वर्तमान स्थिति व दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर महापौर ने माह जुलाई से सितम्बर 2024 तक नियमित अधिकारी कर्मचारी के लिए 5 करोड़ 18 लाख 12 हजार रुपए तथा प्लेसमेंट कर्मचारी के लिए 3 करोड़ 39 लाख 8 हजार रुपए एवं पार्षदों का मानदेय 82 लाख 80 हजार रुपए कुल 9 करोड़ 40 लाख रुपए अंतर की राशि अनटाईटड फेड से आबंटित करने पुनरू अनुरोध पत्र प्रेषित किया है।

### पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश में परिवर्तन

#### 01 नवंबर के स्थान पर 12 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश में परिवर्तन किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार उन्होंने पूर्व में घोषित दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर 1 नवम्बर शुक्रवार को परिवर्तित कर देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) 12 नवम्बर दिन मंगलवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

**शहनाज अख्तर के जगराता में झूमे श्रोता, भगवा रंग फेम शहनाज अख्तर का जगराता**

## तकदीर मुझे ले चल महाकाल की बस्ती में

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में भगवा रंग फेम शहनाज अख्तर का भव्य जगराता आयोजित हुआ। कालेज मैदान में आयोजित जगराता का लगभग रात्रि 10 बजे दरबार पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। देर रात्रि तक श्रोता शहनाज अख्तर की प्रचलित भजनों में झूमते रहे। इस दौरान शहनाज ने प्रस्तुति के मध्य में श्रोताओं से जुड़ते हुए सनातन को लेकर बेबाकी से टिप्पणी की। नगर के युवातुर्कों द्वारा आयोजित शहनाज अख्तर की जगराता को लेकर नगर सहित अंचल में सप्ताहभर पूर्व से ही माहौल बना हुआ था। विशेषकर युवाओं में शहनाज के भजनों की दीवानगी सर चढ़ कर बोल रही थी। शरद पूर्णिमा की रात्रि में आयोजित लाईव कंसर्ट में शहनाज ने युवाओं को जमकर झूमने पर मजबूर कर दिया। तकदीर मुझे ले चल महाकाल की बस्ती में। दुल्हनिया रे। झूम झूम के। भगवा रंग सहित मातारानी की यशगान, महाकाल दरबार से उकरित तथा छत्तीसगढ़ी जसगीत सहित अपने एलबमों के प्रचलित भजनों पर श्रोतागण बेकाबू हो उठे थे। जगराता में लगभग 7 हजार लोगों ने जगराता का आनंद लिया। दरम्यान आयोजन समिति द्वारा चाक चौबन्ध व्यवस्था की गई थी। पुलिस व प्रशासन भी मोर्चेबंद थे।

### धर्म नही कर्म से पहचान : शहनाज

सनातनी गायिका बतौर पहचान स्थापित कर चुकी शहनाज अख्तर ने मंच में प्रस्तुति दरम्यान कहा कि उनका नाम भले ही शहनाज अख्तर है, लेकिन वे अपने मुलधर्म को 15 वर्ष पूर्व ही त्याग चुकी हैं। वे अब सनातनी होकर हिंदुत्व के प्रचार में लीन है। शहनाज की माने तो वे जगराता 25 वर्षो से कर रही हैंए बनिस्बत हिन्दू धर्म ने ही उन्हें पहचान दी है।

### जल शक्ति मिशन के अंतर्गत ग्राम धौराभाटा को मिला हर घर जल प्रमाण पत्र

**दुर्ग।** जिले के विकासखंड पाटन के ग्राम पंचायत धौराभाटा में जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दिया गया प्रमाण पत्र इस बात का प्रमाण है कि गांव में हर घर नल से शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को मिल रहा है। जल जीवन मिशन द्वारा ग्रामीणों को उनके दैनिक जीवन में चल रहे पानी से हो रही परेशानी में अब उन्हें राहत मिल रही है। महिलाओं को दूर से जाकर पानी लाने की समस्या से मुक्ति मिली है। जल जीवन मिशन से मिल रहा पानी न केवल साफहै बल्कि सुरक्षित भी है। यह जल जनित बीमारियां जैसे पीलिया, डायरिया व अन्य खतरनाक बीमारियों से बचाता है। हर घर जल प्रमाणीकरण के दौरान ग्रामीणों में उत्साह एवं उमंग का माहौल नजर आया। इस दौरान ग्राम के सरपंच बिंदेश्वरी मेश्राम सचिव देव कुमार वर्मा को विभाग में जल जीवन मिशन योजना सौंप कर आने वाले समय में योजना का संचालन पंचायत द्वारा किया जाएगा यह समझाया गया।

# देश देखा की पहाड़ियों में युवाओं के लिए जशपुर जंबूरी रोमांचक उत्सव, कला-संस्कृति, पर्यटन स्थल का दर्शन

## जंबूरी उत्सव 17 से 20 अक्टूबर तक आयोजित अन्य राज्यों के युवा होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर का देशदेखा पहाड़ी चार दिवसीय युवा उत्सव जशपुर जंबूरी का साक्षी बन रहा है, जो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सतत् प्रयासों से आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जशपुर की संस्कृति, पर्यटन और युवा शक्ति को एक मंच पर लाना है, जिसमें देशभर के युवा विभिन्न सांस्कृतिक और साहसिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा देशदेखा में युवाओं के लिए जशपुर जंबूरी का आयोजन 17 से 20 अक्टूबर तक किया जा रहा है।



**इन कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति-** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के दिशा-निर्देश में जशपुर जंबूरी का आयोजन उत्सव के रूप में किया जा रहा है। उत्सव में पहला दिन 17 अक्टूबर को समारोह उद्घाटन, पारंपरिक नृत्य, चित्रकारी तकनीक सांस्कृतिक संगीत प्रदर्शन, शाम की लाइट परेड का आयोजन होगा। इसी तरह दूसरा दिन 18 अक्टूबर को योग और कल्याण सत्र, इंटरएक्टिव आर्ट इंस्टालेशन, स्थानीय थिएटर प्ले, खाद्य और शिल्प मेला, गाला डिनर, तीसरा दिन 19 अक्टूबर को बच्चों का गतिविधि मेला, फोटोग्राफी प्रदर्शनी, मिट्टी के बर्तनों की कार्यशाला, सांस्कृतिक संगीत प्रदर्शन, शाम नृत्य पार्टी एवं चौथा दिन 20 अक्टूबर को फैमिली फन डे, सामुदायिक कला और समारोह का समापन किया जाएगा।

**जशपुर की सुंदरता से होंगे रूबरू-**यह आयोजन न केवल जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि युवाओं के बीच आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने का भी एक अनूठा प्रयास है। युवाओं को एडवेंचर स्पोर्ट्स, जैसे क्लाइम्बिंग और नैचरल वॉक जैसी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिल रहा है। रायगढ़ के रोशन सिंह ने कहा जशपुर की खूबसूरती देख कर बहुत अच्छा लगा और साहसिक खेलों में भाग लेने का मौका मिलना एक बेहतरीन अनुभव रहा। रांची की दीपिका रानी ने भी जशपुर के प्राकृतिक सौंदर्य की प्रशंसा करते हुए कहा यहां की खूबसूरती अभिभूत करने वाली है।

**क्षेत्र को देखकर हुए अभिभूत-** कार्यक्रम में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भी उपस्थिति रही, जिनमें आकाश गुप्ता, सिद्धांत दुबे और मयंक कर्रा जैसे नाम प्रमुख हैं। इसके साथ ही स्थानीय संगठन जशप्योर, ट्रीपी हिल्स और प्लेस ऑफ पॉसिबिलिटी ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जशपुर जंबूरी के इस आयोजन ने साबित कर दिया है कि यह क्षेत्र न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाएगा, बल्कि युवाओं के रोमांच और एकता का प्रतीक भी बनेगा।

# भाजपा ने 10 माह के कार्यकाल में रचा कर्ज लेने का इतिहास: यूडी मिंज

## डबल इंजन वालों को कर्ज लेने की आवश्यकता क्यों पड़ रही

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व कुनकुरी के पूर्व विधायक यू. डी. मिंज ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज को प्रदेश के लिए बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार इसी तरह कर्ज लेता रहा तो प्रदेश का हर व्यक्ति कर्ज तले दब जाएगा। उन्होंने कहा कि महज 10 माह के कार्यकाल में भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने छत्तीसगढ़ पर 25 हजार करोड़ का कर्ज चढ़ा दिया है। यह कर्ज सरकार ने अपने 7 माह के कार्यकाल अवधि तक ही ले लिया था। वहीं, आगामी खरीफ सीजन में धान खरीदी के लिए 37 हजार करोड़ रु. कर्ज लेने का प्रस्ताव बनाया गया था, जिसमें से 25 हजार करोड़ रु. की कर्ज पर प्रस्ताव भी पारित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में भाजपा के छोटे से बड़े नेता यह कहते नहीं थकते थे कि धान खरीदी तो केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है। फिर कर्ज किस बात के लिए लिया जा रहा। अब उन्हें बताना चाहिए कि केंद्र व राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार है,



फिर उन्हें कर्ज लेने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। श्री मिंज ने कहा कि केंद्र से सहयोग नहीं मिलने के बाद भी पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा किसानों की कर्ज माफी, राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 10 हजार रु. अंतर की राशि चार किस्तों में किसानों के खाते में प्रदान किया जाता रहा, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान की गई। इसके अलावा प्रदेश के हर वर्ग को लाभ पहुंचाया गया। किसानों, श्रमिकों, भूमिहीन मजदूरों, युवाओं सभी को सशक्त बनाने का काम किया। लेकिन, कभी इतना अधिक कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ी। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल के 5 साल में उतना कर्ज नहीं लिया गया, जो वर्तमान में भाजपा के विष्णुदेव सरकार ने महज 10 माह के कार्यकाल में लिया है। 1 साल के भीतर ही भाजपा की सरकार ने 50 हजार करोड़ से भी अधिक कर्ज लेने का इतिहास रच डाला। वर्तमान सरकार द्वारा इसी प्रकार कर्ज लिया जाता रहा तो आगामी 5 साल में प्रदेश पर 3 लाख करोड़ रु. कर्ज बढ़ जाएगा। जिससे छत्तीसगढ़ सिर से पैर तक कर्ज में डूब जाएगा। पूर्व विधायक मिंज ने कहा कि एक ओर साय सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है, दूसरी ओर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान आम जनता को राहत देने शुरू की गयी योजनाओं को भी बंद कर दिया गया। बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, जमीन रजिस्ट्री में 30 परसेंट की छूट खत्म कर दी गई, 18 लाख पीएम आवास नहीं दे पा रहे, सरकारी कर्मचारियों को वेतन, भत्ता नहीं दे पा रहे, संविदा कर्मियों को 8-9 माह से वेतन नहीं मिल पाया है, रसोइयो, मध्यान्ह भोजन बनाने वाली समूह की महिलाओं का मानदेय नहीं दिया जा रहा, अस्पतालों में स्टाफकी भर्ती नहीं की जा रही, दवाइयों की सप्लाई नहीं की जा रही, 30 हजार शिक्षकों की भर्ती की बात पूर्व मंत्री व वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा कही गई थी, जो ठंडे बस्ते में चला गया है, नौकरी के अवसर नहीं दिया जा रहा, सरकार बनने के बाद से फूटी कौड़ी का विकास कार्य नहीं कराया गया। लेकिन, कर्ज लेने में कोई कमी नहीं की जा रही।

# धाराशिव में जुआ खेलने वाले 04 आरोपी चढे नवागढ़ पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

धाराशिव में जुआ खेलने वाले 04 आरोपी चढे नवागढ़ पुलिस के हत्थे। आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी 6020/रू एवं 52 पत्ती तास जप्त। विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर- चाम्पा के निर्देशन जिले में जुआ, सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस को मुखबीर सुचना मिला की ग्राम धाराशिव में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहें है कि सूचना प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर राजेंद्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर आरोपी (01)



राजेंद्र कुमार पिता बाबूलाल निवासी धाराशिव, 2) धनीराम पिता इतवारी निवासी धाराशिव 3) प्रेमकुमार बंजारे पिता राजेंद्र निवासी धाराशिव 4) दिलीप रात्रे पिता जमुना प्रसाद निवासी धाराशिव थाना नवागढ़ को जुआ खेलते पकड़ा जिसके कब्जे से जुमला 6020/रूपये, 52 पत्ती तास बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 405/2024 धारा 3 (2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी. भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, ASI हीरालाल एक्का, आरक्षक टुकेश्वर डडसेना, संजय, कुलदीप, अनिल कुर्रे, जनक कश्यप एवं थाना नवागढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# महिलाओं के अधिकारों और हितों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएगी महिला आयोग-प्रियंवदा सिंह जूदेव

## जूदेव सहित आयोग की पांच नवनियुक्त सदस्यों ने कार्यभार सम्हाला

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप सिंह जुदेव की बड़ी बहु प्रियंवदा सिंह जूदेव सहित राज्य महिला आयोग की पांच नवनियुक्त सदस्यों ने गुरुवार को आयोग में कार्यभार ग्रहण कर लिया।

कार्यभार ग्रहण करने के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रियंवदा सिंह जूदेव के साथ महासमुन्द की सरला कौशरिया, बलौदा की लक्ष्मी वर्मा, सुकमा की दीपक सोरी और दंतेवाड़ा से ओजस्वी मंडावी ने भी कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रियंवदा सिंह जूदेव ने कहा कि महिलाओ की सुरक्षा, आर्थिक रूप से आत्म निर्भरता और उनके अधिकारों की रक्षा करना राज्य महिला आयोग का लक्ष्य है। उन्होंने राज्य महिला आयोग का दायित्व सौपने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि उन पर विश्वास करते हुए जो भी दायित्व सौंपा है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर डीडीसी उमा सिंह, सुनीता रोशन, मुन्नी गुप्ता, कमला निराला, रंजना तिड्डू, आकाश गुप्ता, राजेश सिन्हा, अमित साय, अभिषेक गुप्ता, विक्रांत कश्यप, सूरज सिंह, प्रकाश गुप्ता, विजय गुप्ता मौजूद रहे।




# मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम का एजाजी प्रोग्राम



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

फोरम का एजाजी प्रोग्राम गत दिनों शहीद स्मारक भवन रायपुर में सम्पन्न हुआ। प्रोग्राम में चीफ गेस्ट जनाब मो. अबु समा साहब, आई.आर.एस. कमिश्नर, जी.एस.टी. एवं सेंट्रल एक्साइज, भारत सरकार, रायपुर, मोटिवेशनल स्पीकर जनाब प्रो. वाजिद अली साहब, औरंगाबाद, सदारत जनाब मौलाना रिजवान साहब, लुतरा शरीफने किया। करीब 400 छात्र-छात्राओं का सम्मान कर आगे भी अच्छी शिक्षा हासिल करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में फाउंडर मेम्बर/ फोरम के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों का खास योगदान रहा।

# छात्र-छात्राओं को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके ऐतिहासिक योगदान की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म समारोह समिति, मुंगेली द्वारा एसएनजी महाविद्यालय, मुंगेली में विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके ऐतिहासिक योगदान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समारोह समिति के संयोजक, समाजसेवी आकाश परिहार ने कहा, अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को शिक्षा पद्धति में वह स्थान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थीं। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति ने योजनाबद्ध तरीके से हमारे महापुरुषों और वीरांगनाओं के योगदान को कमतर करके प्रस्तुत किया। अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत के गौरवशाली इतिहास को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया जाएगा। एसएनजी महाविद्यालय, मुंगेली में आयोजित कार्यक्रम में भी मुख्य वक्ता के रूप में गणेश साहू ने अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, अहिल्याबाई ने अपने राज्य में वेलफेयर स्टेट की



अवधारणा को सिद्ध किया, जो उनके प्रशासन और न्याय की उच्चतम मिसाल है। उनके द्वारा स्थापित समाज कल्याण की नीतियाँ आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक अमरजीत देवांगन, एसएनजी महाविद्यालय के प्राचार्य दवे, और महाविद्यालय के प्राध्यापकगण जैसे प्रमोद देवांगन, ब्रजेश उपाध्याय, अशोक गुप्ता और मुकेश मिश्रा उपस्थित थे। प्राचार्य दवे ने अपने उद्बोधन में कहा, ष्अहिल्याबाई होल्कर को श्लोकमाताश् इसलिए कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने न केवल अपने राज्य में सामाजिक कल्याण की दिशा में अद्वितीय कार्य किए, बल्कि उन्होंने धर्म और न्याय के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# भारत स्काउट गाइड जिला परिषद की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट गाइड जिला परिषद मुंगेली की महत्वपूर्ण बैठक आज सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष जेठमल कोटडिया की अध्यक्षता में, जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, राम शरण यादव, संजय त्रिपाठी, और जिला कोषाध्यक्ष संतोष यादव की उपस्थिति में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में स्काउट्स एवं गाइड्स का सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा, जिसमें आजीवन सदस्यता (5 वर्ष) के लिए 1100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही, जिला प्रशिक्षण केंद्र धर्मपुरा का निरीक्षण किया गया और लोकार्पण की तिथि भी तय की गई। आगामी तृतीय सोपान एवं जिला रैली के आयोजन पर भी सहमति बनी। साथ ही, यह निर्णय लिया गया कि भारत स्काउट गाइड्स के बैनर तले जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया



जाएगा, जो संकुल स्तर से शुरू होकर ब्लॉक और फिर जिला स्तर तक पहुँचेंगी। बैठक में जिला सचिव स्काउट गाइड आकाश परिहार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोरजध्वज सप्रे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर, जिला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री रोहिणी ठाकुर, विकासखंड सचिव पथरिया श्री पीतांबर दास मानिकपुरी, विकासखंड सचिव लोरमी युगल राजपूत, और विकासखंड सचिव मुंगेली मोनू बेलदार उपस्थित थे।

प्रमुख रूप से स्काउट गाइड के लिए ये निर्णय लिए गए ,जिले के प्रत्येक स्कूल में स्काउट गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि छात्रों और शिक्षकों में देशभक्ति, अनुशासन, और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हो। छात्रों को राज्यपाल और राष्ट्रपति परीक्षा में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्काउट गाइड्स के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। उक्त जानकारी जिला सचिव आकाश परिहार द्वारा दी गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, हम छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक सरोकार स्काउट गाइड्स के माध्यम से लाकर समाज में सकारात्मक बदलाव कर सकते हैं।

जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ने कहा, स्काउट्स एवं गाइड्स शिक्षा विभाग का एक उत्कृष्ट संगठन है, जिसके माध्यम से समाज सेवा और देश सेवा की भावना जागृत की जा सकती है। हम हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

# ब्राउन शुगर तस्करी के मुख्य सरगना को उत्तर प्रदेश राज्य से गिरफ्तार करने में मुंगेली पुलिस को बड़ी सफलता मिली

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

ब्राउन शुगर तस्करी के मुख्य सरगना को उत्तर प्रदेश राज्य से गिरफ्तार करने में मुंगेली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 13 अक्टूबर को मुंगेली पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही सामने आई थी,, जिसमे 5 आरोपियों जेल दाखिल किया गया था. वही 1 अन्य आरोपी भी मुंगेली पुलिस के गिरफ्त मे पहुंच गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नशे के अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देश के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर संजीव शुक्ला(भापुसे) के दिशा-निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के पर्यवेक्षण में 13 अक्टूबर को जिले के साइबर सेल की टीम एवं थाना जरहागांव को मुखबीर के जरिये सूचना प्राप्त हुई थी कि सफेद रंग के




अर्टिगा वाहन में कुछ व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुये मुंगेली की तरफ आने वाले हैं। सूचना प्राप्त होने पर घेराबंदी कर 05 आरोपियों से 46 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर को जो उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस से लाये थे बरामद कर अपचारी बालक सहित 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपने गैंग से मुख्य सरगना प्रमोद शर्मा उर्फ पप्पू महराज पिता ओंकार नाथ शर्मा उम्र 64 साल निवासी लोधीपुर, थाना जमानिया, जिला गाजीपुर उत्तरप्रदेश को बताये। इस महत्वपूर्ण जानकारी पर तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निरीक्षक संजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक टीम मुख्य आरोपी की तलाश में बनारस उत्तर प्रदेश रवाना किया गया। टीम द्वारा आरोपियों द्वारा बताये गये पते पर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें गैंग का मुख्य सरगना प्रमोद शर्मा को पूछताछ के लिये घेराबंदी कर पकड़ा गया। मुख्य सरगना को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिये मुंगेली लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा गैंग ऑपरेट करना कबूल किया तथा बताया कि पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से अवैध ब्राउन शुगर का तस्करी मेरे नेतृत्व में कराया जाता रहा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिले जैसे बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा में भी ब्राउन शुगर की तस्करी करना भी आरोपी द्वारा अपराध कबूल करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता ।

## सरगुजा संभाग की टीम में जशपुर की 13 बच्चियां लहरा रही अपना परचम

# राष्ट्रीय क्रिकेट टीम महिला अंडर-17 में जशपुर की 03 खिलाड़ियों का हुआ चयन, बढ़ाया मान

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

क्रिकेट को भारत में खेल नहीं बल्कि जुनून के रूप में जाना जाता इस जुनून का रंग अब जशपुर की बेटियों में भी नजर आ रहा है। जहां जशपुर की बेटियां ना सिर्फ राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जिले का परचम लहराने के लिए तैयारी कर रहीं हैं। इसमें विशेष यह है कि जशपुर जिले में संचालित प्री मैट्रिक बालिका छात्रावास इचकेला की 03 बालिकाओं का चयन अम्बिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 महिला अंडर-17 में अच्छे प्रदर्शन के द्वारा रजत पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के अंडर-17 दल में हो गया है। चयनित खिलाड़ियों में एंजल लकड़ा, झुमुर तिर्की और वर्षा बाई शामिल है। जो आगामी महिला अंडर-17 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 में सम्मिलित होगें। इसके संबंध में छात्रावास की अधीक्षिका पंडरी बाई



ने बताया कि उनकी बेटी आकांक्षा रानी जब छोटी थी तब उन्होंने उसकी रुचि क्रिकेट में देखी और उसे अच्छे स्तर पर कोचिंग दिलाई और उसने राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल की फिर जब उन्होंने अपने छात्रावास की बच्चियों की ओर देखा तो सभी में अपनी बेटी के समान ही छुपी प्रतिभा को पाया और ठान लिया की वो उन बच्चियों के लिए भी एक बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि उसके बाद उन्होंने छात्रावास में ही अभ्यास पिच का निर्माण करवाया, फिर बच्चों के लिए बेहतर क्रिकेट सामग्रियां भी ली और अपनी बेटी एवं उसके कोच के माध्यम से बच्चियों की ट्रेनिग चालू की। जल्द ही इसका परिणाम सामने आने लगा एक एक कर छात्रावास की सभी बच्चियों की प्रतिभा बाहर आने लगी। आज सरगुजा संभाग की क्रिकेट टीम में 13 बच्चियां जशपुर की हैं और 11 तो इचकेला छात्रावास की ही हैं। इसके अलावा तीन बच्चियों का चयन राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के अंडर-17 दल में हुआ है और एक बालिका का चयन बीसीसीआई की अंडर 19 दल में भी हुआ है। हमें शासन प्रशासन का समय समय पर योगदान एवं भी मिलता रहा जिसके लिए हम आभारी हैं।

**बीसीसीआई अंडर 19 दल में वर्षा का हुआ चयन-**10वीं कक्षा की वर्षा बाई ने बताया कि छात्रावास में अधीक्षिका के द्वारा हमें निरन्तर प्रशिक्षण एवं सहायता उपलब्ध करायी जा रहा है जिससे हमें प्रोत्साहन मिलता है जब मेरे राष्ट्रीय टीम में चयन की बात मेरे परिजनों को पता चली तो उनकी खुशी का ठीकाना नहीं था उन्होंने पूरे गाँव में मिठाइयां बाटीं। सभी ने कहा कि ऐसे ही खेलो ताकि पूरे देश और विश्व में जिले का नाम रौशन करो। मेरा चयन राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के अंडर-17 दल के साथ बीसीसीआई के अंडर -19 दल में भी हुआ है।

**स्मृति मंदाना की तरह बनना चाहती हैं एंजेल-**कक्षा 8वीं में पढ़ने वाली एंजेल लकड़ा ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उनका चयन राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के अंडर-17 दल में हुआ है। मुझे मेरे शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलता है। मेरा सपना है कि मैं भी अपनी पसंदीदा बल्लेबाज स्मृति मंदाना की तरह बल्लेबाज बनूं और देश का नाम रौशन करूँ।

**झुमुर का सपना हो रहा पूरा-**8वीं कक्षा में अध्ययनरत झुमुर लकड़ा ने बताया कि उनका सपना था कि कभी वह राष्ट्रीय दल में खेलें जब उनका चयन राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के अंडर-17 दल में हुआ तब उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। मेरे पिता का साया सिर से उठने के बाद मेरी माँ ने मुझे बहुत मेहनत से पाला। मेरी माँ का भी सपना था कि मैं उनका और अपने परिवार का नाम रौशन करूँ छात्रावास में अधीक्षिका के द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया कि मैं अब राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर पा रहीं हूँ।

# हजरत सै. शेर अली आगा (बंजारी वाले बाबा) के उर्स में शामिल होने मुख्यमंत्री साय को मिला न्योता



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

हजरत सैय्यद शेर अली आगा रहमतुल्लाह अलैह का हर साल की तरह इस साल 43 वाँ उर्स पाक 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक मनाया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शामिल होने के लिए न्योता दिया गया है। मिर्जा एजाज बेग, सदस्य भाजपा प्रदेश कार्य समिति छ.ग., दरगाह ट्रस्ट व सज्जादा नशीन नईम अशरफी रिजवी, राहिल रउफी, इशराक रिजवी, मो. कासम, शेख अफसर आदि ने मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर मुख्यमंत्री साय को पुष्प गुच्छ के साथ उर्स में शामिल होने का न्योता दिया।

# कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में देरी, 31 राईस मिलर्स की बैंक गारंटी होगी राजसात, राईस मिल को ब्लैक लिस्टेड करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग के लिए धान उठाव और चांवल जमा करने के संबंध में गहन समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव और नान तथा एफसीआई में चावल जमा करने के संबंध में गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अब तक जिले में धान के उठाव के अनुपात में लक्ष्य के अनुरूप नान और एफसीआई में जमा किए चावल की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने लक्ष्य के अनुरूप कम चावल जमा करने पर कड़ी नराजगी जाहिर की और 31 राईस मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा चावल जमा नहीं करने पर बैंक गारंटी राजसात करने के साथ राईस मिल को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने जिले में नागरिक आपूर्ति निगम में शेष चावल को 1 सप्ताह के भीतर जमा करने के लिए समस्त राईस मिलर्स को निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि 31 राईस मिलर्स द्वारा 52 हजार 148 मी. टन चावल जमा करने का लक्ष्य है। इनके द्वारा 36 हजार 97 मी. टन चावल जमा किया गया है। 16 हजार 50 मी. टन चावल जमा करना शेष है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि जिले में धान का उठाव हो चुका है, लेकिन चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि समय सीमा के भीतर सभी राइस मिलर्स से चावल जमा कराएं और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि तय समय सीमा में चावल जमा नहीं होता है, नियामानुसार सख्ती बरती जाएगी और जिले की खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में चावल जमा करने की प्रक्रिया में देरी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे आम जनता को असुविधा होगी। इसीलिए, समय पर चावल जमा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने, भौतिक सत्यापन और प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि जिले के राईस मिलर्स द्वारा 3 लाख 32 हजार 114 मी. टन धान का उठाव किया गया है। इसके अनुरूप राईस मिलर्स को 2 लाख 24 हजार 830 मी. टन चावल जमा करना था लेकिन अब तक राईस मिलर्स द्वारा 01 लाख 57 हजार 987 मी. टन चावल जमा किया गया है। कलेक्टर वर्मा ने शेष 66 हजार 847 मी. टन चावल जमा करने के सख्त निर्देश दिए है। जिला खाद्य अधिकारी मरकाम ने बताया कि एफसीइआई में लक्ष्य के अनुरूप 01 लाख 17 हजार 13 मी. टन चावल जमा करना था, जिसमें 69 हजार 213 मी. टन चावल जमा किया गया है। 47 हजार 800 मी. टन चावल जमा करना शेष है।

इसी प्रकार नान में लक्ष्य के अनुरूप 01 लाख 07 हजार 817 मी. टन चावल जमा करना था, जिसमें 88 हजार 770 मी. टन चावल जमा किया गया है। 19 हजार 47 मी. टन चावल जमा करना शेष है।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मतदान केंद्र के 85 बूथों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर दक्षिण विधानसभा उप-निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदान केंद्रों के 85 बूथों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र में मतदाताओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग गेट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए और मतदाताओं के बैठने के लिए यथासंभव वेटिंग हॉल और मतदान केंद्रों में आवश्यकतानुसार बेंच लगाया जाएं। मतदान केंद्र में कुर्सी एवं टेबल लगाया जाए। साथ ही मतदान केंद्र में पेयजल, बिजली, शौचालय, मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था बेहतर की जाएं। एसएसपी संतोष सिंह ने भी मतदान दलों का निरीक्षण करते हुए कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाएं। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, एडीएम देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राकेश देवांगन समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कटोरातालाब के संत कवर राम उच्चतर माध्यमिक शाला, प्रियदर्शनी नगर के संत ज्ञानेश्वर अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मठपुरैना के शासकीय प्राथमिक शाला, भाठागांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, चंगोराभाठा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, संतोषी नगर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, संतोषी नगर के राम मनोहर लोहिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, संजय नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

# जी.एस.टी. कार्यशाला से पॉवर कंपनी की दक्षता में सुधार : डॉ. रोहित यादव



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में 2 दिवसीय जी.एस.टी. कार्यशाला की शुरूआत अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मुख्य आतिथ्य में की गई। इस अवसर पर डॉ. यादव ने कहा कि पॉवर कंपनियों की दक्षता और कार्य निष्पादन में सुधार के लिए यह कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कंपनी अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव, उत्पादन कंपनी के एम.डी. एस.के. कटियार, पारेषण कंपनी के एम.डी. राजेश कुमार शुक्ला, वितरण कंपनी के एम.डी. भीमसिंह कंवर, सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एण्ड पॉवर (सी.बी.आई.पी.) के डायरेक्टर संजीव सिंह तथा उनके साथ आई फैकल्टी का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में डॉ. रोहित यादव ने कहा कि उन्हें इस बात की बेहद प्रसन्नता है कि अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात वे जिस पहले कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं वह ट्रेनिंग व स्किलिंग से संबंधित है। ज्यादातर भर्ती के समय एक बार ट्रेनिंग होती है उसके बाद लोग अपने-अपने कामों में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि ट्रेनिंग की बातें पीछे छूट जाती हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक स्टेट पॉवर कंपनियों की बात है तो हमारे छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में बहुत अच्छी है। यहां काम काफी प्रोफेशनल तरीके से किया जाता है। जिसके लिए यहां के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। हमारी कंपनियों को बहुत तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उत्पादन में ही ले तो निजी क्षेत्र या स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों से लेकर प्रोद्यौगिकी को लेकर भी चुनौतियां हैं। ग्रीन एनर्जी, सोलर एनर्जी को लेकर बड़े लक्ष्य हैं। अपनी क्षमताओं को प्रतिस्पर्धा में बनाएं रखने के लिए लगातार सुधार की जरूरत है। इसमें हमें सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एण्ड पॉवर का साथ मिलना बहुत महत्वपूर्ण है। मै चाहूंगा कि आप जी.एस.टी. को लेकर हमारे यहां जो सुधार संभव हो उसके लिए मार्गदर्शन करें। हमारे अधिकारी और कर्मचारी प्रशिक्षण के दौरान सिर्फ 2 दिन ही नहीं बल्कि आगे भी आपसे जुड़े रहें। इस अवसर पर सी.बी.आई.पी. के डायरेक्टर संजीव सिंह ने जी.एस.टी. पर वर्कशॉप के लिए पॉवर कंपनी की पहल की सराहना की।

# चौक चौराहों पर लगे आईटीएमएस सिग्नल का रायपुर स्मार्ट सिटी ट्रैफिक पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी, यातायात पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ कार्य एजेंसी एल.एंड.टी. की टीम एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली के तहत् विभिन्न चौक चौराहों पर स्थापित सिग्नल व उनकी टाइमिंग आदि का निरीक्षण करने निकली। ये ट्रैफिक सिग्नल और कैमरे शहरी यातायात को व्यवस्थित करने के साथ ही अपराध नियंत्रण हेतु सर्वेलांस में उपयोगी हैं। संयुक्त दल में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्वल पोरवाल, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह, नगर निगम के कार्यपालन अधिकारी नितीश झा, आईटीएमएस प्रोजेक्ट की असिस्टेंट मैनेजर नेहा पटेल, डिप्टी मैनेजर रंजीत रंजन, असिस्टेंट मैनेजर शैलेन्द्र पटेल कार्य एजेंसी एल.एंड.टी. के मैनेजर दीपक मालवीय शामिल थे। यह दल अब आईटीएमएस कैमरों, सिग्नल व अन्य इकाइयों का हर सप्ताह निरीक्षण करेगा। संयुक्त दल ने ट्रैफिक दबाव वाले क्षेत्रों में सिग्नल टाइमिंग की जांच की और स्वचालित सिग्नल की गतिविधियों को भी देखा। इस दल द्वारा आज शहर के भारी यातायात दबाव वाले 18 चौक-चौराहों निरीक्षण किया। आईटीएमएस प्रणाली के तहत् शहर में वर्तमान में 470 कैमरे कार्यरत है। चौराहों पर लगे सिग्नल से शहरी यातायात का प्रबंधन ट्रैफिक पुलिस द्वारा इंटीग्रेटेड सिटी कमांड सेंटर (आईसीसीसी) जय स्तंभ चौक से किया जाता है, उन्हीं के निर्देश पर ट्रैफिक सिग्नल्स के ऑपरेशनल मोड में बदलाव किया जाता है। वर्तमान में ट्रैफिक पुलिस विभाग के निर्देशानुसार 50 आईटीएमएस सिग्नल्स में 10 सिग्नल्स ब्लिंकर्स मोड पर कार्यरत हैं।

# हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में लगेगा 100 अस्थायी फटाखा दुकानों का बाजार, लॉटरी से दुकानें आबंटित की गई



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर रायपुर में इस वर्ष हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में 100 अस्थायी फटाखा दुकानों का बाजार दीपावली पर्व को देखते हुए प्रतिवर्षानुसार जनसुविधा हेतु लगाया जायेगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार निगम जोन 5 कार्यालय में जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, जोन सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू की उपस्थिति में 100 लाईसेंसी फटाखा दुकानदारों को अस्थायी फटाखा दुकान लगाने लॉटरी पद्धति से लेआउट अनुसार दुकानों का आबंटन कर दिया गया। 10 बाई 10 आकार की अस्थायी फटाखा दुकान हेतु मूल्य 10255 रू. निर्धारित था। 100 अस्थायी फटाखा दुकानों का आबंटन होने से नगर निगम जोन 5 राजस्व विभाग को इससे 10 लाख 25 हजार रू. की आय हुई। नगर निगम रायपुर द्वारा हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में अस्थायी फटाखा बाजार में साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, स्ट्रीट लाईट प्रबंध, अग्निशमन व्यवस्था, आवश्यक प्रबंध करवाये जायेंगे।

# रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप-निर्वाचन: निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए 9 उड़नदस्तों और 12 एसएसटी का गठन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा के लिए उप-निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए संपूर्ण जिले में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। साथ ही नौ उड़नदस्ता दल (एफएसटी), 12 स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) और दो वीडियो अवलोकन दलों (वीवीटी) का गठन किया गया है। इनके साथ ही निर्वाचन व्यय पर कड़ी निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में चार स्थैतिक नाकों की भी स्थापना की गई है। टिकरापारा थाना के अंतर्गत देवपुरी में, पुरानी बस्ती थाना के अंतर्गत भाठागांव में, आजाद चौक थाना के अंतर्गत अग्रसेन चौक में और कोतवाली थाना के अंतर्गत सुभाष स्टेडियम में ये स्थैतिक नाके स्थापित किए गए हैं।

# राजधानी में 20 लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र में वेंकट हॉस्पिटल के सामने गुरुवार को एक युवक से 20 लाख रुपए लूट लिए गए। अज्ञात बदमाशों ने युवक का रास्ता रोककर उसे लूट का शिकार बनाया। पीड़ित ने तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक किसी काम से 20 लाख रुपए लेकर जा रहा था, तभी वेंकट हॉस्पिटल के सामने अज्ञात बदमाशों ने उसे रोककर पैसे लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अब आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, ताकि बदमाशों की पहचान हो सके। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## महामाया, दुल्की एवं कलवर माइंस से निकलने वाले लाल पानी से ग्रामीणों के खेत हो रहे बंजर

# लाल पानी से प्रभावित 158 परिवार बीते 25 दिनों से रोजगार की मांग को लेकर बैठे हुए है धरने पर





## प्रशासन को नही है सुध लेने की फुर्सत

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक डौंडी और अंतिम छोर में स्थित महामाया में 3 गाव कुमुरकट्टा, कोपेडेरा और इमलीपारा के ग्रामीण पिछले 25 दिनों से धरने में बैठे है। माइंस पहाड़ी से बहकर आने वाले लाल पानी और माइंस से उड़ने वाले धूल से प्रभावित ये परिवार है। लगभग 158 प्रभावित परिवार है। 25 दिनों से धरने पर बैठे ये लोग महामाया, दुल्की एवं कलवर माइंस में परिवार के एक सदस्य को काम देने की मांग कर रहे है। वही माइंस में चलने वाली गाड़ियों के धूल से ग्रामीण बीमार हो रहे है। क्षेत्र में कोई विकास नही हो रहा है। धूल से पूरा गांव परेशान है, ऐसे में उनके परिवार वालो को माइंस में रोजगार दिया जाए, यही उनकी मांग हैं। इसके लिए ये भिलाई इस्पात संयंत्र को कई बार पत्र भी लिखे है, मगर अब तक कोई ध्यान नही दिया गया न ही जिला प्रशासन इनकी 25 दिनों से सुध लेने पहुची।

### फाइन्सयुक्त मिट्टी से खेत पटा

बता दे कि बीएसपी के लिए इन तीनों माइंस महामाया, दुल्की एवं कलवर माइंस से आयरन ओर का परिवहन लगातार किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह धूलयुक्त हो चुका है। ग्रामीणों की माने तो इन तीनो माइंस से निकलने वाले लाल फाइंसयुक्त पानी के कारण क्षेत्र के खेत, फसल उत्पादन पर बुरा असर हो रहा है। उनके खेत बंजर हो रहे है। जहा अब ये सभी लाल पानी से प्रभावित 158 ग्रामीण परिवार माइंस में एक सदस्य के लिए रोजगार मांग रहे है। इनका कहना है कि जीविका का साधन खेती है। लेकिन लाल फाइन्स पानी के कारण खेत में धान की पैदावारी कम हो रही है। फाइन्स युक्त मिट्टी से खेत पट गया है। जिससे फसल अब ठीक से नहीं हो पा रही है। वही माइंस की वजह से धूल से पूरा गांव परेशान है। ग्रामीण इस दिशा में कई बार आवाज बुलंद कर चुके है, लेकिन बीएसपी प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। बहरहाल अब ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर पिछले 25 दिनों से धरने पर बैठे हुए है।

### बीएसपी नही दे रही कोई सुविधा : ग्रामीण

ग्राम इमलीपारा निवासी हेमन्त कुमार व नंद कुमार, ग्राम कोपेडेरा निवासी वैस कुमार साहू एवं रीमा टेकाम व देवकुंवर ने बताया कि 2 पंचायत के किसान जो कि लाल पानी से प्रभावित है, बीते 25 दिनों से धरने पर बैठे है। महामाया, दुल्की एवं कलवर माइंस से जो पानी आता है, वो लाल होता है, आयरन युक्त पानी खेत मे आता है। जमने की वजह धान की पैदावार नही होती। ग्रामीणों का आरोप है कि जो सुविधा बीएसपी प्रबंधन से मिलनी चाहिए वो सुविधा उन्हें नही मिल रही है। इनकी यही मांग है कि तीनों माइंस में लाल पानी से प्रभावित लोगों को काम मे रखा जाए।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403